


हरिभूमि
# बजट भूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी



छत्तीसगढ़ 2026-2027 **बजट**

**बजट में प्रमुख क्षेत्रों को क्या मिला**

| खेती/ किसानी | गांव/गरीब | शिक्षा | हेल्थ |
|---|---|---|---|
| 13 हजार 507 करोड़ रुपए | 16560 करोड़ | 22360 करोड़ रुपए | 8050 करोड़ रुपए |






## नई घोषणाएं

- मुख्यमंत्री आदर्श शहर समृद्धि योजना
- द्रुतगामी सड़क संपर्क योजना
- स्वामी विवेकानंद उत्कृष्ट शाला योजना
- सीजी एससीईई योजना : प्रतियोगी परीक्षाओं में आर्थिक सहायता के लिए 33 करोड़, जिसके तीन घटक उड़ान, शिखर और मंजिल
- सीजी वायु योजना
- रानी दुर्गावती योजना : बालिका के 18 वर्ष पूरे होने पर 1.50 लाख की सहायता, बजट 16 करोड़.
- लखपति दीदी भ्रमण योजना
- आस्था पथ - शक्ति पीठ भ्रमण
- छत्तीसगढ़ युवा दर्शन योजना :

## प्रमुख घोषणाएं


- औद्योगिक विकास के लिए 100 करोड़ रुपए का प्रावधान




- नगर निगमों में अवसंरचना विकास के लिए 750 करोड़ का प्रावधान
- बस्तर एवं सरगुजा ओलंपिक्स के लिए 22 करोड़ रुपये का प्रावधान
- 1,500 बस्तर फाइटर्स के पदों का सृजन
- बस्तर नेट परियोजना हेतु 5 करोड़ रुपए स्वीकृत
- बस्तर एवं सरगुजा विकास प्राधिकरण के लिए 75-75 करोड़ रुपए
- बस्तर और सरगुजा में पशुपालन गतिविधियों के लिए 15 करोड़ रुपए
- अबूझमाड़ और जगरगुंडा में एजुकेशन सिटी निर्माण के लिए 100 करोड़



- मैनपाट के पर्यटन विकास के लिए 5 करोड़ रुपए का प्रावधान
- बस्तर एवं सरगुजा में अतिरिक्त पोषण सहायता के लिए 15 करोड़ रुपए
- मिशन वात्सल्य योजना के लिए 80 करोड़ का प्रावधान
- कुनकुरी, मनेंद्रगढ़ एवं, दंतेवाड़ा में मेडिकल कॉलेज के संचालन के लिए 50 करोड़ रुपये का प्रावधान
- मुख्यमंत्री बस सेवा योजना के लिए 10 करोड़ रुपये का प्रावधान
- महिलाओं के नाम पर भूमि, भवन, अचल संपत्ति क्रय पर भारित पंजीयन शुल्क पर मिलेगी 50 प्रतिशत की छूट




### सदन में पेश हुआ साय सरकार का तीसरा बजट

**पहले ज्ञान फिर गति और अब...**

# सरकार का 'संकल्प' सब का कायाकल्प

*विधानसभा में मंगलवार को वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने साय सरकार का तीसरा बजट 'संकल्प' पेश किया। पिछले दो वर्षों 'ज्ञान' और 'गति' पर ध्यान केंद्रित किया था, इस बार बजट 'संकल्प' मॉडल पर आधारित है। वित्तमंत्री ने कहा, इसके जरिए शिक्षा, अधोसंरचना, और निवेश के साथ-साथ यह बजट छत्तीसगढ़ के हर नागरिक की समृद्धि का संकल्प है। 1 लाख 72 हजार करोड़ के इस बजट में प्रदेश की बेटियों, युवाओं और किसानों के लिए ऐतिहासिक घोषणाएं की गई हैं।*

## 1.72 लाख करोड़ का बजट, शिक्षा, अधोसंरचना और निवेश पर फोकस



हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर

श्री चौधरी ने वर्ष 2026-27 का बजट पेश करते हुए कहा, विकसित छत्तीसगढ़ 2047 सरकार का दीर्घकालिक लक्ष्य है, जिसकी प्राप्ति के लिए 2030 के मध्यकालिक लक्ष्य को भी निर्धारित किया है। सरकार एक स्पष्ट रोड-मैप के साथ इस ओर आगे बढ़ रही हैं। राज्य की विकास यात्रा का केन्द्र बिंदु ज्ञान रहा है। उत्थान के लिए गति की रणनीति पिछले बजट में अपनायी गई थी तथा ज्ञान के कल्याण के लिए इस बार सरकार के बजट का थीम संकल्प है, जो कि जनता-जनार्दन के प्रति हमारी प्रतिबद्धता, निष्ठा, समर्पण और दृढ़संकल्प को रेखांकित करता है। उन्होंने कहा, कोई भी लक्ष्य पूरा होता है 'संकल्प' से क्षमता कम या ज्यादा हो लेकिन यदि दृढ़ इरादा हो, संकल्प मजबूत हो, तो कोई भी लक्ष्य संकल्प के सामने नतमस्तक हो जाता है।

**1 लाख 72 हजार करोड़ रुपए का बजट:** छत्तीसगढ़ सरकार ने वर्ष 2026-27 के लिए एक संतुलित और विकासमुखी बजट पेश किया है। कुल बजट आकार 1,72,000 करोड़ तय किया गया है। राजस्व व्यय बढ़कर 1,45,000 करोड़, जबकि पूंजीगत व्यय 26,500 ▶▶। शेष पेज 5 पर

### पांच मिशन पर फोकस




**प्रदेश की बेटियों, युवाओं और किसानों के लिए कई ऐतिहासिक घोषणाएं**



### विधानसभा की सीढ़ियों पर वित्त मंत्री ने टेका माथा

*विधानसभा में छत्तीसगढ़ बजट 2026-27 प्रस्तुत करने से पूर्व बजट पर हस्ताक्षर किये। वित्त मंत्री ने बजट प्रस्तुत करने से पूर्व नवीन विधानसभा की पवित्र सीढ़ियों को श्रद्धापूर्वक प्रणाम किया। विधानसभा की सीढ़ियों पर वित्त मंत्री ने माथा टेका। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से विधानसभा परिसर स्थित उनके कक्ष में वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट प्रस्तुत करने से पूर्व मुलाकात की। वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने टेबलेट के माध्यम से दोपहर 12.30 मिनट पर अपना तीसरा बजट पढ़ना शुरू किया जो 2.15 मिनट तक चला।*

### मजदूर, महिला किसान, युवा पर केंद्रित बजट

जी राम जी योजना के लिए 4000 करोड़ का प्रावधान। युवाओं के लिए कुल 1,097 करोड़ का प्रावधान। तेंदूपत्ता संग्राहकों के लिए चरण पादुका योजना के लिए 60 करोड़ का प्रावधान। गन्ना किसानों को बोनस के लिए 60 करोड़ का बजट प्रावधान। छत्तीसगढ़ युवा दर्शन योजना के लिए 5 करोड़ का प्रावधान। महिलाओं के नाम पर भूमि, भवन, अचल संपत्ति क्रय पर भारित पंजीयन शुल्क पर मिलेगी 50 प्रतिशत की छूट। 6500 करोड़ के प्रावधान से हर जरूरतमंद तक खाद्य सुरक्षा पहुंचेगी।

### अधोसंरचना और विकास पर खर्च

आयुष्मान योजना के लिए 1500 करोड़ रुपये और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के लिए 2000 करोड़ रुपये का प्रावधान है। रायपुर में अन्य पिछड़ा वर्ग की छात्राओं के लिए 200 सीट का छात्रावास बनेगा, साथ ही बस्तर को शिक्षा का केंद्र बनाने पर जोर है। मुख्यमंत्री आदर्श शहर समृद्धि योजना के लिए 200 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। बस्तर-सरगुजा विकास के लिए बड़े प्रावधान हैं, जिसमें मटनार और देवरगांव ▶▶। शेष पेज 5 पर

#### विकसित छत्तीसगढ़ की आधारशिला का बजट

## मुख्यमंत्री साय ने थपथपाई ओपी की पीठ, कहा- हम मिशन मोड पर कर रहे काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर

छत्तीसगढ़ विधानसभा में पेश किए गए बजट पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा, हम मिशन मोड पर काम करते हैं। सरकार ने पांच मिशन शुरू किया है। इसमें मुख्यमंत्री अधोसंरचना मिशन, मुख्यमंत्री एआई मिशन, मुख्यमंत्री पर्यटन विकास मिशन, मुख्यमंत्री स्टार्टअप मिशन एवं मुख्यमंत्री खेल उत्कर्ष मिशन शामिल हैं। इनके माध्यम से प्रदेश के विकास को नई रफ्तार दी जाएगी।

बजट पर प्रेस कांफ्रेंस लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, आज हमारी सरकार का तीसरा बजट प्रस्तुत हुआ है। ज्ञान और गति के बाद संकल्प थीम पर वित्तीय वर्ष 2026 का बजट पेश किया गया, जिसमें 1 लाख 72 हजार करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। सीएम साय ने कहा, हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत एवं विकसित छत्तीसगढ़ की संकल्पना की जरूरतों के अनुरूप बजट को तैयार किया गया है। ▶▶। शेष पेज 5 पर

### आमलोगों के जीवन स्तर में लाएंगे परिवर्तन

मुख्यमंत्री ने कहा, वित्त वर्ष 2026-27 के बजट को प्रदेश के समग्र विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताते हुए प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा, बजट विकसित और समृद्ध छत्तीसगढ़ के निर्माण के लिए सरकार के विज़न को नई मजबूती प्रदान करेगा। राज्य सरकार का यह बजट समावेशी विकास, ▶▶। शेष पेज 5 पर

### 'सुशासन से समृद्धि' मॉडल होगी मजबूत

मुख्यमंत्री ने कहा, उन्हें पूरा विश्वास है कि वित्त वर्ष 2026-27 का यह बजट प्रदेश के "सुशासन से समृद्धि" मॉडल को मजबूत आधार प्रदान करेगा और विकास की गति को और तेज करेगा। यह बजट ▶▶। शेष पेज 5 पर

**'संकल्प' के थीम को ऐसे समझें**

- S ← समावेशी विकास
- A ← अधोसंरचना
- N ← निवेश
- K ← कुशल मानव संसाधन
- A ← अंत्योदय
- L ← लाइवलीहुड
- P ← पॉलिसी से परिणाम तक

- 5 नए साइबर थानों का होगा निर्माण
- 15 नए पुलिस थाने बनेंगे
- तेलीबांधा रायपुर थाना का होगा नवीनीकरण
- सीन ऑफ क्राइम यूनिट की स्थापना के लिए 3 करोड़
- ईको टूरिज्म के लिए फिक्की से एमओयू, 500 करोड़
- रायपुर देवभवन स्वामी विवेकानंद निवास को राष्ट्रीय स्मारक घोषित करने 5 करोड़



- ईवी वाहनों की सब्सिडी हेतु 100 करोड़ का बजट
- पत्रकारों को घुमाने के लिए बजट का प्रावधान
- अप्रवासी छत्तीसगढ़ियों का एनआईआर सम्मेलन हर साल होगा
- नवा रायपुर में राष्ट्रीय तीरंदाजी अकादमी की स्थापना
- कर्मचारियों के लिए कैशलेस उपचार योजना, 100 करोड़
- मैनपाट और जशपुर के कोतेबेरा में पर्यटन स्थल के लिए प्रावधान
- रायपुर में खाद लैब का निर्माण
- मितानिन कल्याण निधि के लिए 350 करोड़
- प्रदेश में 250 महतारी सदन बनेंगे, 75 करोड़ का प्रावधान

## बजट पर नेता बोले

### अज्ञान और दुर्गति- विनाश का बजट है-भूपेश



*पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बजट पर कहा कि इसमें किसानों, महिलाओं और युवाओं के लिए कुछ भी नहीं है। दो घंटे सिर्फ शब्दों का जाल बुना गया। मैं भी पांच साल बजट पेश किया हूं। यहां एक-एक सड़क, चौक-चौराहों के नाम गिनाए जा रहे थे। धान खरीदी के नाम पर धोखा हुआ है। किसान का रकबा बढ़ा है, उत्पादन बढ़ा है, लेकिन खरीदी कम हुई है। बजट में कुछ नहीं है, सिर्फ शब्दों का खेल खेला गया है। मंत्रियों के बोलने के लिए कुछ नहीं है। मान्य परंपरा के विपरीत जा रहे हैं, परंपराओं को तोड़ रहे हैं।उन्होंने कहा कि हमारे समय की घोषणाओं को बार-बार पढ़ा जा रहा है। रेलवे ट्रैक सिर्फ यहां के खनिज को लूटने के लिए है। कोई स्टॉपेज नहीं होगा। यह सरकार का तीसरा बजट है, लेकिन मोदी की गारंटी का कोई जिक्र नहीं है। भूपेश बघेल ने कहा कि आज क्या एक लाख बीस हजार में घर बन सकता है? जिसने बनाया है, वह साहूकार के कर्ज में लद गया है।*

### संकल्प का नहीं, भ्रष्टाचार का बजट - डॉ. महंत



*विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा- पिछला बजट प्रदेश को आगे ले जाने वाला 'गति' का बजट नहीं, बल्कि प्रदेश की 'दुर्गति' करने वाला बजट रहा । उन्होंने इस बार के बजट को जन-कल्याण के संकल्प के बजाय भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने वाला दस्तावेज करार दिया। डॉ. महंत ने कहा कि बजट में प्रदेश के शिक्षित बेरोजगारों के लिए कोई ठोस प्रावधान नहीं है। प्रदेश की महतारी (डी.एड.) की महिलाएं अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर हैं, लेकिन सरकार उन्हें राहत देने के बजाय जेल में डाल रही है। बजट में महिलाओं और युवाओं को नौकरी के नाम पर सिर्फ 'झुनझुना' पकड़ाया गया है। नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाया कि सरकार बस्तर और सरगुजा के प्राकृतिक संसाधनों को अपने उद्योगपति मित्रों के हवाले करने की योजना बना रही है। देखा जाए तो बजट में ऐसा कुछ नहीं है, जिसे देखकर इसे सर्वहारा वर्ग का कहा जाए।*

**सड़क, पानी, शिक्षा, पुल-पुलियों के लिए रखा पैसा**

# छत्तीसगढ़ का बजट 2026-27

*छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली राज्य की भाजपा सरकार का तीसरा बजट वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने पेश किया। 1.72 लाख करोड़ के इस बजट में योजनाओं, कार्यक्रमों के माध्यम से इस तरह आवंटन किया गया है कि राज्य के सभी जिलों को कुछ न कुछ सौगात देने की कोशिश की है। दरअसल सरकार ने इस बजट को संकल्प बजट का नाम दिया है। इस संकल्प के मुताबिक बजट आवंटित किया गया है। इस बजट में हम यहां समीक्षा करने की कोशिश करेंगे कि किस जिले को क्या मिला। सरकार ने बजट बनाते समय जिलों के लिए आवंटन संभाग के आधार पर किया है। यानी एक संभाग में शामिल जिलों को जरूरत, मांग के आधार पर बजट प्रावधान किए गए हैं।*

# किसी को न रहे मलाल रखा सभी जिलों का ख्याल

## बस्तर संभाग में बस्तर दंतेवाड़ा, बीजापुर, सुकमा नारायणपुर, कांकेर जिले



**दंतेवाड़ा:** जिले में एक नया मेडिकल कॉलेज और एजुकेशन सिटी की स्थापना की जाएगी। मुचनार से बारसूर सड़क निर्माण के लिए 9 करोड़ रुपये का प्रावधान है।



**नारायणपुर:** जाटलूर से इतामपारा-भैरमगढ़ सड़क के लिए 28 करोड़ और कुतुल से ओरछा सड़क के लिए 20 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। अबूझमाड़ में एक एजुकेशन सिटी स्थापित की जाएगी।

**बीजापुर:** इतुलवाड़ा से तुमनार और चेरपाल से गुटुमपाली सड़क कार्यों के लिए 20-20 करोड़ रुपये का प्रावधान है। मट्टीमारका डायवर्सन योजना के लिए 110 करोड़ रुपये दिए गए हैं।

**कांकेर:** ज्ञानी ढाबा चौक से दुधावा-बिरगुड़ी सड़क के लिए 11 करोड़ रुपये आवंटित हैं। मेढकी बैराज निर्माण के लिए 400 करोड़ रुपये का बड़ा प्रावधान किया गया है।0कोंडागांव में नए जीएनएम प्रशिक्षण केंद्र के भवन निर्माण और कांकेर में नर्सिंग कॉलेज के लिए बजट प्रावधान है।



**सुकमा:** कुन्ना से मिचवार पुल निर्माण के लिए 7 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं।

**जगदलपुर (बस्तर):** यहाँ खेल अकादमी की शुरुआत की जाएगी। महादेवघाट बैराज निर्माण के लिए 100 करोड़ रुपये का प्रावधान है। बस्तर ओलंपिक' की निरंतरता बनाए रखने हेतु 5 करोड़ रुपये का बजट दिया गया है। इस वर्ष बस्तर में खेल अकादमी की शुरुआत करने का निर्णय लिया गया है। बस्तरनेट' परियोजना के लिए 5 करोड़ रुपये और 500 नए मोबाइल टावरों की स्थापना से संचार नेटवर्क को मजबूती मिलेगी। इंद्रावती नदी पर मटनार और देऊरगांव में 2,024 करोड़ रुपये की लागत से बैराज और 68 किमी नहर निर्माण की स्वीकृति दी गई है, जिससे 32,000 हेक्टेयर में सिंचाई होगी।: कांकेर में मेढकी बैराज (400 करोड़), बीजापुर में मट्टीमारका डायवर्सन (110 करोड़) और बस्तर में महादेवघाट बैराज (100 करोड़) का प्रावधान है। बस्तर में कृषि, एग्रो-प्रोसेसिंग, राइस मिल और पोल्ट्री जैसे क्षेत्रों में निवेश करने वालों को अनुदान देने हेतु 100 करोड़ रुपये का प्रावधान है।






## बिलासपुर, मुंगेली जिले को ये मिलेगा

**बिलासपुर:** राजीव गांधी चौक से सीपत चौक तक फ्लाईओवर (15 करोड़) और स्टेट कैंसर संस्थान के लिए सेटअप का प्रावधान है। बिलासपुर के मेलनाडीह से मस्तूरीनगर तक सड़क निर्माण हेतु 30 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। उसलापुर-गीता पैलेस से अमेरी अंडरब्रिज के लिए 4 करोड़ रुपये का प्रावधान है। चकरभाठा बस्ती से धमनी पहुंच मार्ग के लिए 2 करोड़ रुपये आवंटित हैं। तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए बिलासपुर में छत्तीसगढ़ इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (सीजीआईटी) की स्थापना की जाएगी। प्रदेश के पांच प्रमुख शक्तिपीठों में से एक रतनपुर (बिलासपुर) को 'शक्तिपीठ सर्किट' के रूप में विकसित करने के लिए बजटीय प्रावधान किया गया है। आस्था पथ योजना के तहत 'छत्तीसगढ़ आस्था पथ योजना' के तहत श्रद्धालुओं को रतनपुर( बिलासपुर) सहित पांचों शक्तिपीठों के दर्शन कराए जाएंगे, जिसके लिए कुल 5 करोड़ रुपये का प्रावधान है। स्मार्ट सिटी विकास के तहत बिलासपुर को एक आधुनिक और फ्यूचर-रेडी शहर बनाने के लिए अधोसंरचना मिशन के तहत निवेश किया जाएगा।

**मुंगेली:** फास्टरपुर-झलियापुर सड़क (10 करोड़) और बिटकुली से भटकगाँव मार्ग (4 करोड़) के लिए राशि आवंटित है।

## महिला एवं बाल विकास

- **₹8,200 करोड़** महतारी वंदन योजना
- **₹2,320 करोड़** सक्षम आंगनबाड़ी एवं पोषण
- **₹120 करोड़** प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना
- **₹80 करोड़** मिशन वात्सल्य



- **₹75 करोड़** 250 महतारी सदन का निर्माण
- **₹42 करोड़** शहरी क्षेत्रों में 250 तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 500 आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण
- **₹15 करोड़** रानी दुर्गावती योजना
- **₹5 करोड़** लखपति दीदी भ्रमण योजना

## सरगुजा संभाग में सरगुजा जशपुर, बलरामपुर सूरजपुर, कोरिया, मनेंद्रगढ़ जिले शामिल हैं

**जशपुर:** कुनकुरी में मेडिकल कॉलेज की स्थापना की जाएगी। कोतेबिरा में धार्मिक पर्यटन और पंमशाला एनीकट में लिफ्ट इरीगेशन (60 करोड़) के कार्य होंगे। आगडीह नीमगांव और पण्ड्रापाठ से भड़िया सड़क के लिए क्रमश: 8 और 12 करोड़ रुपये दिए गए हैं।

**बलरामपुर-रामानुजगंज:** जिले के लिए रिंग रोड निर्माण हेतु 10 करोड़ और लुचकी घाट से रामानुजगंज मार्ग के लिए 7 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं।

**सूरजपुर (भैयाथान):** तेलगांव से बुंदिया चौक सड़क के लिए 7 करोड़ रुपये का प्रावधान है।0 मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर: मनेंद्रगढ़ में नया मेडिकल कॉलेज और चिरमिरी में 200 बिस्तर वाला जिला अस्पताल (सेटअप) स्थापित होगा। कोरिया से चिरमिरी सड़क के लिए 10 करोड़ रुपये दिए गए हैं।

**सरगुजा (अंबिकापुर):** सरगंवा में बैराज निर्माण के लिए 20 करोड़ रुपये और जिला चिकित्सालय में 220 बिस्तर वाले भवन का निर्माण किया जाएगा। मैनपाट के विकास के लिए 5 करोड़ रुपये का प्रावधान है।

**कोरिया (बैकुण्ठपुर):** गेज डैम के उन्नयन के लिए 10 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। बस्तर ओलंपिक की सफलता से प्रेरित होकर, अब सरगुजा ओलंपिक का भी आयोजन किया जाएगा। इसके लिए 5 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। मनेंद्रगढ़ और कुनकुरी (जशपुर) में नए मेडिकल कॉलेज प्रारंभ किए जाएंगे। इनके संचालन के लिए 50 करोड़ रुपये की संयुक्त राशि (दंतेवाड़ा सहित) आवंटित है। मनेंद्रगढ़ में नए नर्सिंग कॉलेज की स्थापना के लिए बजट में प्रावधान है। मनेंद्रगढ़ में अन्य पिछड़ा वर्ग की छात्राओं के लिए 100 सीटर पोस्ट मैट्रिक छात्रावास का निर्माण किया जाएगा।

**कॉलेज भवन:** संभाग के पोड़ीबचरा (कोरिया) और बागबहार (जशपुर) सहित प्रदेश के 25 कॉलेजों के लिए 25 करोड़ रुपये का भवन निर्माण बजट है।

## रायपुर में संभाग

**रायपुर संभाग में रायपुर, धमतरी महासमुंद, गरियाबंद) शामिल हैं...**

**रायपुर:** कालीबाड़ी में 200 बिस्तर का मातृ-शिशु अस्पताल और प्रदेश का पहला होम्योपैथी कॉलेज खुलेगा। रायपुर में एक मेगा परीक्षा केंद्र (25 करोड़) और नवा रायपुर में बुनियादी ढांचे के लिए करोड़ों के प्रावधान हैं। नवा रायपुर स्थित ट्रिपल आईटी में अधोसंरचना विकास के लिए 20 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। राजधानी रायपुर में प्रदेश का पहला होम्योपैथी कॉलेज स्थापित करने का निर्णय लिया गया है। रायपुर के मेकाहारा अस्पताल में एडवांस कार्डियक इंस्टीट्यूट हेतु उपकरणों, बिस्तरों के विस्तार और एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) के उपयोग से उपचार के लिए 10 करोड़ रुपये का प्रावधान है। नवा रायपुर स्थित सत्य साईं संजीवनी अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाओं और अधोसंरचना विस्तार के लिए 25 करोड़ रुपये दिए गए हैं। नवा रायपुर में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए ऑप्टिकल फाइबर केबल हेतु 10 करोड़ रुपये और विद्युत अधोसंरचना के लिए 35 करोड़ रुपये का प्रावधान है। स्टेट कैपिटल रीजन (एससीआर): रायपुर और उसके आसपास के क्षेत्रों को मिलाकर 'स्टेट कैपिटल रीजन' के नियोजन और कार्यान्वयन के लिए 68 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। एससीआर क्षेत्र में मेट्रो रेल परियोजना को आगे बढ़ाने के लिए एजेंसी का निर्धारण कर लिया गया है और इसके लिए बजटीय प्रावधान किया गया है। रायपुर के मठपुरैना में दृष्टि एवं श्रवण बाधित विद्यालय के लिए 2 करोड़ 50 लाख रुपये आवंटित किए गए हैं।



**धमतरी:** जिले के 200 बिस्तर वाले अस्पताल के लिए भवन निर्माण और सिरी (धमतरी) में पेयजल आपूर्ति के लिए बजटीय प्रावधान है। जिले के ग्राम सिरी में शुद्ध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए बजटीय प्रावधान है.

**महासमुंद:** यहाँ नए नर्सिंग कॉलेज की स्थापना का प्रावधान है। महासमुंद जिले में एक नए नर्सिंग कॉलेज की स्थापना का प्रावधान बजट में शामिल है। महानदी पर मोहमेला-सिरपुर बैराज निर्माण के लिए 690 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई है, जिससे इस क्षेत्र के किसानों को बड़ा लाभ होगा।

### गरियाबंद के लिए ये प्रावधान

**सड़क संपर्क:** 'द्रुतगामी सड़क संपर्क योजना' के तहत कसडोल से गरियाबंद (वाया बागबाहरा) सड़क का उन्नयन किया जाएगा। गरियाबंद जिले के राजिम और महासमुंद के सिरपुर जैसे धार्मिक-सांस्कृतिक केंद्रों का विकास 'शक्तिपीठ सर्किट' और पर्यटन की दृष्टि से किया जा रहा है।




## दुर्ग संभाग के जिलों के लिए प्रावधान

**कबीरधाम (कवर्धा):** मेडिकल कॉलेज और सीजीआईटी (छत्तीसगढ़ इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी) की स्थापना की जाएगी। सुतियापाट जलाशय से पेयजल योजना का लाभ मिलेगा।


**दुर्ग-भिलाई:** भिलाई में स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय के उन्नयन हेतु 20 करोड़ और दुर्ग में सीजीआईटी की स्थापना का प्रावधान है। छत्तीसगढ़ इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए दुर्ग में एक नए सीजीआईटी की स्थापना की जाएगी। दुर्ग में नए जीएनएम प्रशिक्षण केंद्र के भवन निर्माण के लिए बजट का प्रावधान है। दुर्ग के महाराजा चौक में फ्लाईओवर के निर्माण का उल्लेख बजट में किया गया है।




**राजनांदगांव के लिए घोषणाएं :** राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज में मेडिकल छात्रों और इंटर्न्स के लिए छात्रावास निर्माण हेतु बजट आवंटित किया गया है। 'द्रुतगामी सड़क संपर्क योजना' के तहत राजनांदगांव से गीदम तक की सड़क का कम से कम 2-लेन में उन्नयन किया जाएगा। प्रदेश के पांच प्रमुख शक्तिपीठों में शामिल डोंगरगढ़ (राजनांदगांव) को 'शक्तिपीठ सर्किट' के रूप में विकसित किया जाएगा। श्रद्धालुओं के लिए 'छत्तीसगढ़ आस्था पथ योजना' के तहत दर्शन की व्यवस्था होगी। संभाग को डोंगरगढ़-कटघोरा रेल लाइन परियोजना से बड़ी राहत और कनेक्टिविटी मिलेगी। मोहला-मानपुर के पास मानपुर में 100 सीटर अन्य पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रावास के निर्माण का प्रावधान है।

### कबीरधाम (कवर्धा) के लिए आवंटन

कबीरधाम में सीजीआईटी और एक नए मेडिकल कॉलेज की स्थापना का प्रावधान है। कुंडा (कबीरधाम) के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उन्नत किया जाएगा और नए भवन का निर्माण होगा। कवर्धा से खम्हरिया मार्ग के उन्नयन और चौड़ीकरण के लिए 23 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। जिले के सुतियापाट जलाशय से ठाठापुर तक 54 गांवों में और भीरा खीरपानी जलाशय से 66 गांवों में पेयजल आपूर्ति के लिए बजटीय प्रावधान किया गया है।




## जानिए बजट पर एक्सपर्ट की राय

### सुधार की एक नई खिड़की खोली



**रविंद्र के ब्रम्हे**
प्रोफेसर अर्थशास्त्र
पंडित रविशंकर शुक्ल विवि, रायपुर

विकसित छत्तीसगढ़ 2047 के लिए आगामी 21 वर्षों में विकास को गति तेजी देने के लिए वित्त मंत्री ने अनेक सुधार की एक नई खिड़की खोली है। इस बजट को उनके पिछले दो बजटों के क्रम में देखा होगा। वित्त मंत्री ने अपने पिछले बजट के लिए विकसित छत्तीसगढ़ के दीर्घकालिक लक्ष्य के साथ मध्य अवधि के लक्ष्य के रूप में जीएसडीपी को पांच लाख करोड़ से बढ़ाकर दोगुना करने का लक्ष्य रखा है।

इसलिए आगामी वर्ष में वृद्धि दर का लक्ष्य 12% रखा गया है, जो कि वर्तमान वर्ष में 11.57 प्रतिशत है। छत्तीसगढ़ के आर्थिक विकास के सूचकांक दर्शाते हैं कि राज्य की आर्थिक- सामाजिक विकास की गति में तेजी आई है। इससे सरकार की इच्छा शक्ति सामने आती है कि विकसित भारत के लक्ष्यों के अनुरूप राज्य अपने आप को तैयार कर रहा है। वर्ष 2026-27 का बजट कुल 1 लाख 72 हजार करोड़ का है। जिसमें राजस्व व्यय 1 लाख 45 हजार करोड़ और पूंजीगत व्यय 27 हजार करोड़ का है। बजट में सामाजिक क्षेत्र के लिए 40% आर्थिक क्षेत्र के लिए 36% तथा सामान्य क्षेत्र के लिए 24% है। कुल बजट में ग्रीन बजट के आकर को भी दर्शाया गया है जो की प्रगतिशील कदम बजट है। राजस्व वृद्धि, पूंजीगत निवेश में आबंटन ऋण प्रबंधन तथा घाटे को सुरक्षित सीमा में रखने में बजट सफल रहा है। .बजट में 2000 करोड़ के राजस्व घाटे में और वृद्धि न हो यह सुनिश्चित करना होगा क्योंकि राजस्व घाटा व्यय की गुणवत्ता को प्रभावित करता है। विकास की आदर्श स्थिति यह होती है, जहां संसाधनों का विकास लोगों की आवश्यकताओं के अनुरूप हो।

### शिक्षा, युवाओं और बस्तर के लिए उत्कृष्ट बजट



**जवाहर सूरीसेट्टी**
वाइस चांसलर
रूंगटा इंटरनेशनल स्किल यूनिवर्सिटी, भिलाई

अबूझमाड़ और जगर्गुंडा (बस्तर) में स्वीकृत दो नई शिक्षा नगरी 100 करोड़ के साथ अच्छी शुरुआत है। भौतिक अवसंरचना में कांकेर, कोरबा और महासमुंद में नई नर्सिंग कॉलेज तथा बस्तर, सूरजपुर और दंतेवाड़ा के मेडिकल कॉलेजों के लिए 50 करोड़ रुपए पहली पीढ़ी के शिक्षार्थियों के लिए द्वार खोलते हैं, जिनकी पहले सीमित पहुंच थी। बजट में नीट और क्लैट कोचिंग के लिए 35 करोड़ रुपए की प्रत्यक्ष वित्तीय सहायता शुरू की गई है। प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए 33 करोड़ रुपए की तीन अतिरिक्त योजनाएं, हॉस्टल खर्च के लिए 10 करोड़ रुपए की मुख्यमंत्री शिक्षा सहयोग योजना और युवा कौशल विकास के लिए 75 करोड़ रुपए का प्रावधान एक नई दिशा देगा। 5 नई नालंदा लाइब्रेरी और मेगा परीक्षा केंद्र (25 करोड़) अच्छी पहल हैं। तकनीक के माध्यम से भविष्य-प्रसूति में, राज्य एआई केंद्र (35 करोड़) और रायपुर के मेकाहारा क्षेत्र में डिजिटल शिक्षा के लिए एआई एकीकरण के लिए 10 करोड़ भी शामिल हैं। पांच सरकारी कॉलेजों को भी उत्कृष्टता केंद्रों में अपग्रेड किया जा रहा है (15 करोड़ रुपए)। इसके साथ ही विश्वविद्यालयों के लिए 731 करोड़ रुपए और कॉलेज भवनों के लिए 25 करोड़ रुपए दिए गए हैं।

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

# बजट भूमि

बजट पेश करने के पहले अपनी पत्नी के साथ पूजा करते वित्तमंत्री





छत्तीसगढ़ 2026-2027 बजट

## नक्सल मुक्त अबूझमाड़ और जगरगुंडा में एजुकेशन सिटी की सौगात

# 'अबूझ' इलाके में खुशी की लहर बस रहा शिक्षा का शहर!

**प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए आर्थिक मदद, 33 करोड़ का प्रावधान**

वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए पेश 1.72 लाख करोड़ के संकल्प बजट में राज्य के विकास के लिए शिक्षा को महत्व दिया गया है। इसके लिए 22360 करोड़ का प्रावधान किया गया है। सौ करोड़ की लागत से नक्सल प्रभावित अबूझमाड़ और जगरगुंडा में एजुकेशन सिटी स्थापित की जाएगी। इसके अलावा विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए आर्थिक सहायता के उद्देश्य से उड़ान, शिखर एवं मंजिल की नई योजना लाई जाएगी, जिसके लिए 33 करोड़ के बजट का प्रावधान किया गया है। राज्य के विश्वविद्यालय के सुचारू रूप से संचालन के लिए 731 करोड़ का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा शिक्षण संस्थाओं के लिए भवन के साथ विद्यार्थियों की आवास सुविधा के लिए भी बजट का प्रावधान किया गया है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मंगलवार को विधानसभा में बजट पेश करते हुए वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने कहा दंतेवाड़ा में पहली बार एजुकेशन सिटी की परिकल्पना की गई थी, जहां से आज मेडिकल और इंजीनियरिंग की प्रवेश परीक्षा पास कर बच्चे प्रतिष्ठित संस्थानों में दाखिला ले रहे हैं। इसी अनुभव से प्रेरित होकर हम नक्सलवाद के गढ़ कहे जाने वाले अबूझमाड़ और जगरगुंडा में एजुकेशन सिटी की स्थापना करने जा रहे हैं। नक्सलगढ़ अब शिक्षा के केंद्र का पर्याय बनेगा और बस्तर के युवाओं के सिर पर गौर-सींग भी दिखेगा और गले में स्टेथोस्कोप भी नजर आएगा। सौ करोड़ के खर्च से वहां प्राथमिक से लेकर उच्चतर माध्यमिक शाला, आईटीआई, प्री मैट्रिक, पोस्ट मैट्रिक छात्रावास, शिक्षक आवास स्थापित किया जाएगा। विश्वविद्यालयों के अनुदान के लिए 731 करोड़ का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा राष्ट्रीय स्तर की प्रवेश परीक्षा में शामिल होने वाले युवाओं को आर्थिक मदद देने के लिए नई योजना लाई गई है। इसमें उड़ान के जरिए नीट, क्लैट एवं जेईई, शिखर के माध्यम से यीपीएससी एवं सीजीपीएससी तथा मंजिल के जरिए बैंकिंग, एसएससी एवं रेलवे की चयन परीक्षा की तैयारी कर सके। इस योजना के लिए 33 करोड़ का प्रावधान किया गया है।




### इस तरह की योजना

- प्रदेशभर में विद्यार्थियों को आवास सुविधा उपलब्ध कराने 35 करोड़ की लागत से हास्टल बनाए जाएंगे। ओबीसी छात्राओं के लिए रायपुर में 200 सीटर भव्य हास्टल तथा मठपुरैना रायपुर में दृष्टिबाधित शाला के उन्नयन के लिए ढाई करोड़ खर्च किए जाएंगे।
- राज्य में नए महाविद्यालय भवनों के निर्माण के लिए 25 करोड़ का प्रावधान किया गया है। साथ ही आईटीआई और पॉलिटेक्निक कालेजों के आधुनिकीकरण के लिए बजट में 50 करोड़ का प्रावधान किया गया है।
- रायपुर मेगा परीक्षा के लिए निर्माण के लिए 25 करोड़ का प्रावधान किया गया है। यहां प्रतियोगी परीक्षाएं आयोजित होगी जिसमें राज्य के साथ मध्यप्रदेश, ओडिशा एवं महाराष्ट्र के अभ्यर्थी भी शामिल हो सकेंगे।
- इंदिरा गांधी कृषि विवि को 250 करोड़, पंडित रविशंकर शुक्ल विवि को 40 करोड़, इंदिरा कला एवं संगीत विवि को 16 करोड़ तथा स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय के लिए 50 करोड़ तथा उद्यानिकी विश्वविद्यालय के लिए 170 करोड़ अनुदान का प्रावधान।
- सभी नालंदा पुस्तकालयों में करियर काउंसिलिंग केंद्र बनाने के लिए 10 करोड़ का प्रावधान।
- दुर्ग, जशपुर, रायपुर, बलौदाबाजार और रायगढ़ स्थित 5 सरकारी महाविद्यालयों में उत्कृष्टता केंद्र स्थापना हेतु 15 करोड़।
- मुख्यमंत्री शिक्षा सहयोग योजना के लिए 10 करोड़।

स्वामी विवेकानंद स्कूलों में प्रतिस्पर्धात्मक शिक्षा पर किया जाएगा फोकस

## आत्मानंद, पीएमश्री के बाद अब 150 स्कूल कहलाएंगे 'स्वामी विवेकानंद उत्कृष्ट शाला'



स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट शाला योजना के बाद अब प्रदेश में स्वामी विवेकानंद उत्कृष्ट शाला योजना की शुरुआत की जाएगी। मंगलवार को पेश किए गए बजट में इसकी घोषणा की गई। शुरुआती चरण में इस योजना में 150 स्कूलों को शामिल किया जाएगा। इन्हें मॉडल स्कूल की तर्ज पर तैयार किया जाएगा। इसके लिए 100 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। वर्तमान में शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्ता बढ़ाने के लिए पीएम-श्री योजना के अंतर्गत लगभग 350 विद्यालयों को मॉडल स्कूल के रूप में विकसित किया जा रहा है। इसी क्रम में "स्वामी विवेकानंद उत्कृष्ट शाला योजना" प्रारंभ की जा रही है, जिसके प्रथम चरण में 150 विद्यालयों का चयन किया गया है। जिन विद्यालयों में प्राथमिक से उच्चतर माध्यमिक तक एकीकृत परिसर हैं, वहां आधुनिक सुविधाओं और गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण का विकास सुनिश्चित किया जाएगा, ताकि विद्यार्थियों को समग्र और प्रतिस्पर्धात्मक शिक्षा मिल सके।

### दंतेवाड़ा की तर्ज पर प्रयोग

दंतेवाड़ा के सफल अनुभव के आधार पर अब अबूझमाड़ और जगरगुंडा में नई एजूकेशन सिटी स्थापित की जाएगी, जिसके लिए 100 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। इन एजूकेशन सिटी में स्कूल, आईटीआई, प्री-मैट्रिक एवं पोस्ट-मैट्रिक छात्रावास, शिक्षक आवास सहित संपूर्ण शैक्षणिक इको-सिस्टम विकसित किया जाएगा। यह पहल बस्तर क्षेत्र के युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ते हुए उन्हें राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करेगी तथा नक्सल प्रभावित क्षेत्रों को शिक्षा और अवसर के केंद्र में परिवर्तित करेगी।

### शाला निर्माण के लिए 123 करोड़

बजट में 500 प्राथमिक, 100 मिडिल, 50 हाईस्कूल और 50 हायर सेकेंडरी स्कूल भवनों के निर्माण के लिए 123 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। राज्य भर से उन 700 स्कूलों का चयन इसके लिए किया गया है, जिनके पास अपने भवन नहीं हैं और जो किराए के भवन में संचालित हो रहे हैं। शासन के मुताबिक, यह पहल न केवल छात्रों को सुरक्षित और अनुकूल शिक्षण वातावरण प्रदान करेगी, बल्कि ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों में शिक्षा की पहुंच को भी सुदृढ़ बनाएगी। साथ ही, एनसीसी विद्यार्थियों के स्वल्पाहार की राशि को दोगुना करने के निर्णय युवाओं के मनोबल और अनुशासन को प्रोत्साहित करेगा। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों को भी नॉलेज हब के रुप में विकसित करने रोडमैप बनाया गया है।

## जुटाए जाएंगे जरूरी उपकरण, आधुनिक बेड एवं अन्य संसाधन

### हेल्थ पर फोकस

- शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मान भारत स्वास्थ्य सहायता योजना के लिए 1,500 करोड़
- राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत 2,000 करोड़
- अंबिकापुर और धमतरी में जिला अस्पताल भवन निर्माण
- दुर्ग, कोंडागांव, जशपुर और रायपुर में जीएनएम प्रशिक्षण केंद्र
- रायपुर (कालीबाड़ी) में 200 बिस्तर एमसीएच तथा चिरमिरी में जिला अस्पताल का सेटअप मंजूर
- 25 डायलिसिस केंद्र एवं 50 जन औषधि केंद्र प्रारंभ करने की योजना
- रायपुर में राज्य का पहला शासकीय होम्योपैथी कॉलेज
- बिलासपुर में स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट, दंतेवाड़ा, मनेंद्रगढ़, कबीरधाम, जांजगीर चांपा, कुनकुरी में मेडिकल कॉलेज तथा कांकेर, कोरबा, मनेंद्रगढ़, सरिया और महासमुंद में नर्सिंग कॉलेज में सेटअप का प्रावधान

## दिल के अस्पताल के लिए दिल खोला रायपुर में पहला होम्योपैथी कॉलेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य के एकमात्र दिल के सरकारी अस्पताल में हृदय रोगियों के उपचार के लिए एआई यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग होगा। इसके सहित अन्य सुविधाओं के विस्तार के लिए बजट में 10 करोड़ का प्रावधान किया गया है। इस राशि से वहां जरूरी उपकरण, आधुनिक बेड के साथ अन्य संसाधन जुटाए जाएंगे। शासकीय स्तर स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार को भी बजट में फोकस किया गया है। इसके तहत विभिन्न अस्पताल में मानव सहित अन्य संसाधनों की बढ़ोतरी के लिए राशि की घोषणा की गई है। एकमात्र दिल के अस्पताल यानी एडवांस कार्डियक इंस्टिट्यूट में उपचार सुविधाओं का विस्तार करने के लिए पिछली बार की तरह इस बार भी दस करोड़ बजट का प्रावधान किया गया है। वर्तमान में चिकित्सा जगत में भी एआई का उपयोग किया जा रहा है। शासकीय सेक्टर और हृदय संबंधी बीमारियों के उपचार के लिए इसका उपयोग किए जाने की योजना बनाई गई है। इसके साथ वहां की तमाम कमियों को दूर करने के लिए भी राशि की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही कुनकरी, मनेन्द्रगढ़ एवं दंतेवाड़ा में चिकित्सा महाविद्यालय की शुरुआत के लिए 50 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।



## बजट पर किसने क्या कहा...

### हर वर्ग का रखा ध्यान : अरुण साव



अरुण साव
उप मुख्यमंत्री

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने बजट को राज्य के विकास को नई ऊंचाईयों पर ले जाने वाला बजट बताया है। उन्होंने कहा, हम जिस संकल्प को लेकर सरकार में आए हैं, यह बजट ठीक उसी के अनुरूप है। छत्तीसगढ़ को हमने बनाया है और हम ही इसे संवारेंगे। छत्तीसगढ़ को संवारने का यह बजट एक-एक क्षेत्र, एक-एक वर्ग को ध्यान में रखकर बनाया गया है। यह विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण का बजट है। बजट हर क्षेत्र और हर वर्ग को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। इसमें अनेक नई योजनाओं और नवाचारी प्रावधानों को शामिल किया गया है। राज्य के शहरों को आधुनिक और सुविधासंपन्न बनाने के लिए 'मुख्यमंत्री आदर्श शहर समृद्धि योजना' का प्रावधान किया गया है।

### नक्सल मुक्त छत्तीसगढ़ को समर्पित बजट : विजय शर्मा



विजय शर्मा
उप मुख्यमंत्री

उप मुख्यमंत्री, गृह मंत्री विजय शर्मा ने बजट को नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के कायाकल्प और सुरक्षा बलों के सशक्तीकरण के लिए एक ऐतिहासिक कदम बताया है। श्री शर्मा ने कहा, नक्सल मोर्चे पर सुरक्षा को अभेद्य बनाने के लिए बजट में विशेष प्रावधान किए गए हैं। सरकार ने बस्तर फाइटर्स की विशिष्ट पुलिस इकाई में 1500 अतिरिक्त पदों के सृजन की घोषणा की है। इससे स्थानीय युवाओं को रोजगार मिलने के साथ-साथ सुरक्षा तंत्र में उनकी भागीदारी भी बढ़ेगी। इसके अलावा, बस्तर के युवाओं को बंदूक की जगह खेल और तकनीक की ओर मोड़ने के लिए बस्तर ओलंपिक और बस्तर मैराथन जैसे आयोजनों के लिए बजट सुरक्षित कर 10 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। हमारा लक्ष्य केवल नक्सलवाद को खत्म करना नहीं, बल्कि बस्तर के हर हाथ को काम और हर चेहरे पर मुस्कान लाना है।

### जनता को निराश करने वाला बजट : दीपक बैज



दीपक बैज
प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, ज्ञान गति की असफलता के बाद संकल्प का नया जुमला वित्त मंत्री ने फेका है। यह बजट भी जनता को निराश करने वाला बजट है। वित्त मंत्री हाई स्कूल के बच्चे के समान कल्पनाओं में डूबते नजर आए। इनका बजट राज्य की जमीनी हकीकत से कोसों दूर नजर आया। उन्होंने अपने बजट भाषण में बस्तर एवं सरगुजा के विकास के सब्जबाग जो दिखाए, लेकिन इन वादों को पूरा करने बजट प्रावधान निराश करने वाले रहे। श्री बैज ने कहा कि पिछले बजट में 20 हजार शिक्षकों की भर्ती की घोषणा वित्त मंत्री ने किया था, इस बजट में वे यह नहीं बताए कि उनमें से कितने की भर्ती हुई। भाजपा ने विधानसभा चुनाव में मोदी की गारंटी के पांच साल में 1 लाख युवाओं को नौकरी देने का वादा किया था, लेकिन इस बजट में नई नौकरियों के लिए वित्त मंत्री ने कुछ नहीं किया। न नए स्कूल खोलने की बात है, न नए महाविद्यालय खोलने की बात है और न ही कौशल उन्नयन के लिए कुछ है। यही नहीं न नये सिंचाई के बांध बनाने के लिए कुछ है और न ही महिला स्व-सहायता समूहों के रोजगार के लिए कुछ है, न उद्योगों के विकास के लिए कुछ है। रमन सरकार के 15 साल से लेकर साय सरकार के तीन बजट में भाजपा अभी तक केवल मेट्रो ट्रेन का सर्वे ही करवा रही है।

## चिंतन

# बच्चों और युवाओं में बढ़ती हिंसक प्रवृत्ति चिंता का विषय

बच्चों, किशोरों और युवाओं में लगातार बढ़ रही आक्रामकता और हिंसा की प्रवृत्ति गंभीर चिंता का विषय बनती जा रही है। लखनऊ, हरियाणा, गाजियाबाद समेत कई शहरों में हिंसक मामले सामने आए हैं। गाजियाबाद में तीन लड़कियों ने कथित गेम की लत के कारण आत्महत्या कर ली थी। वहीं, हरियाणा में भी एक दोस्त ने अपने साथी फाइनल इयर के छात्र की हत्या कर शव को जोहड़ में फेक दिया था। अब लखनऊ में वर्धमान पैथोलॉजी लैब के मालिक मानवेंद्र सिंह की उनके 21 साल के इकलौते बेटे अक्षत प्रताप सिंह ने ही गोली मारकर हत्या कर दी। हत्या के बाद शव को बाथरूम में आरी से काटकर टुकड़े नीले ड्रम में भर दिए। सिर को काटकर कार में रखा और घर से 21 किलोमीटर दूर फेंक आया। अक्षत ने अपनी बहन के सामने ही घटना को अंजाम दिया। उसे धमकी दी कि किसी को बताया तो उसे भी मार डालेगा। आरोपी का कहना है कि उसके पापा उसे डॉक्टर बनाना चाहते थे, लेकिन उसे लखनऊ में होटल खोलना था। इसी से नाराज होकर उसने पिता की हत्या कर दी। बता दें कि समाज का भविष्य बच्चे और युवा ही होते हैं। यदि इन्हीं के मन में आक्रोश, हिंसा और संवेदनहीनता घर करने लगे, तो यह केवल परिवार का नहीं, बल्कि पूरे समाज का संकट बन जाता है। बड़े शहरों में सामने आ रही ऐसी घटनाओं ने इस चिंता को और गहरा कर दिया है। ये घटनाएं अपवाद भर नहीं रहीं, बल्कि एक खतरनाक प्रवृत्ति की ओर संकेत कर रही हैं। युवा मन ऊर्जा से भरा होता है। यदि इस ऊर्जा को सकारात्मक दिशा न मिले, तो वही ऊर्जा विनाशकारी रूप ले सकती है। आज के दौर में डिजिटल दुनिया बच्चों और किशोरों के जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुकी है। हिंसक वीडियो गेम, वेब सीरीज और सोशल मीडिया पर परोसी जा रही आक्रामक सामग्री धीरे-धीरे संवेदनशील मन पर प्रभाव डालती है। जब बच्चे बार-बार आभासी दुनिया में हिंसा को 'सामान्य' रूप में देखते हैं, तो उनके भीतर हिंसा के प्रति संवेदनशीलता कम होने लगती है। वे समस्या का समाधान संवाद के बजाय टकराव में खोजने लगते हैं। हालांकि हिंसा की जड़ केवल डिजिटल माध्यमों में तलाशना पर्याप्त नहीं होगा। पारिवारिक माहौल भी उतना ही महत्वपूर्ण कारक है। यदि घर में तनाव, कलह, नशे की प्रवृत्ति या कठोर अनुशासन का वातावरण हो, तो बच्चा असुरक्षित और उपेक्षित महसूस करता है। माता-पिता की अत्यधिक अपेक्षाएं भी कई बार बच्चों के मन में दबाव और कुंठा पैदा करती हैं। करियर को लेकर थोपे गए निर्णय, तुलना की संस्कृति और असफलता का डर उन्हें भीतर से तोड़ देता है। जब संवाद के रास्ते बंद हो जाते हैं, तो आक्रोश विस्फोटक रूप ले सकता है। स्कूल और सामाजिक परिवेश भी इस समस्या से अछूते नहीं हैं। हालांकि इसके समाधान की शुरुआत भी परिवार से ही होती है। बच्चों को अनुशासन सिखाना आवश्यक है, खुला संवाद सबसे प्रभावी उपाय है। माता-पिता यदि बच्चों की बात धैर्य से सुनें, उनके मित्र बनें और उनकी भावनाओं को स्वीकार करें, तो आधी समस्या वहीं समाप्त हो सकती है। मीडिया और डिजिटल उपकरणों के उपयोग पर संतुलित निगरानी भी जरूरी है। पूर्ण प्रतिबंध समाधान नहीं है, लेकिन समय और सामग्री पर नियंत्रण आवश्यक है। बच्चों को वैकल्पिक गतिविधियों- खेल, कला, संगीत, पठन की ओर प्रेरित करना चाहिए, ताकि उनकी ऊर्जा रचनात्मक दिशा में प्रवाहित हो। स्कूलों में भी काउंसलिंग व्यवस्था को मजबूत किया जाना चाहिए, ताकि बच्चे मानसिक दबाव को समय रहते साझा कर सकें।



यूएनओ
अखिलेश आर्येन्दु

# भारत की स्थायी सदस्यता से किसे लाभ

संयुक्त राष्ट्र संघ सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में भारत को स्थायी सदस्यता देने का समर्थन दुनिया के तमाम देश वर्षों से करते रहे हैं। इनमें भारत के मित्र देशों के अलावा वे देश भी हैं जो अमेरिका के साथ माने जाते हैं। वहीं, दूसरी तरफ ब्राजील है जो दशकों से इस मुद्दे पर खुलकर भारत के साथ खड़ा नजर आता है। जिस तरह से ब्राजील, जापान, जर्मनी, फ्रांस और इजराइल ने भारत के साथ सैन्य अभ्यास को बढ़ाया है उससे यह साफ हो गया है कि भारत के साथ मुसीबत के दिनों में इन मित्र देशों का साथ मिलने में सहुलियत होगी। इससे अप्रासंगिक हो रहे यूएनओ की महत्ता ही बहाल न होगी बल्कि वीटो के मनमानी इस्तेमाल पर भी रोक लग सकेगी।

संयुक्त राष्ट्र संघ सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में भारत को स्थायी सदस्यता देने का समर्थन दुनिया के तमाम देश वर्षों से करते रहे हैं। इनमें भारत के मित्र देशों के अलावा वे देश भी हैं जो अमेरिका के साथ माने जाते हैं। वहीं, दूसरी तरफ ब्राजील है जो दशकों से इस मुद्दे पर खुलकर भारत के साथ खड़ा नजर आता है। पिछले दिनों ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा ने अपने पुराने पैटर्न पर कायम रहते हुए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् के तुरंत सुधार की बात कही। उन्होंने सुरक्षा परिषद् में भारत और ब्राजील को स्थायी सदस्य के रूप में शामिल करने का समर्थन किया। नई दिल्ली के हैदराबाद हाउस में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ बातचीत के बाद मीडिया से बात करते हुए ब्राजील के राष्ट्रपति ने जी4 यानी भारत, ब्राजील, जर्मनी और जापान समूह की भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने कहा, जी4 समूह संघ और परिषद में सुधार की वकालत करता है और एक-दूसरे की स्थायी सदस्यता का समर्थन करता है।

ब्राजील के राष्ट्रपति ने कहा कि 20 से अधिक वर्षों से भारत, ब्राजील, जापान और जर्मनी ने जी4 नामक समूह बनाया है, जहां हम संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के विस्तार की वकालत करते हैं। ब्राजील प्रमुख का कहना था कि आज दुनिया-भर में जो हम देख रहे हैं, उनमें हस्तक्षेप करने के लिए यूएनओ के पास अधिक शक्ति और सामर्थ्य की जरूरत है। उन्होंने आह्वान करते हुए कहा कि हम संयुक्त राष्ट्र संघ को ज्यादा प्रतिनिधि वाला बनाने के लिए संघर्ष जारी रखेंगे, जिसमें दुनिया के और अधिक देश शामिल किए जाएं और भारत व ब्राजील को यूएनओ में स्थायी सुरक्षा परिषद के सदस्य के रूप में स्थान मिले। अस्थायी और स्थायी सदस्यता की श्रेणियों को बढ़ाने से वैश्विक शासन की वैधता और प्रभावशीलता प्रदान करने के लिए जरूरी है। उन्होंने कहा कि मोदी ने दोनों देशों के व्यापार और मैत्री को बढ़ाने के लिए जिस तरह की ठोस पहल की है, उससे दोनों देशों के बीच स्थायी मैत्री विकसित हुई है। भारत के मित्र देशों में ब्राजील और भारत की मैत्री दशकों से है लेकिन पिछले एक दशक में ब्राजील और भारत के बीच जिस तरह की आपसी विश्वासनीयता बढ़ी है, उससे दोनों देश कई क्षेत्रों में निकट आए हैं, जिससे विकास और प्रगति का पहिया तेजी से आगे बढ़ा है। देशों के बीच विश्वासनीयता का आधार आपसी सहमति और निकटता को लगातार गति देना रहता है। भारत और ब्राजील ने ऐसा करके दिखा दिया है। दोनों देश अलग-अलग संस्कृतियों का प्रतिनिधित्व करते हैं, बावजूद सभी महत्वपूर्ण क्षेत्रों में आपसी सहमति और विश्वसनीयता बढ़ी है। यह इसलिए भी है कि दोनों देश बहुपक्षवाद और शांति के समर्थक हैं। इतना ही नहीं, समावेशी और बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था को भारत ने अपनी नीतियों के साथ आगे ही नहीं बढ़ाया बल्कि आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक लड़ाई को मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता भी दुहराई। संयुक्त राष्ट्र संघ में दोनों देश स्थायी सदस्यता के हकदार हैं। दोनों एक लोकतांत्रिक देश हैं और बहुत तेज गति से विकास के पथ पर आगे बढ़ रहे हैं। ब्राजील भारत के लिए यूएनओ में स्थायी सदस्यता का मुद्दा जोर-शोर से उठाता रहा है और ब्राजील के लिए भी ऐसा ही भारत करता और कहता आया है। इसके पहले ब्राजील 2005 में जी4 प्रस्ताव के



पहले और बाद में यूएनजीए के सत्रों में यह मुद्दा उठाया था। ब्राजील इस मुद्दे पर मानता आया है कि भारत एक प्रमुख शक्ति के रूप में दुनिया के मानचित्र पर उभरा है इसलिए भारत संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य होने का प्रबल दावेदार और हकदार है। ब्राजील को भारत की जरूरत है तो भारत को ब्राजील की जरूरत है। संयुक्त राष्ट्र संघ में दोनों स्थायी सदस्यता इसलिए चाहते हैं कि कई वैश्विक मुद्दों पर, खासकर आतंकवाद, समुद्री डकैती, तस्करी, साइबर अपराध और तमाम जटिल वैश्विक समस्याओं से दोनों देश बराबर पीड़ित रहे हैं। दुनिया के तमाम देश कई विकट समस्याओं-खासकर आतंकवाद और अंतरराष्ट्रीय संगठित अपराध से पीड़ित रहते हैं। इन दोनों देशों का यूएनओ का सदस्य बन जाने से कई जटिलताएं दूर हो सकती हैं। आज आतंकवाद सबसे जटिल वैश्विक मुद्दा है और पाकिस्तान आतंकवाद का सबसे बड़ा कारखाना है।

चीन पाकिस्तान का साथ देने के लिए अपने वीटो का इस्तेमाल कर पाकिस्तान को आतंकवादी देश घोषित होने से बचा लेता है। भारत और ब्राजील यदि स्थायी सदस्यता हासिल कर लेंगे तो चीन की मनमानी नहीं चलेगी। इतना ही नहीं, पाकिस्तान का साथ देने की चीन की मंशा पर रोक तभी लग सकती है जब भारत और ब्राजील को भी वीटो करने या वीटो को रद्द करने का पूरा अधिकार मिल जाए। संयुक्त राष्ट्र संघ सुरक्षा परिषद में जब लैटिन अमेरिकी देशों, कैरेबियन, एशिया और अफ्रीकी क्षेत्रों से विकासशील देशों को भी अधिक प्रतिनिधित्व होगा, तब अमेरिका की भी मनमानी करने से रोका जा सकेगा। भारत का इजराइल जितना ही विश्वसनीय देश ब्राजील भी है।

सुरक्षा परिषद का विस्तार होने पर इजराइल को भी यदि इसका स्थायी सदस्य के रूप में शामिल किया जाता है तो यह भारत के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे एशिया महाद्वीप, लैटिन अमेरिका, अफ्रीकी देशों और अरब देशों के लिए बेहद फायदेमंद होगा। भारत की स्थायी सदस्यता का मतलब दुनिया को आतंकवाद जैसी सबसे गम्भीर समस्या से निजात मिल सकेगी, क्योंकि उन देशों पर लगाम लगाने में सहुलियत होगी, जो आतंक और आतंकवादियों को संरक्षण और पोषण देने का कार्य करते हैं। तत्काल ब्राजील चाहता है कि भारत 2028-29 की अवधि के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का अस्थायी सदस्य के रूप में शामिल कर लिया जाए। कुछ वर्षों से दुनिया में अशांति और कहीं-कहीं युद्ध के हालात बने हैं। इससे भू-राजनीतिक तनाव बढ़ा है। ऐसे में जरूरी है कि बहुपक्षवाद को मजबूती मिले और विवादों का शांतिपूर्ण समाधान के लिए संवाद और अन्य तंत्रों को तत्काल पुनर्जीवित किया जाए। भारत का अतीत बताता है कि इसने हमेशा दुनिया में शांति प्रयासों और आपसी मैत्रीपूर्ण नीति का समर्थन किया। यही कारण है कि भारत ने रूस-यूक्रेन, इजराइल-फिलिस्तीन युद्ध को शांतिपूर्ण नीतियों से हल करने या अमेरिकी दादागीरी के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद की। इससे दुनिया को यह संदेश गया कि भारत आज जिस स्थिति में है, उसे संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता मिलनी ही चाहिए। यह इसलिए भी जरूरी है कि अमेरिकी दखल की वजह से विश्व मैत्री को बढ़ावा देने वाली इस संस्था की प्रासंगिकता धीरे-धीरे खत्म हो रही है। भारत की सदस्यता इसका सबसे बेहतर उपचार है। जिस तरह से ब्राजील, जापान, जर्मनी, फ्रांस और इजराइल ने भारत के साथ सैन्य अभ्यास को बढ़ाया है उससे यह साफ हो गया है कि भारत के साथ मुसीबत के दिनों में इन मित्र देशों का साथ मिलने में सहुलियत होगी। इससे अप्रासंगिक हो रहे यूएनओ की महत्ता ही बहाल न होगी बल्कि वीटो के मनमानी इस्तेमाल पर उन देशों पर रोक लगेगी, जो भारत विरोधी देशों के समर्थन में देखे जाते थे।

( लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## तकनीक

आशुतोष कुमार सिंह



# टेक्नोलॉजी से पोषण तक: बदल रही राशन वितरण की व्यवस्था

मिशन पोषण 2.0 के अंतर्गत लागू पोषण ट्रैकर आज दुनिया की सबसे बड़ी सरकारी वित्तपोषित पोषण निगरानी प्रणालियों में शामिल है। यह आंगनबाड़ी सेवाओं को अधिक पारदर्शी, सरल और जवाबदेह बनाने में अहम भूमिका निभा रहा है। पोषण ट्रैकर सिर्फ एक ऐप नहीं, बल्कि ऐसा डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म है, जिसने पहली बार महिलाओं और बच्चों से जुड़ी पोषण जानकारी को वास्तविक समय में दर्ज और समझना संभव बनाया है। आज यह 14 लाख से अधिक आंगनबाड़ी केंद्रों को जोड़ता है और छोटे बच्चों की लम्बाई, वजन, कुपोषण के संकेत, साथ ही गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाओं की पोषण स्थिति का रिकॉर्ड लगातार अपडेट करता है। कई राज्यों में यह किशोरियों की पहचान और उनके लिए दी जा रही सेवाओं को भी ट्रैक करता है। इससे 8 करोड़ से अधिक बच्चों, माताओं और किशोरियों का एक स्पष्ट पोषण प्रोफ़ाइल तैयार हो पाया है- खास तौर पर उन समूहों का, जिनमें कुपोषण की संभावना सबसे ज़्यादा हो सकती है। पोषण ट्रैकर ने आंगनवाड़ी सेवाओं की डिलीवरी को भी अधिक पारदर्शी बनाया है। पहले आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को भारी-भरकम रजिस्टरों में डेटा भरना पड़ता था, जिसे न समय पर देखा जा सकता था और न ही निर्णय-निर्माण में इस्तेमाल किया जा सकता था। अब वही जानकारी मोबाइल पर आसानी से दर्ज हो जाती है और तुरंत उपयोग के लिए उपलब्ध रहती है। इससे ब्लॉक, ज़िला, राज्य और केंद्र स्तर के अधिकारी समझ पाते हैं कि किस क्षेत्र में कुपोषण अधिक है, कहां सेवाएं कमजोर हैं और किन स्थानों पर तुरंत हस्तक्षेप की आवश्यकता है।




यह एक सतत सुधार वाली प्रणाली है, जिसने स्थानीय स्तर पर पोषण सेवाओं की पहचान और समय पर पहुंच के कई नए अवसर खोले हैं, क्योंकि टेक-होम राशन सीधे लाभार्थी तक पहुंचने वाली सेवा है, इसलिए इसे पारदर्शी और सुरक्षित बनाने के लिए ई- केवाईसी और एफआरएस जैसी प्रक्रियाएं लाई गई हैं। इसका मूल उद्देश्य यही है कि सभी पात्र लाभार्थियों तक टेक-होम राशन सही मात्रा में और समय पर पहुंचे, साथ ही व्यवस्था में मौजूद संभावित लीकेज, मनमानी और भ्रष्टाचार जैसी चुनौतियों को कम किया जा सके। ई-केवाईसी वह प्रक्रिया है जिसमें आधार नंबर दर्ज कर ओटीपी के माध्यम से पहचान सत्यापित होती है। यह एक बार की प्रक्रिया है, हर महीने इसे दोहराने की कोई आवश्यकता नहीं। एक बार हुए ई-केवाईसी से लाभार्थी का आजीवन डिजिटल पहचान रिकॉर्ड बन जाता है, जिससे सेवाएं निर्बाध मिलती हैं। दूसरी ओर, एफआरएस यह दर्ज करता है कि "कब–कहां–किसे" राशन मिला। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ऐप में लाभार्थी को चुनती हैं, लाइव फोटो लेती हैं, और सिस्टम उसे पहले से मौजूद तस्वीर से मिलाकर वितरण की पुष्टि करती है। यह प्रक्रिया ऑफ़लाइन मोड में भी चलती है, जिससे दूरदराज़ क्षेत्रों में भी वितरण की जांच आसानी से हो जाती है। सबसे महत्त्वपूर्ण बात किसी भी बच्चों की फोटो नहीं ली जाती; उनके अभिभावक की पहचान ही पर्याप्त मानी जाती है। आंकड़े दर्शाते हैं कि 31 दिसम्बर 2025 तक 4.73 करोड़ पात्र राशन लाभार्थियों में से 4.51 करोड़ का ई- केवाईसी और आधार आधारित चेहरा मिलान पूरा हो चुका है। यह लगभग 95.4% कवरेज है, जो स्पष्ट दिखाता है कि वास्तविक लाभार्थी न तो ई- केवाईसी से परेशान हैं और न ही एफआरएस से। कम नेटवर्क की समस्या के समाधान के लिए फैस मैचिंग को ऑफ़लाइन मोड में भी एक्टिवेट किया गया है। इस पहल को केवल तकनीकी सुधार के रूप में नहीं, बल्कि सेवा वितरण में विश्वास बढ़ाने के कदम के रूप में देखा जाना चाहिए। पोषण ट्रैकर की सफलता ऐप या एल्गोरिद्म की नहीं, बल्कि विश्वास की कहानी है- एक ऐसी प्रणाली जहां लाभार्थी बिना भटकाव के अपना हक़ पाए, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता का काम सरल हो और सरकार का हर संसाधन पारदर्शी रूप से सही व्यक्ति तक पहुंचे। पूरी दुनिया डिजिटल हो रही है और भारत इस परिवर्तन का नेतृत्व कर रहा है। ऐसे में स्वास्थ्य और पोषण जैसी जीवन-निर्भर सेवाओं का डिजिटल होना स्वाभाविक और आवश्यक है। इसलिए, यदि आप लाभार्थी हैं, तो इन पहलों को अपनाएं, दूसरों को भी जागरूक करें, और सुनिश्चित करें कि आपका अधिकार आपको बिना किसी बाधा के मिले। तकनीक तभी सार्थक है, जब वह अधिकारों को सुरक्षित और सुलभ बनाए, और पोषण ट्रैकर इसी दिशा में एक बड़ा कदम है।

( लेखक स्वस्थ भारत, पंजी, न्यास के चेयरमैन हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# सब प्राणियों का मार्गदर्शन करती हैं मां जगदंबा



संकलित
**दर्शन**

इस जगत की प्रत्येक वस्तु, चर या अचर का मूल स्रोत एक निगूढ़ शक्ति है, जो तर्क और बुद्धि की सीमा के परे है! कोई पूछे कि यह शक्ति स्त्रीलिंग है या पुंल्लिंग, तो उत्तर के स्त्रीलिंग होने की संभावना अधिक है। जैसे एक नए जीवन को गढ़ने के लिए सहनशीलता, धैर्य, करुणा और क्षमता एक मां में ही होती है, वैसे ही विश्वमातृत्व की अनंत शक्ति ही इतने महत एवं विशाल जगत को जन्म दे सकती है। नवरात्र में, पहले तीन दिन दुर्गा देवी की उपासना की जाती है, फिर अगले तीन दिन लक्ष्मी देवी की और अंतिम के तीन दिन सरस्वती देवी की! देवी के ये तीन रूप क्रमशः तीन गुणों के प्रतीक हैं-तमोगुण, रजोगुण और सतोगुण। यहां हम आश्चर्य में पड़ सकते हैं कि दुर्गा देवी तम की प्रतीक क्यों? भौतिक जगत में रहते हुए थोड़े-बहुत तमोगुण की भी आवश्यकता होती है। तमस पर्याप्त न हो तो हम ठीक से सो भी नहीं पाएंगे। आज कितने लोग अनिद्रा से ग्रस्त नींद की गोलियों के आदी हैं? क्यों उन्हें ठीक से नींद नहीं आती? क्योंकि उनके शरीर में तमस की कमी है। अतः वे अपने शरीर में कृत्रिम रूप से तमस का निर्माण करते हैं! बीच के तीन दिन, देवी की पूजा लक्ष्मी रूप में होती है- रजोगुण के रूप में, जिसकी आवश्यकता किसी भी कार्य को करने में होती है। पैसा कमाना हो, चाहे कोई इच्छा पूरी करनी हो। शरीर में अत्यधिक या अति न्यून रजोगुण होना भी समस्याएं खड़ी करता है। अत्यधिक रजोगुण होगा तो ठीक से सोच भी नहीं सकते और शांति-विश्रांति भी दूर रहती है! फिर तनाव, चिंता और उच्च रक्तचाप हो जाता है।

# नई बातें सीख पाएंगे तो व्यक्तित्व में निखार आएगा



संकलित
**प्रेरणा**

एक गरीब व्यक्ति अर्जुन के पास पहुंचा और बोला कि कोई चोर उसकी गाय चुराकर ले गया है। मेरी मदद करें। अर्जुन उस व्यक्ति की मदद के लिए अपने धनुष-बाण लेने युधिष्ठिर-द्रौपदी के कमरे में चले गए। अर्जुन ने उस गरीब की मदद तो कर दी, लेकिन पांडवों का बनाया हुआ नियम तोड़ दिया। ये नियम तोड़ने के लिए अर्जुन को वनवास जाना पड़ा। अर्जुन 12 वर्षों के लिए अकेले ही वनवास के लिए निकल पड़े थे। वे वन-वन घूम रहे थे। अर्जुन ने तय किया कि मुझे इस वनवास में तपस्या करके अपने व्यक्तित्व को और निखारना चाहिए। उन्होंने सोचा कि मुझे वन में दुखी नहीं होना चाहिए, बल्कि नए लोगों से मिलकर कुछ नया सीखना चाहिए। वनवास के समय में एक श्रीकृष्ण और अर्जुन की मुलाकात हुई। अर्जुन ने पूरी बात श्रीकृष्ण को बता दी। श्रीकृष्ण ने कहा कि तुम मेरे साथ द्वारका चलो। अर्जुन ने कहा कि मुझे तो वनवास में ही रहना है। मैं वन से बाहर नहीं जा सकता। श्रीकृष्ण ने अर्जुन से कहा कि वन में घूमो और नए-नए स्थानों का, नई-नई विद्याओं का ज्ञान प्राप्त करो। जब हम यात्रा में होते हैं, तब हमें लगातार नया सीखते रहने की कोशिश करनी चाहिए। तभी यात्रा का लाभ मिल सकता है। वन तो तुम देख चुके हों, अब मैं तुम्हें द्वारका इसीलिए ले जा रहा हूं, ताकि तुम एक ऐसी नगरी देख सको, जहां तुम्हें और नई बातें सीखने को मिलेगी। द्वारका में योग में भोग और भोग में योग देखने को मिलेगा। तुम्हें द्वारका में बहुत बड़ा संदेश मिलेगा। श्रीकृष्ण की बातें मानकर अर्जुन द्वारका चले गए।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### अमेरिकी टैरिफ पर सियासत नहीं रणनीति की जरूरत

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा सभी देशों पर पंद्रह प्रतिशत समान टैरिफ लगाने की घोषणा ने वैश्विक व्यापार जगत में नई हलचल पैदा कर दी है। भारत भी इससे अछूता नहीं है। पहले दस प्रतिशत की बात हुई फिर चौबीस घंटे के भीतर पंद्रह प्रतिशत का ऐलान कर दिया गया। इस बदलाव ने यह स्पष्ट कर दिया कि अमेरिका अपनी घरेलू आर्थिक और राजनीतिक जरूरतों के अनुसार व्यापार नीति को हथियार की तरह इस्तेमाल कर रहा है। ऐसे समय में भारत को भावनात्मक प्रतिक्रिया नहीं बल्कि संतुलित और व्यावहारिक दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है। भारतीय राजनीति में इस मुद्दे को लेकर आरोप प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है। कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ने इसे देश के साथ धोखा बताया और सरकार पर अमेरिकी दबाव में झुकने का आरोप लगाया।

*– कांतिलाल मांडोत, सूरत*

## करंट अफेयर

# ब्रह्मांड के विशाल तारे में विस्फोट होने की आशंका


ब्रह्मांड के सबसे बड़े ज्ञात तारों में से एक डब्ल्यूओएच जी64 में वर्ष 2014 में बड़ा परिवर्तन दर्ज किया गया और नए शोध के अनुसार इसमें विस्फोट होने की आशंका है। एथेंस की राष्ट्रीय वेधशाला के गोंजालो मुन्योस–सांचेज के नेतृत्व में किए गए अध्ययन में कहा गया है कि यह तारा अपनी लाल विशाल अवस्था से दुर्लभ पीली अतिविशाल अवस्था में प्रवेश कर चुका है। वैज्ञानिकों का मानना है कि यह बदलाव तारे के जीवन के अंतिम चरण का संकेत हो सकता है। अति–विशाल अवस्था में पहुंचने के बाद तारे का जीवन आमतौर पर महाविस्फोट के साथ समाप्त होता है। यह अध्ययन 'नेचर एस्ट्रोनॉमी' में प्रकाशित हुआ है। डब्ल्यूओएच जी64 की खोज 1970 के दशक में 'लार्ज मैनेलैनिक क्लाउड' में हुई थी, जो हमारी आकाशगंगा के निकट स्थित एक बौनी आकाशगंगा है। यह तारा अत्यंत चमकीला और असाधारण रूप से विशाल है, जिसका आकार सूर्य की त्रिज्या से लगभग 1,500 गुना अधिक आंका गया है। वर्ष 2024 में अत्यंत विशाल दूरदर्शी 'इंटरफेरोमीटर' की मदद से इसकी विस्तृत तस्वीर ली गई, जिसमें इसके चारों ओर धूल का घना आवरण दिखाई दिया। इससे संकेत मिला कि यह तारा उम्र बढ़ने के साथ अपना द्रव्यमान तेजी से खो रहा है।



## ऑफ बीट

# आपके अस्थमा को बर्गर व चिप्स करते हैं प्रभावित

कुछ खाद्य पदार्थ या आहार पैटर्न आपके अस्थमा के बेहतर नियंत्रण से जुड़े हुए हैं। अन्य इसे बदतर बना सकते हैं। आपने जो खाया है उसके आधार पर, आप घंटों में प्रभाव देख सकते हैं। भोजन इस बात पर असर डाल सकता है कि आपके फेफड़े कितनी अच्छी तरह काम करते हैं, आपको कितनी बार अस्थमा का दौरा पड़ता है और आपका पफ़र कितनी अच्छी तरह काम करता है। यहां हम जानते हैं कि यदि आपको अस्थमा है तो कौन से खाद्य पदार्थ अधिक खाने चाहिए और कौन से कम मात्रा में खाने चाहिए। अस्थमा एक प्रदाह संबंधी बीमारी है। जब कोई व्यक्ति कुछ ट्रिगर्स (जैसे श्वसन वायरस, धूल या व्यायाम) के संपर्क में आता है, तो फेफड़ों तक जाने वाले वायुमार्ग में प्रदाह होता है और यह संकीर्ण हो जाते हैं। अस्थमा से पीड़ित वयस्कों के लिए फलों और सब्जियों से भरपूर आहार खाना भी महत्वपूर्ण है। संतृप्त वसा अत्यधिक प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों जैसे बिस्कुट, सॉसेज, पेस्ट्री और चॉकलेट और फास्ट फूड में पाए जाते हैं। संतृप्त वसा, साथ ही चीनी और लाल मांस से भरपूर आहार किसी के अस्थमा के लक्षणों को बिगाड़ सकता है।



## ट्रेंड

### दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि



रांची से दिल्ली की ओर जा रहा एक एयर एंबुलेंस चतरा के निकट दुर्घटनाग्रस्त होने का अत्यंत दुखद एवं हृदयविदारक समाचार मिला है। विमान में सवार सभी सात लोगों के निधन की पुष्टि हुई है। इस असामयिक दुर्घटना में दिवंगत सभी आत्माओं को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करती हूं।

**-अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय महिला विकास मंत्री**

### अमेरिकी डील रद्द करें



मोदी जी, खुली चुनौती है - भारत-अमेरिका व्यापार सौदा रद्द करें। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने ट्रंप के फैसले को रद्द कर दिया, सभी देशों ने अपने फैसले पर फिर से बातचीत की,आप क्यों शामिल हैं? सारा देश जानता है कि आप ये नहीं कर सकते - क्योंकि आप अमेरिकी पकड़ में सरेंडर कर चुके हैं।

**- राहुल गांधी, सांसद कांग्रेस**

### जन-आकांक्षाओं का बजट



झारखंड की जन-आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए लाया गया यह अबुआ दिशोम बजट 2026-27 है। वर्ष 2050 तक युवा झारखंड का समृद्ध बनने का सफर सुगम एवं तीव्रता से भरा हो, यह सुनिश्चित करने के लिए बजट में कई प्रावधान किए गए हैं।

**- हेमंत सोरेन, सीएम, झारखंड**

### निंदनीय और दुर्भाग्यपूर्ण



बीजेपी और आरएसएस की मानवीय दृष्टिकोण और संवेदनाओं की व्याख्या में करुणा की बजाय नफ़रत झलकती है। एक ज़रूरतमंद महिला को कंबल देने से वंचित करना बेहद निंदनीय और दुर्भाग्यपूर्ण है।

**- सचिन पायलट, पूर्व केंद्रीय मंत्री**

### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771–4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, बुधवार 25 फरवरी 2026


# नक्सल मुक्त की ओर देश : देवजी और संग्राम समेत चार नक्सलियों ने किया समर्पण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

**खास खबर**

पोलित ब्यूरो मेंबर देवजी व सीसी मेंबर संग्राम समेत चार शीर्ष नक्सलियों ने मंगलवार को तेलंगाना स्टेट के डीजीपी के समक्ष समर्पण कर मुख्यधारा में शामिल हो गए। समर्पित नक्सलियों पर तेलगांना में 90 लाख रुपए का ईनाम घोषित था। देवजी के समर्पण के साथ ही नक्सल संगठन नेतृत्वहीन हो चुका है। हालांकि अभी भी एकमात्र पोलित ब्यूरो सदस्य गणपति जीवित है, लेकिन काफी समय से वह संगठन में सक्रिय नहीं है।

बस्तर आईजी सुंदरराज पट्टलिंगम ने तेलगांना में हुए समर्पण पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि मंगलवार को तेलंगाना में प्रतिबंधित सीपीआई (माओवादी) के पोलित ब्यूरो सदस्य देवजी उर्फ टिप्पिरी थिरुपति, केंद्रीय समिति सदस्य मुरली उर्फ संग्राम, टीएससी सचिव दामोदर तथा डीकेएसजेडसी सदस्य गंगन्ना द्वारा हिंसा का मार्ग त्यागकर मुख्यधारा में शामिल होने का निर्णय हमारे देश में वामपंथी उग्रवाद के ▸▸शेष पेज 5 पर

## देवजी के समर्पण के बाद नेतृत्वहीन हुआ नक्सल संगठन, समर्पित नक्सलियों पर तेलगांना में 90 लाख रुपए का था इनाम

### इतने का था इनाम

समर्पण करने वाले नक्सली लीडर देवजी पर 25 लाख, मल्ला राजी रेड्डी पर 25 लाख, बड़े चोक्का राव उर्फ दामोदर पर 20 लाख तथा नूने नरसिम्हा रेड्डी उर्फ गंगन्ना पर 20 लाख रुपए का ईनाम घोषित था। सपर्मण करने पर उन्हें राज्य एवं केंद्र सरकार की राहत एवं पुनर्वास नीति के अंतर्गत 90 लाख रुपए डिमांड ड्राफ्ट/चेक के माध्यम से वितरित की गई।



### शेष बचे हुए कैडरों से मुख्यधारा में लौटने की अपील

आईजीपी सुंदरराज पट्टलिगंम ने शेष बचे कैडरों से बदलती परिस्थितियों को समझते हुए मुख्यधारा में लौटने की अपील की। उन्होंने कहा कि पुनर्वास और सम्मानजनक पुनर्स्थापन का मार्ग खुला है। वहीं सुरक्षा बल शांति स्थापित करने और जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करने के अपने संकल्प पर दृढ़ हैं। संदेश स्पष्ट है हिंसा का दौर अब समाप्ति की ओर है और भविष्य शांति, विकास तथा स्थानीय समुदायों की आकांक्षाओं का है।

## चार दशक से थे भूमिगत


शीर्ष कमांडर और प्रमुख रणनीतिकार ने तेलंगाना पुलिस के समक्ष किया आत्मसमर्पण

नक्सलवाद की रीढ़ 'देवजी' का सरेंडर, एक करोड़ का इनामी, साथियों ने भी डाले हथियार

समर्पण करने वाले शीर्ष नक्सलियों में टिपिरी तिरुपति उर्फ देवजी उर्फ कुम्मा दादा (62), निवासी कोरुतला जिला जगतियाल प्रतिबंधित सीपीआई (माओवादी) के सीसीएम और पीबीएम पिछले 44 वर्षों से भूमिगत था। वहीं सीसीएम मल्ला राजी रेड्डी उर्फ संग्राम (76) निवासी शास्त्रुलापल्ले गांव, मंथनी मंडल, पेद्दापल्ली जिला एक बहुत वरिष्ठ भूमिगत नेता 46 वर्षों से भूमिगत, एससीएम व टीएससी सचिव बड़े चोक्का राव उर्फ दामोदर उर्फ जगन (47) मूल निवासी कलवापल्ली गांव, ताडवाई मंडल, मुलुगु जिला 28 साल से भूमिगत तथा समर्पण करने वाले एससीएम नुने नरसिम्हा रेड्डी गंगन्ना उर्फ सन्नू दादा (62), निवासी वल्लूर गांव, काकुमनु मंडल, गुंटूर जिला, एपी 36 वर्षों से भूमिगत रहकर संगठन के लिए काम कर रहे थे।






## खबर संक्षेप

### आज से इजरायल के दौरे पर रहेंगे पीएम मोदी



**नई दिल्ली।** अमेरिका और ईरान के बीच गहराती युद्ध की आशंका के चुनौतीपूर्ण दौर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार से इजरायल की दो दिवसीय (25 से 26 फरवरी तक) राजकीय यात्रा पर रहेंगे। जिस पर दुनियाभर के देशों की निगाहें लगी हुई होंगी। इस यात्रा के दौरान पीएम अपने समकक्ष और इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ भारत-इजरायल रणनीतिक साझेदारी में हुई सराहनीय प्रगति की व्यापक रूप से समीक्षा करेंगे।

### देवेंद्र को सुप्रीम कोर्ट से झटका



**बिलासपुर।** भिलाई से कांग्रेसी विधायक देवेंद्र यादव ने हाईकोर्ट में लंबित चुनावी याचिका खारिज करने की मांग की थी। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के बाद उनकी विशेष अनुमति याचिका खारिज कर दी है। इससे पहले हाईकोर्ट ने भी उनकी याचिका खारिज करते हुए चुनावी याचिका को सुनवाई योग्य माना था। दरअसल, विधायक देवेंद्र पर चुनाव के दौरान गलत जानकारी देने और आपराधिक रिकॉर्ड छुपाने का आरोप है। भिलाई ▸▸शेष पेज 5 पर

### यूपीएससी सिविल सेवा के आवेदन अब 27 तक



**नई दिल्ली।** सिविल सेवा परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि तीन दिन बढ़ाकर 27 फरवरी कर दी गई है। आयोग ने एक सार्वजनिक सूचना में कहा, सिविल सेवा परीक्षा-2026 और भारतीय वन सेवा परीक्षा-2026 के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि अब तीन दिन बढ़ा दी गई है, यानी 27 फरवरी 2026 शाम छह बजे तक आवेदन जमा किये जा सकेंगे।

### ट्रक ने ट्रेलर की मारी टक्कर, चालकों की मौत



**कौशांबी।** कैशांबी जिले में एक तेज रफ्तार ट्रक ने सड़क किनारे खड़े ट्रेलर को पीछे से टक्कर मार दी और इस हादसे में दोनों वाहनों के चालकों की मौत हो गई। हादसा सोमवार देर रात कोखराज थाना क्षेत्र में जीटी रोड पर कसिया पश्चिम गांव के सामने हुआ जब कानपुर से प्रयागराज की ओर जा रहा एक तेज रफ्तार ट्रक ने सड़क किनारे खड़े ट्रेलर को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण की थी कि दोनों वाहनों के चालक अपने-अपने ट्रकों में फंस गए और सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से उन्हें बाहर निकाला।

## सेवा तीर्थ में कैबिनेट की पहली बैठक, पीएम ने बताया आगे बढ़ने का मंत्र

# केरल का नाम अब केरलम, तीन रेल 'मल्टी-ट्रैकिंग' प्रोजेक्ट पर भी मुहर

*केंद्रीय मंत्रिमंडल ने नई कार्य संस्कृति और महत्वाकांक्षी फैसलों के साथ 140 करोड़ लोगों के हित को सर्वोपरि रखते हुए महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए हैं। नए पीएमओ भवन 'सेवातीर्थ' में पहली कैबिनेट बैठक का आयोजन हुआ। मंत्रिमंडल ने केरल का नाम बदलकर 'केरलम' करने का फैसला किया। इसके साथ ही महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, बिहार और झारखंड के आठ जिलों में तीन मल्टी-ट्रैकिंग रेल परियोजनाओं को मंजूरी देने जैसे बड़े फैसलों को हरी झंडी दी।*

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई बैठक में यह संकल्प भी लिया गया कि संवैधानिक मूल्य उस नैतिक प्रतिबद्धता की अभिव्यक्ति है, जो शासन को नागरिक की गरिमा, समानता और न्याय से जोड़ती है। सेवा तीर्थ की कार्य-संस्कृति में यही भावना निहित होगी, जहां हर नीति संविधान की मूल भावना के अनुरूप होगी और हर निर्णय देशवासियों की आकांक्षाओं के प्रति उत्तरदायी होगा। यह बैठक एवं यह भवन नये भारत के नवनिर्माण की एक स्पष्ट अभिव्यक्ति है। एक सरकारी रिलीज के अनुसार, इस शुरूआत के साथ, हम उस भविष्य का स्वागत कर रहे हैं, जिसके निर्माण में सदियों का श्रम लगा है। आजादी के बाद प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) साउथ ब्लॉक में इतने दशकों तक सरकारों ने विरासत को संभाला ▸▸शेष पेज 5 पर

## चार राज्यों के आठ जिलों को बड़ी सौगात

### चुनाव से पहले बड़ा निर्णय

यह निर्णय ऐसे समय में लिया गया है जब राज्य में इस वर्ष विधानसभा चुनाव प्रस्तावित हैं। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इस कदम का सांस्कृतिक और राजनीतिक दोनों स्तरों पर व्यापक प्रभाव पड़ सकता है। मुख्यमंत्री पिनराई विजयन लंबे समय से इस बदलाव के पक्षधर रहे हैं। उनका तर्क रहा है कि 'केरलम' नाम मलयालम भाषा की आत्मा और राज्य की ऐतिहासिक पहचान को अधिक सटीक रूप से दर्शाता है।



### एयरपोर्ट टर्मिनल में चार गुना होगी क्षमता

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि मौजूदा समय में श्रीनगर एयरपोर्ट का टर्मिनल 20 हजार वर्ग मीटर में फैला है, जबकि नया टर्मिनल करीब 71 हजार वर्ग मीटर में बनाया जाएगा। इस परियोजना पर करीब 1,667 करोड़ रुपये खर्च होंगे।

### राष्ट्रपति के मुहर बाद बदलेगा कागजों में नाम

ज्ञात हो कि किसी राज्य का नाम बदलने की प्रक्रिया लंबी और संवैधानिक है। पहले राज्य की विधानसभा में नाम बदलने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित होना जरूरी है। इसके बाद इसे गृह मंत्रालय को भेजा जाएगा।

### केरल नाम का क्या अर्थ है?

केरल नाम की उत्पत्ति को लेकर कई सिद्धांत देखने को मिलते हैं। सबसे प्राचीन संदर्भ अशोक के 257 ईसा पूर्व में द्वितीय शिलालेख में मिलता है। इसमें केरलपुत्र (केरल का पुत्र) का उल्लेख है। इसे चेरा राजवंश के संदर्भ में कहा जाता है। कुछ विद्वान केरलम शब्द को चेरम से जोड़ते हैं, जो कन्नड़ रूप है। मूल शब्द चेर का अर्थ जोड़ना से निकालते हैं और यह चेरालम शब्द में आता है, जिसमें अलम भूमि या क्षेत्र होता है।

## चाचा-भतीजे के बीच में विवाद बनी हत्या की वजह

# साढ़े 10 बजे रात बहस, तड़के 4 बजे हमला दादी-चाचा और तीन साल की बहन की मौत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायगढ़/ बरमकेला

रात करीब साढ़े 10 बजे चाचा-भतीजे के बीच में विवाद हुआ था और अल सुबह भतीजे ने दादा-दादी, चाचा-चाची और तीन साल के मासूम पर टंगिया से हमला कर दिया। इस हमले में चाचा, दादी और तीन साल के मासूम बच्चे की जहां मौत हो गई। वहीं दादा और चाची गंभीर रुप से घायल हैं। दोनों को इलाज के लिए रायगढ़ मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती किया गया है जहां जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रहे हैं। घटना बरमकेला ब्लॉक के डोंगरीपाली थाना क्षेत्र के ग्राम झाल का है। घटना के कारण आपसी रंजिश को माना जा रहा है। यह प्रारंभिक जांच में सामने आई है। परिवार के हत्यारे आरोपी को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।

- दो लोगों का रायगढ़ मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चल रहा इलाज

डोंगरीपाली थाना क्षेत्र जंगली इलाके में ही बसा है। यहां अधिकांश गांव वनों से घिरा हुआ है। इसी जंगल के बीच बसे गांव झाल में यह खुनी खेल एक परिवार के सदस्य ने ही खेला है। पुलिस के मुताबिक डोंगरीपाली थाना क्षेत्र के झाल निवासी मृतक राजेश सारथी और आरोपी तुलसीदास सारथी चाचा-भतीजे हैं। सोमवार की रात राजेश और तुलसीदास के बीच कुछ बातों को लेकर कहा सुनी हुई थी। इसके पहले भी कई बार दोनों के ▸▸शेष पेज 5 पर



### पिता ने ही लिखाई रिपोर्ट

जानकारी के मुताबिक आरोपी के पिता शौकी लाल ने ही प्रार्थी बनकर अस घटना की रिपोर्ट डोंगरीपाली पुलिस में लिखाई है। इसके पहले शौकी लाल ने गांव के कोटवार को इसकी जानकारी दी और बाद में दोनों डोंगरीपाली थाना पहुंचे। जहां बेटे तुलसीदास सारथी द्वारा हत्या करने का रिपोर्ट लिखाया गया है। हत्या करने के बाद आरोपी कहीं भागा नहीं था बल्कि घर पर ही था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है।



### ये हैं मृतक

- राजेश सारथी पिता कुंवर सारथी 26 साल
- मंदोबाई सारथी पति कुंवर सारथी 55 साल
- प्रशांत सारथी पिता राजेश सारथी 3 साल
- ये हुए घायल : कुंवर साय सारथी 60 साल
- संजुक्ता सारथी पति राजेश सारथी

### गांव में आक्रोश

घटना के बाद पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है। बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल और अस्पताल के बाहर एकत्रित हो गए थे। लोगों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है, जिसे देखते हुए क्षेत्र में अतिरिक्त पुलिस बल तैनाती की गई है। प्रारंभिक जांच में आपसी रंजिश की बात सामने आई है, लेकिन पुलिस हर एंगल से जांच कर रही है।

# ट्रक-ट्रेलर की भिड़ंत में जिंदा जले चालक और परिचालक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोरबा

कटघोरा अंबिकापुर नेशनल हाईवे में सड़क हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। मंगलवार की अलसुबह सीमेंट लोड ट्रक व कोयला लोड ट्रेलर के बीच आमने-सामने भिड़ंत हो जाने से दोनों वाहनों में आग लग गई। चंद मिनटों में ही आग ने विकराल रूप ले लिया। ट्रक में सवार चालक व परिचालक गाड़ी में आग की लपटों में फंस गये और उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। दोनों शव भी पूरी तरह से जल गया। ▸▸शेष पेज 5 पर

- मोरगा चौकी क्षेत्र के केंदई झरना के समीप मंगलवार की सुबह हुई घटना



### सिर्फ अस्थियां ही मिलीं

चौकी प्रभारी मंगतूराम ने बताया कि फैजान अंसारी और इनामुल हक अंसारी पूरी तरह से जल चुके थे। उनकी अस्थियां ही बरामद की गई है। मामले में पुलिस वैधानिक कार्रवाई कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जबकि दूसरे ट्रेलर के चालक व परिचालक मौके से फरार हो गये हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# 25 हजार की रिश्वत लेते धरे गए चौकी प्रभारी और एएसआई

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बैकुण्ठपुर

कोरिया जिले के बचरापोड़ी पुलिस चौकी में मंगलवार को एसीबी की बड़ी कार्रवाई करते हुए दो पुलिस अफसरों को रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा है। चौकी प्रभारी अब्दुल मुनाफ और उनके सहयोगी एएसआई ध्रुव प्रसाद यादव को 25000 रुपए लेते समय पकड़ा गया है। आरोप है कि उन्होंने एक ग्रामीण को झूठे मामले में फंसाकर रिश्वत की मांग की थी। एसीबी की अम्बिकापुर टीम ने शिकायत के आधार पर ट्रैप ▸▸शेष पेज 5 पर



- एसीबी टीम ने की कार्रवाई

### क्या है आरोप

आरोप है कि चौकी प्रभारी अब्दुल मुनाफ ने प्रकरण में सतेन्द्र प्रजापति को फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। मामले से बचाने के नाम पर 50 हजार रुपए की रिश्वत की मांग की थी। पीड़ित ग्रामीण ने इसकी शिकायत एंटी करप्शन ब्यूरो से की, जिसे सत्यापित करने पर एसीबी की टीम ने जाल बिछाया।

## ऐसा था, बीएसएनएल अफसर का 'रॉयल प्रोटोकॉल'

# 50 स्टाफ मेंबर, तौलिए-अंडरवियर खरीदने की ड्यूटी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नई दिल्ली

सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी भारत संचार निगम लिमिटेड के एक शीर्ष अधिकारी के प्रस्तावित प्रयागराज दौरे को लेकर बना विस्तृत प्रोटोकॉल सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद विवादों में आ गया। डिप्टी जनरल मैनेजर स्तर से जारी आदेश में 50 कर्मचारियों को दो दिनों में 21 अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई थीं। इनमें रेलवे स्टेशन पर स्वागत से लेकर नाव की व्यवस्था, मंदिर दर्शन, त्रिवेणी संगम स्नान, स्नान किट (तौलिया, अंडरगारमेंट्स, तेल, कंघी), कपड़ों की तैयारी, फोटो क्लिकिंग और गाड़ियों में पानी-बोतल, चिप्स-चॉकलेट जैसे इंतजाम शामिल थे।

19 फरवरी को जारी आधिकारिक पत्र में पूरे दौरे का मिनट-टू-मिनट कार्यक्रम तैयार किया गया था। स्नान के बाद इस्तेमाल की वस्तुओं की पैकिंग और प्रबंधन तक के निर्देश दिए गए थे। 50 से अधिक अधिकारियों और कर्मचारियों को अलग-अलग टीमों में बांटकर आतिथ्य, परिवहन और लॉजिस्टिक्स की जिम्मेदारी सौंपी गई थी।



### मिनट-टू-मिनट प्लान बना मुसीबत

इस प्रोटोकॉल में बेहद बारीक और विस्तृत तैयारियों का खाका तैयार किया गया था। कार्यक्रम की शुरुआत प्रयागराज रेलवे स्टेशन पर औपचारिक स्वागत से प्रस्तावित थी, जिसके बाद पवित्र स्नान, प्रमुख धार्मिक स्थलों के दर्शन, भोजन, आवागमन और व्यक्तिगत सुविधाओं तक की विशेष व्यवस्थाएं तय की गई थीं। इतना ही नहीं, स्नान के बाद इस्तेमाल होने वाली वस्तुएं जैसे- तौलिए, अंडरवियर और अन्य निजी सामान-के समुचित रखरखाव और लेखा-जोखा सुनिश्चित करने के लिए भी स्पष्ट निर्देश जारी किए गए थे।

### लिस्ट वायरल होते ही मचा बवाल

दस्तावेज वायरल होते ही "वीआईपी संस्कृति" और सार्वजनिक संसाधनों के उपयोग पर सवाल उठने लगे। आपको जानकर हैरानी होगी की कंपनी को पिछले तिमाही में 1300 करोड़ रुपए से अधिक का घाटा हुआ है। विवाद बढ़ने के बाद प्रस्तावित दौरा रद्द कर दिया गया। बीएसएनएल के जनसंपर्क अधिकारी ने कार्यक्रम निरस्त होने की पुष्टि की, हालांकि व्यवस्थाओं को लेकर टिप्पणी से परहेज किया गया।




# DR. C.V. RAMAN UNIVERSITY

Chhattisgarh, Bilaspur | AN AISECT GROUP UNIVERSITY

**Approved by :** PCI | AICTE | NCTE | BCI | **Member of :** AIU | **Recognized by :** UGC | A NAAC Accredited University

## CENTRE FOR DISTANCE AND ONLINE EDUCATION



**GREAT EDUCATION DOESN'T ALWAYS NEED A CAMPUS, IT NEEDS ACCESS**

**Your time, your place, your education**

ACCREDITED WITH GRADE A NAAC

दूरस्थ शिक्षा में प्रवेश के लिए विद्यार्थी का ABC-ID & DEB-ID होना अनिवार्य है।

## PROGRAMMES OFFERED :

**17 YEARS EXPERIENCE IN DISTANCE EDUCATION**

### Faculty of Commerce & Management

- Bachelor of Business Administration (BBA)
- Master of Business Administration (MBA)
- Bachelor of Commerce (B.Com.)
- Master of Commerce (M.Com.)

### Faculty of Arts

- Bachelor of Library and Information Science
- Master of Library and Information Science
- Bachelor of Arts (B.A. General)
- Master of Arts (M.A. Hindi)
- Master of Arts (M.A. English)
- Master of Arts (M.A. Sanskrit)
- Master of Arts (M.A. History)

Scan QR Code to Create Academic Bank of Credit (ABC) ID

Scan QR Code to Create Distance Education Bureau (DEB) ID

### Why Choose us?

- Career Advancement – Upgrade skills, get promotions, and grow in your career.
- Flexible Timings – Ideal for working professionals, homemakers, and rural learners.
- Rich Study Material – Printed self-learning books, e-books, and interactive video lectures.
- Affordable Fee Structure – Quality education at a low cost
- Counselling & Support – Guidance from expert faculty through online/offline modes.
- Technology-Enabled Learning – Online classes, e-resources, and digital libraries for modern education.
- Learner Support Division – Dedicated academic and administrative support through counselling and helplines.
- Inclusive Education – Empowering rural learners, women, and differently-abled students through equal opportunities.

## ADMISSIONS OPEN (2025-26)

**Top Recruiters of AGU**

More than 500 companies for Placements and Internships Offering up to 10 Lakh Package

### HELP DESK FOR ENQUIRY

**RAIPUR :** 2ND FLOOR "ACE GLOBAL" OPP.MINOCHA PETROL PUMP G.E.ROAD TELIBANDHA, RAIPUR, RAIPUR, CHHATTISGARH Pin: 492006 Ph: 07714022197, 07716611111, Mob: 9165550308

**JAGDALPUR :** 2ND FLOOR DUBEY COMLPEX NEAR PUNJAB BHAWAN RAUTPARA PANDIT DINDAYAL UPADHAYAY WARD, JAGDALPUR, BASTAR, CHHATTISGARH Pin: 494001 Ph: 07782225223, 07782291005, Mob: 7772044779

**BHILAI :** NEAR EKTA PARK MAITRI VIHAR RADHIKA NAGAR SUPELA, BHILAI, DURG, CHHATTISGARH Pin: 490023, Ph:07882295617, 07882294009 Mob: 6261639787

**RAJNANDGAON :** G.E.ROAD, NEAR SBI COLLECTORATE BRANCH, INFORNT OF DOMINOS, SAKTI NAGAR, RAJNANDGAON, RAJNANDGAON, CHHATTISGARH Pin: 491441 Ph: 07744228568, Mob: 7828343001

**BILASPUR :** INFRONT OF PALLAW BHAWAN, GAURAV PATH, BILASPUR, CHHATTISGARH Pin: 495001 Ph: 07752448799, Mob: 9827482380, 9109028878

AMBIKAPUR : 1ST FLOOR ANAND SHREE CPLX. NR.MULTIPURPOSE H.S. SCHOOL COLLECTOR BUNGLOW ROAD GUDRI CHOWK DC ROAD, AMBIKAPUR, SURGUJA, CHHATTISGARH Pin: 497001 Ph: 07774221363, Mob: 8463079985, 9644773322

**KORBA :** PLOT NO. 238, AMAR PLACE NEAR NIRMALA SCHOOL, KOSABADI CHOWK, KORBA, CHHATTISGARH PIN: 495677, Ph:-07759222002, Mob: 9770214616

**RAIGARH :** OPPOSITE JMJ MORNING STAR HOSPITAL NEAR DEGREE COLLEGE PAHAD MANDIR ROAD LOCHAN NAGAR, RAIGARH, CHHATTISGARH Pin: 496001, Mob: 9893770334, 7999581884

**For enquiries & other information, contact us at:**

Kargi Road, Kota, Dist.- Bilaspur (C.G.) Ph.+91-7753-253801, 07753-253851, 253872, 253873, E-Mail : info@cvru.ac.in, lsd@cvru.ac.in, admissions@cvru.ac.in

**ADMISSION HELPLINE FOR DISTANCE EDUCATION**

**9302969342, 9617772312**

रायपुर
बुधवार 25 फरवरी 2026
फाल्गुन शुक्ल पक्ष नवमी
वर्ष : 24, अंक : 216
पृष्ठ : 14+4+4 =22, मूल्य : 5 .00**

मौसम
अधि. 33.9
न्यूून. 19.2

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

02
खुद का प्रीमियम ज्वेलरी ब्रांड लॉन्च



विचार पेज
भारत की स्थायी सदस्यता से किसे लाभ

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

# नक्सलियों के सुरक्षित ठिकाने गोगुंडा में पहली बार जला बल्ब

## लाल आतंक का अंधेरा छंटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

धूर नक्सल प्रभावित सुकमा जिले का गोगुंडा गांव एक समय नक्सलियों का सुरक्षित ठिकाना माना जाता था उसी सुकमा की दुर्गम वादियों में करीब 650 मीटर की ऊंचाई पर बसे गोगुंडा गांव सिर्फ रोशनी से नहीं बल्कि उम्मीदों से जगमगा उठा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के कुशल नेतृत्व में आजादी के 78 साल बाद इस पहाड़ी गांव ने पहली बार बिजली के बल्ब की रोशनी देखी। यह केवल एक तकनीकी सफलता नहीं बल्कि उन चार दशकों के काले साये की हार है जिसने इस गांव को विकास की मुख्यधारा से काट रखा था। इससे पहले तक गोगुंडा के ग्रामीण पहले ढिबरी के सहारे रहते थे और कल तक जो गांव सूरज ढलते ही घने जंगलों और नक्सलियों के खौफ के सन्नाटे में डूब जाता था वहां अब बच्चों की पढ़ाई और खुशियों की गूंज सुनाई दे रही है। ढिबरी (मिट्टी के तेल का दीया) और टॉर्च के सहारे जीवन काटने वाले ग्रामीणों की आंखों में आज खुशी के आंसू हैं। गांव के बुजुर्ग माड़वी सुक्का ने कहा कि हमने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि अपने जीते जी गांव में बिजली देख पाएंगे।

■ 650 मीटर की ऊंचाई में बसा गोगुंडा गांव उम्मीदों से भी जगमगाया कलेक्टर

### गोगुंडा की पहाड़ियों पर आजादी के 78 वर्ष बाद पहुंची बिजली, ग्रामीणों में खुशी



**सुरक्षा और संकल्प की जीत**

गोगुंडा में यह ऐतिहासिक बदलाव रातों-रात नहीं आया। इसके पीछे सीआरपीएफ की 74वीं बटालियन, जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन का वह अटूट संकल्प है जिसने मौत के साये को मात दी। सुरक्षा का कवच सीआरपीएफ और पुलिस के संयुक्त प्रयासों से कैंप स्थापित हुआ जिससे नक्सलियों का सुरक्षित किला ढह गया। इससे पूर्व यहां सड़क भी नही थी जहां पहले 5 घंटे पैदल पहाड़ चढ़ना पड़ता था वहां अब विकास की गाड़ियां पहुंच रही हैं। कैंप बनते ही जिला प्रशासन के नेतृत्व में स्कूल, आंगनबाड़ी और राशन दुकान जैसी बुनियादी सुविधाएं युद्ध स्तर पर शुरू की गईं।

**सामाजिक और आर्थिक बदलाव की शुरूआत-कलेक्टर**

सुकमा कलेक्टर अमित कुमार ने बताया कि गोगुंडा में बिजली पहुंचना सामाजिक और आर्थिक बदलाव की शुरूआत है। हमारा लक्ष्य जिले के अंतिम छोर तक बिजली, सड़क, स्वास्थ्य और शिक्षा पहुंचाना है। सुरक्षा और विकास एक-दूसरे के पूरक हैं। गोगुंडा अब सुरक्षित है और यहां जल्द ही पुल-पुलियों का जाल बिछेगा। कमांडेंट 74 वीं बटालियन हिमांशु पांडे ने बताया कि नक्सली दंश के कारण यह गांव दशकों पीछे था। कैंप की स्थापना के बाद मिली यह बिजली क्षेत्र में शांति और प्रगति का नया अध्याय लिखेगी। कलेक्टर ने कहा कि गोगुंडा की यह रोशनी बस्तर के बदलते स्वरूप की कहानी कह रही है।

## खबर संक्षेप

### नफरत नहीं, प्रेम से देश आगे बढ़ेगा : संजय सिंह



**नई दिल्ली।** उत्तराखंड के कोटद्वार में बजरंग दल के उपद्रवियों से एक बुजुर्ग मुस्लिम दुकानदार को बचाने वाले मोहम्मद दीपक और उनके दोस्त विजय रावत की देश भर में तारीफ हुई है। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के बाद आम आदमी पार्टी के नेता और सांसद संजय सिंह ने भी उन्हें अपने घर बुलाकर सम्मानित किया। सांसद सिंह ने देश के लोगों से अपील करते हुए कहा कि देश के लोग मोहम्मद दीपक की तरह बनने की कोशिश करें। नफरत से हिंदुस्तान आगे नहीं बढ़ेगा।

### ईरानः मिलिट्री हेलिकॉप्टर क्रैश, पायलट समेत 4 मरे

**तेहरान।** ईरान के इस्फहान प्रांत में मंगलवार को एक मिलिट्री हेलिकॉप्टर फल और सब्जी मार्केट पर गिर गया। हादसे में पायलट और को-पायलट समेत चार लोगों की मौत हो गई। ईरानी सरकारी टीवी के मुताबिक, सेना का हेलिकॉप्टर ट्रेनिंग पर था। क्रैश के बाद बाजार इलाके से धुआं उठता दिखा। घटनास्थल पर हादसे के बाद चारों तरह मलबा बिखर गया। बाजार में मौजूद दो नागरिकों की भी मौत हुई। ईरान में एक हफ्ते के भीतर यह दूसरा सैन्य विमान हादसा है। इससे पहले पश्चिमी शहर हमेदान के पास एक एफ-4 फाइटर जेट क्रैश हुआ था, जिसमें एक पायलट की मौत हो गई थी।

## अमेरिकी राष्ट्रपति बोले- जो देश गेम खेलना चाहते हैं, उन्हें और टैरिफ झेलना पड़ेगा

# इमरजेंसी टैरिफ की वसूली बंद, इधर, समझौते से पीछे हटने वाले देशों को ट्रंप की नई धमकी


*अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट से पिछले दिनों ट्रंप के ग्लोबल टैरिफ को गैर-कानूनी बताकर किया था खारिज*

एजेंसी ▶▶| वॉशिंगटन डीसी

अमेरिकी सरकार आज से राष्ट्रपति ट्रम्प की तरफ से लगाए गए इमरजेंसी टैरिफ की मंगलवार रात से वसूली बंद हो गई है। रॉयटर्स के मुताबिक, आईईईपीए के तहत लगाए गए टैरिफ से अमेरिका की हर दिन 50 करोड़ डॉलर (4,500 करोड़ रुपए) से ज्यादा की कमाई हो रही थी। अब इन्हें रद्द किए जाने के बाद कंपनियां रिफंड की मांग कर सकती हैं। इधर, अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट से टैरिफ को गैर-कानूनी बताकर खारिज किए जाने बाद नाराज राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फिर दुनियाभर के देशों को नई धमकी दी है। ट्रंप ने कहा है कि कोई भी देश, जो गेम खेलना चाहते हैं, उन्हें 'बहुत ज्यादा टैरिफ और उससे भी बुरा' झेलना पड़ सकता है।

**'सुप्रीम कोर्ट का अजीब है फैसला**

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में ट्रंप ने लिखा, 'कोई भी देश जो सुप्रीम कोर्ट के इस अजीब फैसले के साथ गेम खेलना चाहता है, खासकर वे देश जिन्होंने सालों और दशकों तक अमेरिका को धोखा दिया है, उन्हें उससे कहीं ज्यादा टैरिफ मिलेगा और उससे भी बुरा, जिस पर वे हाल ही में सहमत हुए हैं। राष्ट्रपति के तौर पर मुझे टैरिफ की मंजूरी लेने के लिए कांग्रेस के पास वापस जाने की जरूरत नहीं है।



**ट्रंप ने 15% किया था टैरिफ**

शनिवार को डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए घोषणा की थी कि अब से तुरंत प्रभाव से दुनिया के सभी देशों से आने वाले आयात पर लगने वाला 10% का वैश्विक टैरिफ बढ़ाकर 15% कर दिया जाएगा। ट्रंप ने कहा कि कई देश दशकों से अमेरिका का फायदा उठाते आए हैं, बिना किसी जवाबदेही के, लेकिन अब उनकी सरकार इसे पूरी तरह रोक रही है।

**रुकी है भारत-अमेरिका ट्रेड वार्ता**

*ट्रंप ने यह बात तब कही है जब सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद भारत-अमेरिका ट्रेड वार्ता रोक दी गई है। यह सोमवार को वॉशिंगटन शुरू होने वाली थी। वार्ताकारों ने इस सप्ताह प्रस्तावित ट्रेड एग्रीमेंट को कानूनी रूप देने की योजना बनाई थी। भारत और अमेरिका के बीच अंतरिम ट्रेड डील के फ्रेमवर्क पर सहमति बनी थी, लेकिन समझौते पर अभी हस्ताक्षर नहीं हुए हैं। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के ठीक बाद ट्रंप ने कहा था कि भारत-अमेरिका डील के बारे में कुछ भी नहीं बदला है।*

**यह था सुप्रीम कोर्ट का फैसला**

अमेरिका के सुप्रीम कोर्ट ने बीते शुक्रवार को 6-3 से फैसला सुनाया था, जिसमें उसने कहा दुनिया भर के देशों पर टैरिफ लगाने में राष्ट्रपति ट्रंप ने कानूनी शक्तियों का गलत इस्तेमाल किया है। ट्रंप ने इस फैसले के लिए जजों की आलोचना की थी और कुछ ही घंटों बाद 10% ग्लोबल टैरिफ लगाने वाले एग्जीक्यूटिव ऑर्डर पर साइन किए थे। अगले ही दिन उन्होंने ग्लोबल टैरिफ को 10 से बढ़ाकर 15% करने की घोषणा की। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट से टैरिफ खारिज होने के बाद यूरोपीय यूनियन और ब्रिटेन जैसे सहयोगी अमेरिका के साथ ट्रेड डील को लेकर नए सिरे से विचार कर रहे हैं। भारत की भी अमेरिका के साथ ट्रेड डील फाइनल करने को लेकर बैठक होने वाली थी, जिसे टाल दिया गया है। इस बीच ट्रंप ने फिर से टैरिफ की धमकी दी है।

## केल्हारी थाना क्षेत्र के तिलोखन जंगल क्षेत्र की घटना

# सड़क हादसे में बाइक सवार तीन युवकों की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मनेन्द्रगढ़

एमसीबी जिले के केल्हारी-जनकपुर मार्ग पर मंगलवार को हुई एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान अवधेश आत्मज गुरुवचन उम्र 28 वर्ष और मोनू उर्फ अखिलेश आ. गुरूवचन दोनों सगे भाई निवासी रामानुजनगर तथा तीसरा मृतक श्याम सिंह गोंड आ. गोविंद सिंह उम्र 45 वर्ष निवासी ग्राम घाघरा के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार तीनों युवक 24 फरवरी की दोपहर करीब 12 बजे ग्राम घाघरा से एक ही मोटरसाइकिल पर सवार होकर किसी कार्य से निकले थे। बाद में धनहर के पास तिलोखन जंगल क्षेत्र में सड़क किनारे तीनों के शव पड़े होने की सूचना मिली। प्रारंभिक जांच के अनुसार किसी अज्ञात वाहन ने तेज रफ्तार में मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी।

**अज्ञात वाहन की तलाश तेज**

घटना की सूचना मिलते ही केल्हारी थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। मनीष धुर्वे के नेतृत्व में पुलिस ने पोस्टमार्टम प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव परिजन को सौंप दिए गए। पुलिस द्वारा दुर्घटना को अंजाम देने वाले अज्ञात वाहन की तलाश तेज कर दी गई है। आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है तथा संभावित मार्गों पर पूछताछ भी की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपी वाहन और चालक की पहचान कर कार्रवाई की जाएगी। इस घटना से मनेन्द्रगढ़ सहित रामानुजनगर और घाघरा क्षेत्र में शोक का माहौल है।

**भोपाल में कांग्रेस की 'किसान महाचौपाल में राहुल ने दी चुनौती**

# 'अगर हिम्मत है तो ट्रेड डील रद्द करके दिखाएं पीएम मोदी'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने मध्यप्रदेश के भोपाल में आयोजित किसान महाचौपाल में तीखा हमला बोलते हुए कहा कि मोदी सरकार ने ट्रेड डील के जरिए देश की संप्रभुता और किसानों के हितों को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पास गिरवी रख दिया है। षकिसानों के उमड़े जनसैलाब के बीच कांग्रेस अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री को डरपोक और 'सरेंडर मोदी' करार देते हुए कहा कि अपने 60 साल के राजनीतिक जीवन में उन्होंने इतना डरपोक प्रधानमंत्री नहीं देखा। उन्होंने कहा कि डोनाल्ड ट्रंप के हिंदुस्तान व पाक के बीच सीजफायर कराने के दावे पर पीएम नरेंद्र मोदी ने एक शब्द नहीं कहा। खरगे ने तंज कसते हुए कहा कि जो प्रधानमंत्री रविवार को 'मन की बात' करते हैं, वे सोमवार को संसद में आकर विपक्ष से आंख मिलाने की हिम्मत नहीं जुटा पाते।

**व्यापार समझौते से किसानों को नुकसान : खड़गे**

कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को किसानों के खिलाफ बताते हुए कहा कि इस एग्रीमेंट से किसानों को अपनी उपज का उचित दाम नहीं मिलेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि पहले भारत को व्यापार में लाभ होता था, लेकिन अब सरकार की नीतियों से किसानों के हितों से समझौता किया जा रहा है। खड़गे ने कहा कि छोटे-छोटे देश भी अपने किसानों के लिए मजबूती से खड़े हैं, लेकिन मोदी सरकार अमेरिका के सामने मजबूती से बात नहीं रख पा रही है।

**यौन शोषण केस**
**अग्रिम जमानत की याचिका दाखिल**

# गिरफ्तारी से बचने शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद पहुंचे हाईकोर्ट

एजेंसी ▶▶| प्रयागराज



शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद और उनके शिष्य मुकुंदानंद ने गिरफ्तारी से बचने के लिए इलाहाबाद हाई कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की है। प्रयागराज के झूंसी थाने में 21 फरवरी को इनके खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज की गई थी। इस मामले में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद, मुकुंदानंद और 2-3 अन्य लोगों को आरोपी बनाया गया है। याचिकाकर्ताओं ने अदालत से अनुरोध किया है कि विवेचना जारी रहने तक उन्हें राहत प्रदान की जाए। यह याचिका सीधे तौर पर पुलिस की संभावित दंडात्मक कार्रवाई और गिरफ्तारी पर रोक लगाने की मांग को लेकर पेश की गई है। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के खिलाफ यह कानूनी कार्रवाई प्रयागराज के झूंसी थाने में दर्ज एक गंभीर शिकायत के बाद शुरू हुई है। 21 फरवरी को दर्ज हुई इस एफआईआर में पॉक्सो एक्ट जैसी संगीन धाराएं लगाई गई हैं।

**मामले में आया नया मोड़**

गौरतलब है कि स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के खिलाफ दर्ज पॉक्सो मामले में नया मोड़ आया है। शाहजहांपुर के रमाशंकर दीक्षित ने दावा किया कि शिकायतकर्ता आशुतोष पांडेय ने उन्हें आर्थिक लालच देकर अपनी बेटियों के जरिए शंकराचार्य पर यौन शोषण का झूठा आरोप लगाने का दबाव बनाया था। रमाशंकर ने डर के मारे आश्रम पहुंचकर स्वामी जी को पूरी सच्चाई बताई।

**ऐसे 'हैवान बेटे' की भला कौन करेगा चाहत?**

# पिता के शव को नीले-ड्रम में छिपाया, सिर काटकर 21 किमी दूर फेंका

**पिता बनाना चाहते थे डॉक्टर... बस यही विवाद**



मानवेंद्र (मृतक)



अक्षत (आरोपी)

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

वर्धमान पैथोलॉजी लैब के मालिक मानवेंद्र सिंह की उनके 21 साल के इकलौते बेटे अक्षत प्रताप सिंह ने गोली मारकर हत्या कर दी। हत्या के बाद शव को बाथरूम में आरी से काटकर टुकड़े नीले ड्रम में भर दिए। सिर को काटकर कार में रखा और घर से 21 किलोमीटर दूर फेंक आया। अन्य हिस्से को तारपिन से जलाने की फिराक में था। रूम स्प्रे छिड़कर दुर्गंध खत्म कर रहा था। अक्षत ने अपनी बहन के सामने घटना को अंजाम दिया। उसे धमकी दी कि किसी को बताया तो उसे भी मार डालेगा। पिता का सिर फेंकने के बाद आरोपी घर लौटा और कार की सफाई की। तीन दिन बाद सोमवार को वह थाने पहुंचा और गुमशुदगी दर्ज कराई। पुलिस ने जब पूछताछ शुरू की तो बेटा घबराया नजर आया। शक होने पर सख्ती से पूछताछ की गई, तब उसने जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस उसे लेकर मौके पर पहुंची और शव के टुकड़े बरामद किए, लेकिन सिर नहीं मिला।

**ऐसे बढ़ा विवाद**

आरोपी ने पुलिस को बताया कि उसके पिता चाहते थे कि वह नीट क्वालीफाई करके एमबीबीएस करे। वह इस बात पर अड़ा था कि एमबीबीएस के लिए उस पर जबरदस्ती न की जाए। वह पिता से कहता था कि पैथोलॉजी लैब की जगह लॉन या रेस्टोरेंट खोला जाए, जो ज्यादा अच्छा बिजनेस रहेगा। इसी बात को लेकर 20 फरवरी को पिता से बहस हुई। गुस्से में उसने पिता की लाइसेंसी राइफल से गोली मार दी। शव का बुधवार को अंतिम संस्कार होगा। वारदात आशियाना कोतवाली क्षेत्र के सेक्टर-एल की है। मृतक मानवेंद्र सिंह पैथोलॉजी लैब के अलावा शराब कारोबार से भी जुड़े थे।






# भूत बंगला से सामने आया अक्षय का नया लुक...

**मुंबई।** अक्षय कुमार की आगामी फिल्म 'भूत बंगला' अपनी घोषणा के बाद से ही लगातार चर्चाओं में बनी हुई है। इस हॉरर-कॉमेडी फिल्म के जरिए अक्षय कुमार और निर्देशक प्रियदर्शन की हिट जोड़ी 16 साल बाद बड़े पर्दे पर वापसी कर रही है। मंगलवार को मेकर्स ने फिल्म का एक नया मोशन पोस्टर जारी किया है। मेकर्स की ओर से जारी किए गए फिल्म के नए मोशन पोस्टर में अक्षय कुमार एक डरावने सिंहासन पर बैठे नजर आ रहे हैं। इस सिंहासन पर डरावने भूतों के सिर बने हुए हैं, जो मुंह फैलाते नजर आ रहे हैं।आंखों पर काला चश्मा लगाए अक्षय अपने गले और हाथों में कई रुद्राक्ष और अन्य मालाएं पहने हुए हैं।

## लाइफ Style

# तमन्ना

## खुद का प्रीमियम जूलरी ब्रांड किया लॉन्च

एजेंसी ▶▶ मुंबई

तमन्ना भाटिया ने हाल ही में अपना खुद का प्रीमियम जूलरी ब्रांड 'तमन्ना फाइन जूलरी' लॉन्च किया है। 'शुगर' कॉस्मेटिक्स की सीईओ और को-फाउंडर विनीता सिंह ने कहा- अगर आप शार्क टैंक इंडिया में होतीं तो मैं अपने सारे निवेश आपके ब्रांड में लगा देती।'

बॉलीवुड में ऐसे सितारों की कोई कमी नहीं जो एक्टिंग के साथ-साथ अलग-अलग तरह के बिजनेस में भी अपनी पहचान बनाने में जुटे हुए हैं। हाल ही में तमन्ना भाटिया ने भी इस लिस्ट में अपनी जगह बनाई है, जिसमें उन्होंने 'तमन्ना फाइन जूलरी' नाम से अपना खुद का प्रीमियम जूलरी ब्रांड लॉन्च किया है। हाल ही में एक बातचीत में तमन्ना ने भारत में कई सेलिब्रिटी-आधारित ब्रांड की असफलता पर बात करते हुए कहा कि खुद को वैसी असफलता से बचाने के लिए अपने ब्रांड के साथ शुरू से अंत तक गहराई से जुड़ी रहने के लिए तैयार हैं। 'शुगर' कॉस्मेटिक्स की सीईओ और को-फाउंडर विनीता सिंह के पॉडकास्ट पर बातचीत करते हुए तमन्ना ने कहा, 'मैं खुद को एक सेलिब्रिटी के रूप में नहीं देखती जो ब्रांड बना रही है। मैं खुद को एक फाउंडर के रूप में देखती हूं, जो इस ब्रांड को खड़ा करने की कोशिश कर रही है। कोई भी सिर्फ मेरे चेहरे के लिए इस तरह के महंगे उत्पाद में पैसा नहीं लगाएगा। मैं प्रॉडक्ट के प्रति ईमानदार हूं और अगर मेरा मकसद सिर्फ पैसा कमाना होता तो मैं कोई और कैटिगरी चुन सकती था। मैं इसकी जगह कोई ऐसा प्रॉडक्ट बना सकती थी जो बहुत फेमस होता और लोगों को खूब बिकता।'



# अमिताभ ने दिखाई कल्कि 2 के सेट की तस्वीरें



**मुंबई।** बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन ने 83 साल की उम्र में भी काफी एक्टिव हैं। उन्होंने अब नाग अश्विन की फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' के सीक्वल के लिए शूटिंग शुरू कर दी है। फिल्म 'कल्कि' में अमिताभ बच्चन पौराणिक किरदार अश्वत्थामा के रोल में दिखे थे। अब अमिताभ ने 'कल्कि 2' की शूटिंग शुरू कर दी है अमिताभ बच्चन ने 'कल्कि 2' के सेट से अपनी कई शानदार तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में से एक में वो कमल हासन से गले लगते दिख रहे हैं। पर्दे के पीछे की इन तस्वीरें को शेयर करते हुए उन्होंने 40 साल बाद कमल हासन के साथ फिर से काम करने पर खुशी जाहिर की है। इस बार अमिताभ करीब चार दशकों के बाद एक कमल हासन के साथ स्क्रीन शेयर करेंगे। अमिताभ ने इन झलकियों को शेयर करते हुए लिखा है, 'और महान कमल हासन से मुलाकात... हम सालों बाद साथ काम करेंगे। उन्होंने बताया कि आखिरी बार फिल्म 'गिरफ्तार' में दोनों ने साथ काम किया था। यानी साफ है कि पिछली फिल्म की शूटिंग के दौरान दोनों एक्टर की मुलाकात नहीं हो पाई। अमिताभ ने फिल्म को लेकर कहा है, 'कल्कि 2 ने काम शुरू कर दिया है... और रविवार को उनकी उपस्थिति की प्रतीक्षा में हमेशा प्यार और स्नेह को संजो कर रखेंगे... लेकिन उम्मीद है कि आने वाले रविवार को हम सभी के साथ होंगे।' यहां बता दें कि इस शूटिंग की वजह से पिछले रविवार को अमिताभ अपने फैन्स से मिलने घर से बाहर नहीं निकले थे और बरसों की परंपरा टूट गई।

# इंडिया में परफॉर्म करने के लिए तैयार शकीरा



लॉस एंजिल्स। ग्लोबल स्टार शकीरा इस साल भारत में फिर से एक बार शानदार परफॉरमेंस देने वाली हैं। इस बात की पुष्टि होने के बाद उनके फैंस काफी ज्यादा एक्साइटेड नजर आ रहे हैं। उन्होंने पिछली बार 2007 में इंडिया में परफॉर्म किया था। अब 19 साल बाद फिर से शकीरा अपना जलवा बिखेरने इंडिया आ रही हैं। लैटिन पॉप की ग्लोबल स्टार शकीरा इस अप्रैल भारत में लगभग 19 साल बाद धमाकेदार वापसी करने जा रही हैं। दिल्ली और मुंबई में शकीरा का कॉन्सर्ट होने वाला है। 2007 में अपने 'ऑरल फिक्सेशन टूर' के दौरान मुंबई में यादगार शो करने के बाद यह उनका पहला बड़ा कॉन्सर्ट होगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक, उनका दिल्ली कॉन्सर्ट 15 अप्रैल 2026 को होने की संभावना है, हालांकि आयोजक जल्द ही इसकी आधिकारिक तारीख की घोषणा करेंगे। यह शो दिल्ली के प्रतिष्ठित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित किया जा सकता है, जो इंटरनेशनल स्तर के बड़े म्यूजिक इवेंट्स के लिए जाना जाता है और हजारों दर्शकों की मेजबानी कर सकता है। वहीं, मुंबई में शकीरा 10 अप्रैल 2026 को परफॉर्म करेंगी।



# राजामौली और महेश में हुआ झगड़ा

**मुंबई।** रामगोपाल वर्मा ने अपने एक्स (ट्विटर) अकाउंट पर एक वीडियो मंगलवार को पोस्ट किया। इस वीडियो में बाहुबली फेम डायरेक्टर एसएस राजामौली और साउथ के सुपरस्टार महेश बाबू जमकर लड़ रहे हैं। एक-दूसरे को पटपटकर मार रहे हैं। आखिर दोनों ऐसा क्यों कर रहे हैं। और इस बात को लेकर क्यों रामगोपाल वर्मा कह रहे हैं कि सिनेमा मर चुका है। दरअसल यह वीडियो किसी ने एआई से बनाया है। यह वीडियो बिल्कुल रियल और मजेदार लग रहा है। लेकिन एक निर्देशक होने के नाते रामगोपाल वर्मा को यह बात पसंद नहीं आई है। सिनेमा में एआई के ऐसे दखल से वह शायद नाराज हैं, इस वजह से उन्होंने पोस्ट में लिखा- सिनेमा मर चुका है।

SHIVA EMBROCATION OIL
शिव एम्ब्रोकेशन ऑयल
रजि नं. 1721362
कापीराईट नं. 88763/10
दर्द का दुश्मन 25 दर्द की एक दवा - सिर दर्द, कमर दर्द, पसली दर्द या किसी भी अंग के आकस्मिक दर्द पर, दांत-दाढ़ के दर्द पर, चोट, मोच, सूजन पर, सर्दी- जुकाम पर, खांसी व श्वास (दमा) पर, न्यूमोनिया पर, गांठ (मांस की गांठ पड़ जाने पर), गिल्सी पर, टांसिल बढ़ने पर, कुलंग वात (सायटिका) पर, गठिया वात पर, चिकनगुनिया के दर्द पर, पेट फूलने पर, पेट दर्द व गैस पर, ताजे घाव का खून बंद करने के लिए, पके घाव के चारों और सूजन पर, खाज-खुजली पर, उठती हुई फुड़िया, बिस्कुटी आदि पर, खुर्रा पर, बिबाई फटने पर, बर्र काटने पर, बिच्छू काटने पर, थकावट पर असरकारक है।
नकली माल से सावधान
HMS देखकर खरीदें
94060-21769

## टीवी मसाला



# कॅरियर के सबसे चैलेंजिंग रोल में से एक है सूबेदार : अनिल

**मुंबई।** अनिल कपूर की मच-अवेटेड फिल्म 'सूबेदार' अमेजन प्राइम वीडियो पर प्रीमियर के लिए तैयार है। सोमवार को मुंबई में फिल्म का ट्रेलर लॉन्च हुआ। इस मौके पर अनिल कपूर ने 'सूबेदार' में काम करने के अपने अनुभव के बारे में बताया।अनिल कपूर ने कहा, 'यह फिल्म मेरे लिए बहुत खास है। यह रोल मेरे लिए मेरे कॅरियर के सबसे चैलेंजिंग रोल में से एक है। मैंने इसे हमेशा की तरह पूरे दिल और जान से किया है। मैंने अपनी तरफ से कड़ी मेहनत की है। जैसा कि मैं हमेशा करता हूं। मुझे उम्मीद है कि आपको यह फिल्म और हमारा काम पसंद आएगा।' ट्रेलर में दिखाया गया है कि अनिल कपूर एक रिटायर्ड आर्मी ऑफिसर के रोल में हैं। वह एक शहर में आते हैं, जहां गुंडाराज चल रहा है। मोना सिंह एक माफिया यानी दीदी के रोल में हैं। उसका एक भाई है, जो लोगों पर जुल्म करता है। एक दिन वह अनिल कपूर की बेइज्जती कर देता है। उसके बाद एक्शन शुरू होता है। सूबेदार एक एक्शन फिल्म है। इसका निर्देशन सुरेश त्रिवेणी ने किया है। इसमें अनिल कपूर के अलावा मोना सिंह, राधिका मदान, सौरभ शुक्ला, मोना सिंह, आदित्य रावल, फैजल मलिक और खुशबू सुंदर भी हैं। यह फिल्म 5 मार्च को स्ट्रीम होगी। सूबेदार के अलावा अनिल कपूर कई प्रोजेक्ट्स में व्यस्त हैं। वह पिछले साल फिल्म 'वॉर 2' में नजर आए थे। वह इस साल 'अल्फा' और 'किंग' फिल्म में भी नजर आएंगे। दोनों ही फिल्में इसी साल रिलीज होंगी। 'किंग' फिल्म में अनिल कपूर के अलावा कई नामी एक्टर्स भी नजर आएंगे।

## शादी की चर्चा के बीच दुबई में नजर आई तान्या

**नई दिल्ली।** बिग बॉस 19 फेम तान्या मित्तल हाल ही में लहंगे की शॉपिंग करती नजर आईं। जिसके बाद उनकी शादी को लेकर अटकलें लगनी लगीं। इसी बीच अब वह दुबई में हैं। एक वीडियो भी तान्या मित्तल ने साझा किया है। तान्या मित्तल ने रियलिटी शो 'बिग बॉस 19' में दर्शकों का खूब मनोरंजन किया था। अपनी अमीरी के किस्से वह शो में सुनाया करती थीं। हाल ही में वह दिल्ली के चांदनी चौक में लहंगे खरीदती दिखीं। लाल रंग का लहंगा भी तान्या से ट्राई किया। इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर मौजूद है। इसके बाद ही तान्या मित्तल के फैंस को लगा कि वह शादी करने वाली हैं। दुबई का वीडियो देखकर भी तान्या से फैंस ने पूछा कि वह अपने दूल्हे से कब मिलवा रही हैं। तान्या मित्तल अक्सर कहती हैं कि वह काफी अमीर हैं। लेकिन कई लोगों को लगता है कि वह झूठ बोलती हैं। लेकिन सोमवार को तान्या ने दुबई का एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह एक आलीशान होटल में ठहरी हैं और काफी महंगा ब्रेकफास्ट कर रही हैं। लेकिन ब्रेकफास्ट करने से पहले अपने साथ लाए लहंगों को अलग रखती हैं। लहंगे देखकर ही फैंस ने तान्या से दूल्हे के बारे में कमेंट सेक्शन में सवाल-जवाब किए। तान्या मित्तल शादी कर रही हैं, ऐसी ऑफिशियल अनाउसमेंट उन्होंने नहीं की है। हां, वह एक लहंगा ब्रॉन्ड का प्रमोशन शायद कर रही हैं। वहीं दुबई में सिर्फ घूमने के मकसद से ही गई हैं।



हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल | डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA | भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं : पी.एफ.टी., ब्रांकोस्कोपी, स्लीप स्टडी
स्पेशलिस्ट : खांसी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
समय दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड़, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029

Skin Care डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल
चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं • लेजर हेयर रिमूवल • केमिकल पीलिंग • हाइड्रोफेशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी • कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

डायबिटिक क्लीनिक
डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

सुधा सूरज फर्टिलिटी केयर
डॉ. सूरज कुमार चौधरी MD (Physician, Pathology)
डॉ.सुधा अग्रवाल चौधरी MBBS, MS (OBG) FRM स्त्री रोग विशेषज्ञ, इंफर्टिलिटी कंसल्टेंट
• पुरुष और महिला बांझपन परीक्षण • आईवीएफ, आईयूआई, पीसीओएस, सोनोग्राफी, • सभी पैथोलॉजी परीक्षण (रक्त, मूत्र, मल और वीर्य विश्लेषण) • गर्भवती महिला एवं गर्भाशय की सोनोग्राफी (टीवीएस, डॉपलर 3डी, 4डी)
C-81, VIP Estate, Opposite Ashoka Ratan Gate No.2, Shankar Nagar, Raipur, Mob. 63549 65797, 95120 44488

Vrinda Multispeciality Hospital Chest & Allergy Centre
वृन्दा चेस्ट एंड एलर्जी मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल
छाती, एजर्ली एवं सांस से जुड़ी सभी बीमारियों का आधुनिक एवं विशेषज्ञ उपचार एक ही स्थान पर
50 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त हॉस्पिटल 24 घंटे आपात चिकित्सा
अवंति बाई चौक, लोधीपारा, पंडरी रोड, कांपा, रायपुर (छ.ग.) संपर्क : 8962566221, 07714916125, 7223065604

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

निवेद चेस्ट & आई केयर
उपलब्ध सुविधायें: एलर्जी, अस्थमा, निमोनिया, फिजीयॉथेरेपी, धुम्रपान नियंत्रण स्लिप स्टड़ी और आईसीयू केयर
आई केयर सुविधायें: मोतियाबिंद, काला मोतिया, डायबिटिक रेटिनॉपेथी और मेडिकल रेटिना
डॉ. देवी ज्योति दास M.D. DNB PULMONARY MEDICINE (DELHI) (Gold medalist)
डॉ. नमित नंदे MS Ophthalmology
24, Central Avenue, Ground Floor, Below SBI Personal Banking Branch, Choubey Colony, Raipur (C.G.), Mob.: 0711-4337888,7697752001

अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
उपलब्ध विशेषताएं • लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

सिंघानिया स्किन केयर
सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311 Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411 www.makeoverraipur.com त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
» प्रसूति » नवजात » शिशु रोग » बांझपन » सोनोग्राफी » आयुष्मान कार्ड » बच्चों एवं बड़ों के आपरेशन » अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साई बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टिकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टैली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

वैरिकोज वेन्स & VASCULAR Clinic
वैरिकोज वेन्स & वैस्कुलर क्लिनिक
डॉ. प्रशांत पोटे MD DNB FVIR Interventional Radiologist
• वैरिकोज वेन्स • पैर का अल्सर • डीवीटी • फाइब्रॉइड • थायरॉइड/गॉइटर
पता- 309, लालगंगा बिजनेस पार्क, पचपेड़ी नाका, रायपुर, मोबाईल : 7400628099

पाइल्स क्षारसूत्र विशेषज्ञ
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक वेलनेस सेंटर
25 वर्षों का अनुभव
11000 से ऊपर सफल चिकित्सा
फाफाडीह / पंडरी, रायपुर, मो. 9039050422

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130



# संघर्ष और आस्था के लिए प्रेरित भी करते हैं लोकगीत

कला जगत
डा रचना मिश्र

छत्तीसगढ़ के लोक साहित्य के वर्गीकरण में लोकगीतों का विस्तृत क्षेत्र और उनका गरिमा मंडित रूप दृष्टिगत होता है। लोकगीत सामूहिक जनमानस की सामूहिक व्यंजना है। लोक स्मृति से चले जाने वाले गीतों के स्वरूप को उसी के रूप में रखना संभव नहीं होता। यह एक कंठ से दूसरे कंठ तक, एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक स्वयं रस वृष्टि करते रहते हैं। कई बार अकाल की विभीषिकाएं भी झेलनी पड़ती हैं मगर लोक जीवन इससे टूटता नहीं है, इसमें अशेष सहिष्णुता होती है, उसे अपनी शक्ति पर भरोसा है। वह अकाल को सुकाल में बदलने की क्षमता रखता है -

ऊंच नीच हो जाए, जिनगी के हाल गा।
नई गिरिस पानी एसो, नई पाके धान।
नई मिले काम बुता, नई बांचय परान।
का होही काली बर फेर चलही नागर।
बने रहय धरम करम बने रहय जांगर।
जावन दे दुकाल ल आवन दे सुकाल गा।

किसान को अपने खेत, गांव से इतना लगाव होता है कि वह सुविधाविहीन गांव में फटा पुराना पहन कर और रुखा सूखा खाकर रहना मंजूर करता है -

मैं तो गांव मा रहीहो गा।
बिरदा बसंती हा मोला नीक लागे गा।
तता तता नागर जोते तात कलेवा खाय।
फटे पुराना कपड़ा पहिन अपन दिन बिताय।
जईसे जईसे घर बने हे वईसे हे फुलवारी।
भाई भाई म मेल बने हे मालिक हे बलिहारी।



लोक साहित्य
डा बिहारी लाल साहू

## छत्तीसगढ़ में द्रविड़ परिवार की भाषाओं में कुरुख का स्थान



द्रविड़ परिवार की भाषाओं में छत्तीसगढ़ में कुरुख का स्थान सर्वोपरि है। इनकी गणना द्रविड़ भाषाओं के मध्यवर्ती वर्ग में गोंडी, कोलामी के साथ की जाती है। उरांव लोग स्वयं को कुरुख कहना अधिक पसंद करते हैं, तथा अपनी बोली को कुरुख कथा कहते हैं। कुरुख बोली रायगढ़, जशपुर और कोरिया जिलों में बोली जाती है। कहा जाता है कि यह कर्नाटक से आकर यहां बसे थे हैं, इसलिए कुरुख बोली और कन्नड़ में भाषा शास्त्रीय समानताएं परिणाम में दिखाई देती हैं। उरांव भाषी लोग छत्तीसगढ़ और छोटा नागपुर क्षेत्रों में रहते हैं। अब कुरुख भाषा की शुद्धता नष्ट हो रही है। जशपुर अंचल की बोली पर मुंडारी और सरगुजा की कुरुख सरगुजिया का प्रभाव पड़ रहा है। उरांव, कुरुख बोली का घर परिवार में तथा हाट बाजार में व्यवहार करते हैं। कुरुख बोली का लोक साहित्य बड़ा समृद्ध है। उरांव जाति के लोगों ने बड़ी संख्या में अन्य धर्म अपना लिए हैं। फलतः उनका अपनी पुरातन सांस्कृतिक परम्पराओं से भी विरत होना शुरू हो गया है।

{ पुस्तक समीक्षा }

## हमर परियावरण




कृति के नाव
हमर परियावरण

कृतिकार
डा. विवेक तिवारी

प्रकाशक
छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग

पुस्तक समीक्षा
डा. राघवेंद्र दुबे

छत्तीसगढ़ परियावरन ल बचाय के संदेसा हे – " हमर परियावरन " म हमर छत्तीसगढ़ के राजभाषा छत्तीसगढ़ी के प्रचार प्रसार अउ लइकन के ज्ञान बढ़ाय बर बिलासपुर के साहित्यकार डॉ विवेक तिवारी जी के किताब "हमर परियावरन " आय। ये किताब म दस पाठ म उन अब्बड़ सरल सहज छत्तीसगढ़ी म परियावरन बर लिखे हावंय । ये पोथी म दस ठन पाठ बनाके अउ पढ़इया मनन ल अभ्यास के प्रश्न अउ "खाली जगह भरव" के बुता देके सावचेत करेके जौन बुता करे हें तेन सहराए के लाइक हे। एखर पहली पाठ म परियावरन का आय ? तेला सरलउहन समझा के दूसर पाठ म "सुनव धरती मैया के गोहार" लिखके ओला कथा और नाटक के निसेनी लेके विषय ल अंतस म उतारे के उदीम आय। तीसर पाठ "कपड़ा के झोला बचाही तोला मोला" पॉलिथीन पन्नी के खिलाफत करके हाथ में झोला धराके संस्कृति ला चिन्हारी कराए हें। परियावरन चेतना चौथा पाठ म हबरा के लेखक एला जिनगी अउ व्यवहार म उतारे के गुनान करथे। पांचवा पाठ "जल हमर जिनगी" के रूप म सावचेत हे। छठवां पाठ पानी के महत्तम ल बढ़ोत एला संजो के रखे और बरबादी ले बचाए के सीख दिए गए हे । सातवां पाठ प्रदूसन ल लेके "अम्ल बरसा "के गुनान हे । आठवां पाठ" ग्लोबल वार्मिंग" दे गे हे । ये पोथी म बड़ अकन तकनीकी आखर लिखे गए हावय जउन जम्मो संसार म बोले समझे जाथे ते पाइके ओला ओही रूप म रखे गे हे ।

**लेखकों से..**

छत्तीसगढ़ की लोक कला, लोक साहित्य, पर्यटन, तीज त्योहार, गांव की कहानी, ऐतिहासिक, पुरातात्विक, शैलचित्र, भित्तिचित्र, कला कृति और पुरखा के सुरता के साथ ही सम सामयिक विषयों पर अधिकतम 500 शब्दों पर लेख भेजें- Choupalharibhoomi@gmail.com

ऐतिहासिक
विजय शर्मा

# मुगल काल में कौड़ियागढ़ ने रचा इतिहास





सन 1672 में मुगल सेनापति दिलेर खां ने कौड़ियागढ़ पर आक्रमण करते हुए सुअरमार गढ़ जहां के वीर डुंडीशाह एवं कोहंगी शाह ने वीरता पूर्वक मुगलों का मुकाबला किया, जिसमें अनेक आदिवासी लड़ाके शहीद हुए। यह मुकाबला ऐतिहासिक ग्राम खेमड़ा में हुआ। गोंडी परघरनिया द्वारा गाए जाने वाले यश गाथा में वीर रस के साथ वर्णन किया जाता है। इस बीच कारी मोटीयारी नाम की साहसी महिला ने नेतृत्व करते हुए सलिहागढ़ की घाटी में महिलाओं को संगठित कर गुरिल्ला युद्ध नीति से मुकाबला करने का संकल्प लिया और मुगलों का डट कर मुकाबला किया। उसके बाद कभी इस ओर झांकने की कभी हिम्मत नहीं की और यहां की गाथा को अमर कर दिया।

कौड़ियागढ़ में स्थित खंडहर और दुर्ग के अवशेष इस क्षेत्र की प्राचीन और मध्यकालीन ऐतिहासिक विरासत की गवाही देते हैं, जहाँ स्थानीय आदिवासी शासकों ने संघर्षपूर्ण इतिहास रचा।

### कौड़ियागढ़ के इतिहास से जुड़े प्रमुख बिंदु

**आदिवासी शासन और प्रारंभिक दौर**

ऐतिहासिक साक्ष्यों के अनुसार, कोरिया (कौड़ियागढ़) क्षेत्र में मूल रूप से बलेंद शासकों का शासन था। बाद में, कोल राजा और गोंड जमीनदारों के एक संयुक्त सैन्य बल ने बलेंद शासकों को कोरिया से खदेड़ दिया था। यह क्षेत्र अपनी भौगोलिक स्थिति के कारण एक प्रमुख सैन्य किला था, जिसे कोरियागढ़ कहा जाता था।

**रियासत का इतिहास**

कौड़ियागढ़ के शीर्ष पर एक पठार स्थित है, जहाँ आज भी पुरानी इमारतों के खंडहर मिलते हैं। माना जाता है कि यह किला कोरिया के तत्कालीन शासकों की राजधानी थी।

**मुगलकालीन संदर्भ**


छत्तीसगढ़ के अन्य क्षेत्रों की तरह, कोरिया भी मुगलों के सीधे नियंत्रण में काफी बाद में आया। मुगलों के समय यह क्षेत्र स्वतंत्र या अर्द्ध-स्वतंत्र आदिवासी जमींदारियों के रूप में कार्य करता था।

चिन्हारी: बद्री प्रसाद पारकर



# सकरी वाले कपाट

घर दुआर म घर के सुरक्षा खातिर लकड़ी के चौखट लगा के ओमा लोहा के गुजर ( हुक) लगावय। ओहि हुक पट्टी ल गुजर म फिट करय। जेखर ले कपाट ह घूम के चौखट में फीट हो जाय। कपाट ल बंद करे बर वोमे लोहा के सकरी जेमे तारा लगावत बन जावत रिहिस। जादातर कपाट ल सैगोन अउ बंबूर लकड़ी के बनावय। कतको झन मन नक्काशीदार घलो बनावय। देवारी तिहार म कपाट ल निकाल के कई जगा धोय बर घलो लेगय। दरवाजा मन बड़ मजबूत रहय। लकड़ी घलो हर घर मिल जावत रिहिस। लकड़ी के पहली कमी घलो नी रिहिस। अब तो एकरो रंग रूप में बदलाव आगे हावय। पहली जईसे कपाट के चलन अब नी दिखय। कपाट अउ सकरी के नाव सुनना घलो आगू सुने बर नी मिलही तईसे लगथे।



सुरता
डुमन लाल ध्रुव

# छत्तीसगढ़ के जननायक और शहीद रामाधीन गोंड़




रामाधीन गोंड़ का जन्म छत्तीसगढ़ की गोंड़ जनजाति में हुआ। वे बचपन से ही साहसी, निर्भीक और न्यायप्रिय व्यक्ति थे। गोंड़ जनजाति का जीवन प्रकृति, नदी, जंगल से जुड़ा हुआ होता है और इसी जीवन पद्धति ने उनमें स्वतंत्रता और स्वाभिमान का भाव विकसित किया। 18 वीं और 19 वीं शताब्दी के दौरान छत्तीसगढ़ और मध्य भारत में अंग्रेजों और सामंती व्यवस्था के शोषण से जनजातीय समाज त्रस्त था। बेगार प्रथा, भारी लगान, जबरन वसूली, जंगल जमीन से बेदखली जैसी समस्याओं ने गोंड़ समुदाय के जीवन को संकट में डाल दिया। इन्हीं परिस्थितियों में विद्रोह का बिगुल फूंका। अंग्रेज हुकूमत ने इस योद्धा के नेतृत्व और बढ़ते प्रभाव को खतरे के रूप में देखा। उनके आंदोलनों और विद्रोही गतिविधियों को कुचलने के लिए अंग्रेज अधिकारियों ने उन्हें पकड़ने की योजना बनाई। उन्हें गिरफ्तार कर क्रूर यातनाएं दी गईं। वे इन परिस्थितियों में भी अपने लक्ष्य पर डटे रहे। अंततः वे शहादत के मार्ग पर अमर हो गए, और अपने प्राणों का बलिदान देकर स्वतंत्रता आंदोलन की लौ को और अधिक प्रबल किया।

गांव की कहानी: कमलेश यादव

# भगवान राम की स्मृतियां रामाराम ग्राम में



भगवान राम के वनवास काल के दौरान भगवान राम के पथ कमल के अनेक प्रमाण हमें इतिहासों के माध्यम से मिलते हैं। अनेक धार्मिक मान्यताएं भी इस प्रमाण की पुष्टि करने के लिए पर्याप्त होते हैं। इसी संदर्भ में रामाराम ग्राम भी आता है जो बस्तर अंचल के सुकमा जिले में स्थित है। माना जाता है कि कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र से शबरी नदी के किनारे चलते हुए भगवान श्रीराम वर्तमान सुकमा जिले के रामाराम गांव पहुंचे थे। राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 30 पर शबरी नदी के तट पर राम ग्राम स्थित है। रामाराम गांव के निकट एक पहाड़ी पर भगवान राम के पद होने की किंवदंती प्रचलित है। इस स्थान की एक और विशेषता है कि यहां चिटमिटिन माता का मंदिर है। मान्यता है कि यहां भगवान राम ने भू देवी की पूजा अर्चना की थी। इस माता मंदिर की भी काफी मान्यता है। इस स्थान पर प्रति वर्ष मेले का आयोजन किया जाता है।



## खबर संक्षेप




### कल्याणी स्टील्स व दो अन्य ने सेबी को दिए 4.12 करोड़

**नई दिल्ली।** कल्याणी स्टील्स लिमिटेड (केएसएल) समेत तीन इकाइयों ने बाजार नियामक सेबी के साथ सूचना छिपाने और संबंधित पक्षों के बीच लेनदेन के नियमों के कथित उल्लंघन का मामला कुल 4.12 करोड़ रुपये का भुगतान कर सुलझा लिया। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) का यह आदेश तब आया जब कल्याणी स्टील्स लिमिटेड, बीएफ यूटिलिटीज और दीप्ति आर पुराणिक ने अपने खिलाफ शुरू की गई नियामकीय कार्रवाई को समाधान के जरिए सुलझाने का प्रस्ताव रखा।

### पीएम सूर्य घर योजना, 30 लाख घरों में रूफटॉप

**नई दिल्ली।** ''पीएम सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजना'' के तहत फरवरी, 2024 से अब तक देशभर में 30 लाख से अधिक घरों में छतों पर सौर ऊर्जा इकाई लगाई जा चुकी हैं। नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रल्हाद जोशी ने यह जानकारी दी। जोशी ने सोशल मीडिया मंच ''एक्स'' पर कहा, देशभर में 30 लाख परिवार अब ''पीएम सूर्य घर योजना'' के तहत रूफटॉप सौर प्रणाली से लैस हो चुके हैं। इस तरह सूर्य की रोशनी अब बचत और टिकाऊ विकास में बदल रही है।



### दिसंबर तिमाही में खुदरा ऋण 18% बकाया बढ़ा

**मुंबई।** खुदरा ऋण का बकाया दिसंबर तिमाही में 18.1 प्रतिशत बढ़कर 162 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया। सोने की कीमतों में तेजी, त्योहारी मांग और जीएसटी दरों में कटौती से कर्ज वितरण को बढ़ावा मिला। मंगलवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। क्रेडिट सूचना कंपनी 'सीआरआईएफ हाई मार्क' की इस रिपोर्ट के मुताबिक, अक्टूबर-दिसंबर, 2025 तिमाही के दौरान खुदरा ऋण में सबसे बड़ा हिस्सा रखने वाला आवासीय ऋण खंड 10.5 प्रतिशत बढ़कर 43 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया।




### सुजलॉन ने अजय कपूर को ग्रुप सीईओ किया नियुक्त

**नई दिल्ली।** नवीकरणीय ऊर्जा समाधान प्रदाता सुजलॉन ने अजय कपूर को मुख्य कार्यपालक अधिकारी (ग्रुप) मंगलवार को नियुक्त किया। कंपनी ने जे पी चलसानी को नवगठित 'ग्रुप एग्जीक्यूटिव काउंसिल' में पदोन्नत भी किया है। बयान के अनुसार, सुजलॉन 2.0 दृष्टिकोण के अनुरूप, सुजलॉन ने रणनीतिक दिशा को आगे बढ़ाने के लिए 'ग्रुप एग्जीक्यूटिव काउंसिल' (जीईसी) का गठन किया है।



### रुपया छह पैसे टूटकर 90.95 प्रति डॉलर पर



**मुंबई।** डॉलर की तेजी और कच्चे तेल की मजबूत कीमतों के बीच अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया छह पैसे की गिरावट के साथ 90.95 (अस्थायी) पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि घरेलू शेयर बाजार में तेज गिरावट और भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर अनिश्चितताओं ने रुपये पर और दबाव डाला, जबकि विदेशी कोषों का निवेश बढ़ने से कुछ समर्थन मिला।

# इस साल 9.1 प्रतिशत औसत वेतन वृद्धि का अनुमान : सर्वेक्षण

एजेंसी ▸▸| मुंबई

देश में इस साल विभिन्न क्षेत्रों के कर्मचारियों को औसतन 9.1 प्रतिशत वेतन वृद्धि मिलने की उम्मीद है, जो पिछले वर्ष की 8.9 प्रतिशत वेतन वृद्धि से थोड़ा अधिक है। मंगलवार को एक सर्वेक्षण रिपोर्ट में यह अनुमान जताया गया। वैश्विक पेशेवर सेवा कंपनी एओएन ने अपने 'वार्षिक वेतन वृद्धि एवं कारोबार सर्वेक्षण 2025-26' का हवाला देते हुए कहा कि इस साल 9.1 प्रतिशत की अनुमानित वेतन वृद्धि वर्ष 2025 में दर्ज 8.9 प्रतिशत की वास्तविक वृद्धि से थोड़ी अधिक है। गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) में कार्यरत कर्मचारियों का वेतन औसतन 10.1 प्रतिशत बढ़ सकता है। मोटर वाहन एवं वाहन विनिर्माण क्षेत्रों के कर्मचारियों को 9.9 प्रतिशत की वृद्धि मिलने की संभावना है। वहीं, इंजीनियरिंग डिजाइन सेवाओं में कार्यरत कर्मचारियों को भी 9.9 प्रतिशत की वृद्धि मिल सकती है।

## पिछले वर्ष की 8.9 प्रतिशत वेतन वृद्धि से थोड़ा अधिक

### रियल एस्टेट में रहेगी सर्वाधिक बढ़ोतरी

एओएन के सर्वेक्षण का 32वां संस्करण देश के 45 उद्योग क्षेत्रों में सक्रिय 1,400 से अधिक संगठनों के आंकड़ों के विश्लेषण पर आधारित है रिपोर्ट के मुताबिक, वर्ष 2026 में वेतन वृद्धि का अनुमान विभिन्न उद्योगों में अलग-अलग रहेगा। रियल एस्टेट एवं अवसंरचना क्षेत्रों के कर्मचारियों को सर्वाधिक 10.2 प्रतिशत की वेतन वृद्धि मिलने की उम्मीद है।



### इंजीनियरिंग व विनिर्माण में 9.5 फीसदी की वृद्धि संभव

सर्वेक्षण में पाया गया कि इंजीनियरिंग एवं विनिर्माण क्षेत्र के कर्मचारियों और खुदरा क्षेत्र के कर्मचारियों को औसतन 9.5-9.5 प्रतिशत की वेतन वृद्धि मिलने की संभावना है। रिपोर्ट के मुताबिक, ये रुझान दर्शाते हैं कि भारत में नियोक्ता बदलते बाजार परिवेश में विशेष कौशल वाली प्रतिभाओं के लिए कायम प्रतिस्पर्धा के बीच प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग एवं ग्राहक-सामना क्षमताओं को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

### भारत भी अनिश्चितता से जूझ रहा

एओएन इंडिया में साझेदार (प्रतिभा समाधान) रूपांक चौधरी ने कहा, ''भारत अपनी वृद्धि यात्रा के अगले चरण में एक मजबूत व्यापक आर्थिक बुनियाद के साथ कदम रख रहा है। कंपनियों के भू-राजनीतिक अनिश्चितता से जूझने के बावजूद सुदृढ़ घरेलू मांग, मुद्रास्फीति में नरमी और नए व्यापार समझौते मध्यम अवधि के लिए एक सकारात्मक दृष्टिकोण में योगदान दे रहे हैं।'' सर्वेक्षण रिपोर्ट के मुताबिक, 2025 में कर्मचारियों के नौकरी छोड़ने की दर घटकर 16.2 प्रतिशत रह गई।

## निवेशकों की करीब 3 लाख करोड़ रुपए की संपत्ति साफ हो गई

# आईटी शेयरों में बिकवाली से शेयर बाजार में बड़ी गिरावट, सेंसेक्स 1,069 अंक लुढ़का

एजेंसी ▸▸| मुंबई

कृत्रिम मेधा (एआई) से जुड़ी चुनौतियों और वैश्विक व्यापार अनिश्चितताओं के बीच सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) शेयरों में भारी बिकवाली से मंगलवार को घरेलू शेयर बाजार बड़ी गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 1,069 अंक टूट गया जबकि निफ्टी में 288 अंक की गिरावट रही।

- निफ्टी में भी 288 अंक की बड़ी गिरावट दर्ज की गई

विश्लेषकों ने कहा कि अमेरिका एवं ईरान के बीच बढ़ते तनाव के कारण कच्चे तेल की कीमतों में तेजी ने भी निवेशकों की धारणा को प्रभावित किया। दो सत्रों की तेजी के बाद बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 1,068.74 अंक यानी 1.28 प्रतिशत टूटकर 82,225.92 अंक पर बंद हुआ।

**खास बातें**

- अमेरिका व ईरान के बीच बढ़ते तनाव से सहमा बाजार
- कच्चे तेल की कीमतों में तेजी ने भी निवेशकों की धारणा बदली



**टेक महिंद्रा के शेयर में सर्वाधिक गिरावट :** आईटी कंपनियों में से टेक महिंद्रा के शेयर में सर्वाधिक 6.6 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। इसके अलावा एचसीएल टेक, इन्फोसिस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और लार्सन एंड टुब्रो के शेयरों में भी गिरावट रही। इसके विपरीत एनटीपीसी, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा स्टील और सन फार्मा में तेजी का रुख देखा गया।

### सूचकांक 1360 के स्तर तक लुढ़क चुका था

कारोबार के दौरान एक समय यह 1,359.93 अंक लुढ़ककर 81,934.73 अंक तक आ गया था। एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी भी 288.35 अंक यानी 1.12 प्रतिशत के नुकसान के साथ 25,424.65 अंक पर बंद हुआ। दिन में यह 385.4 अंक फिसलकर 25,327.60 अंक तक आ गया था। व्यापक गिरावट के बीच निफ्टी में शामिल 32 शेयर गिरकर बंद हुए।

### नई चिंताओं के कारण निवेशक धारणा कमजोर

रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा, ''वैश्विक व्यापार घटनाक्रम और बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव को लेकर पैदा हुई नई चिंताओं के बीच निवेशक धारणा कमजोर रही और कच्चे तेल के दाम भी चढ़ गए। इसके अलावा एआई से व्यापक व्यवधान की आशंका और वैश्विक प्रौद्योगिकी शेयरों में बने दबाव का असर भी मानक सूचकांकों की गिरावट के रूप में देखा गया।

### एआई की वजह से व्यापक गिरावट दर्ज

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, /''घरेलू बाजार में तेज गिरावट दर्ज की गई, जिसका नेतृत्व आईटी शेयरों ने किया। एआई की वजह से व्यापक व्यवधान और पारंपरिक आईटी सेवा प्रदाताओं के मार्जिन पर दबाव से जुड़ी वैश्विक चिंताएं फिर उभर आई हैं।

### आईटी क्षेत्र लंबे समय तक दबाव में रहने की आशंका

नायर ने कहा कि आईटी क्षेत्र में लंबे समय तक दबाव रहने की आशंका से रियल एस्टेट शेयरों पर भी असर पड़ा, क्योंकि इससे घरों की मांग और मूल्यांकन प्रभावित हो सकते हैं। क्षेत्रवार सूचकांकों में फोकस आईटी खंड में सर्वाधिक 4.80 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई जबकि आईटी खंड में 4.53 प्रतिशत, रियल्टी खंड में 2.61 प्रतिशत और दूरसंचार खंड में 1.79 प्रतिशत की गिरावट रही।

### स्मॉलकैप में रही गिरावट

व्यापक बाजार में छोटी कंपनियों का बीएसई स्मॉलकैप सिलेक्ट सूचकांक 0.68 प्रतिशत और मझोली कंपनियों का मिडकैप सिलेक्ट 0.54 प्रतिशत नीचे आ गया। बीएसई पर सूचीबद्ध कुल 2,802 शेयर नुकसान के साथ बंद हुए जबकि 1,422 शेयरों में बढ़त रही और 143 अन्य अपरिवर्तित रहे।

# अक्टूबर-दिसंबर में भारत की जीडीपी 8% की दर से बढ़ेगी

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली




नए आधार वर्ष 2022-23 की संशोधित श्रृंखला के तहत चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर 8.1 प्रतिशत के करीब रहने की उम्मीद है। मंगलवार को जारी एक रिपोर्ट में यह अनुमान लगाया गया। चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में देश की अर्थव्यवस्था आठ प्रतिशत की दर से बढ़ी है। पिछले महीने राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के पहले अग्रिम अनुमान के अनुसार, वित्त वर्ष 2025-26 में वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद में 7.4 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान लगाया गया है, जबकि पिछले वित्त वर्ष में वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत थी। वित्त वर्ष 2025-26 के लिए जीडीपी के दूसरे अग्रिम अनुमान 27 फरवरी को जारी किए जाएंगे। इनमें नए आंकड़े और संशोधन शामिल होंगे। इसलिए, पहले और दूसरी तिमाही के सभी पुराने आंकड़े भी नए आधार वर्ष 2022-23 के अनुसार बदल सकते हैं। भारतीय स्टेट बैंक के आर्थिक अनुसंधान विभाग की रिपोर्ट में कहा गया, तीसरी तिमाही में आर्थिक गतिविधियां मजबूत बनी हुई हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में खपत मजबूत है, जो खेती और गैर-कृषि गतिविधियों से मिले सकारात्मक संकेतों की वजह से है। रिपोर्ट में कहा गया कि तीसरी तिमाही में वास्तविक जीडीपी की वृद्धि लगभग 8.1 प्रतिशत रहने की उम्मीद है।

- एनएसओ ने जारी किया अनुमान

### एससीबी की जमा वृद्धि ऋण वृद्धि की तुलना में धीमी

हालांकि, नई गणना पद्धति में महत्वपूर्ण बदलाव होने के कारण संशोधन की दिशा का अनुमान लगाना कठिन है। इसमें आगे कहा गया कि अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी) की जमा वृद्धि ऋण वृद्धि की तुलना में धीमी बनी हुई है। आरबीआई के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, कुल जमा में 12.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि ऋण में 14.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

# सरकार ने 2026-27 सत्र के लिए कच्चे जूट का एमएसपी बढ़ाया

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) ने मंगलवार को विपणन सत्र 2026-27 में कच्चे जूट के लिए 5,925 रुपये प्रति क्विंटल के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को मंजूरी दे दी, जो पिछले सत्र के एमएसपी से 275 रुपये ज़्यादा है। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इस फैसले से खासकर पश्चिम बंगाल और असम में, जूट उगाने वालों को फ़ायदा होगा। भारत दुनिया में कच्चे जूट के सबसे बड़े उत्पादकों में से एक है। यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति द्वारा प्रधानमंत्री के नए कार्यालय, सेवा तीर्थ में अपनी पहली बैठक में लिए गए फ़ैसलों में से एक था। एक सरकारी बयान में कहा गया है कि टीडी-3 ग्रेड के कच्चे जूट के लिए तय किया गया एमएसपी, किसानों को उत्पादन की अखिल-भारतीय भारित औसत लागत पर 61.8 प्रतिशत का लाभ देगा। यह फैसला सरकार के इस सिद्धान्त के मुताबिक है जिसके तहत एमएसपी को उत्पादन के अखिल-भारतीय भारित औसत लागत के कम से कम 1.5 गुना तय किया जाता है, जैसा कि केंद्रीय बजट 2018-19 में कहा गया था। बयान में कहा गया है कि वर्ष 2014-15 से, कच्चे जूट का एमएसपी 2,400 रुपये प्रति क्विंटल से बढ़ाकर वर्ष 2026-27 में 5,925 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है, जो 3,525 रुपये प्रति क्विंटल या 2.5 गुना ज़्यादा है।

- एमएसपी 275 रुपए बढ़ाकर 5925 रुपए प्रति क्विंटल किया



# टोरेंट ग्रुप ने डायग्नोस्टिक कारोबार में कदम रखा

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

गुजरात स्थित टोरेंट ग्रुप ने स्वास्थ्य जांच से जुड़े डायग्नोस्टिक क्षेत्र में कदम रखते हुए देश की सबसे बड़ी राष्ट्रीय संदर्भ प्रयोगशाला का संचालन शुरू किया है। समूह ने एक बयान में कहा कि नवी मुंबई में एक लाख वर्ग फुट से अधिक क्षेत्र में फैली यह प्रयोगशाला स्वास्थ्य जांच की 15 विभिन्न शाखाओं और 3,500 से अधिक परीक्षण सेवाओं का समर्थन करती है। इनमें निवारक, नियमित और विशेष जांच शामिल हैं। बयान के मुताबिक, टोरेंट ग्रुप 'संदर्भ-केंद्रित मॉडल' के जरिये डायग्नोस्टिक कारोबार का विस्तार करेगा। इस मॉडल में विभिन्न शहरों से नमूने इकट्ठा कर केंद्रीय प्रयोगशाला में भेजे जाएंगे, जहां उन्नत और विशेष परीक्षण किए जाएंगे। टॉरेंट ग्रुप के निदेशक वरुण मेहता ने कहा, /''डायग्नोस्टिक क्षेत्र में प्रवेश करते हुए हमने दीर्घकालिक दृष्टिकोण अपनाया है और इसकी शुरुआत मजबूत वैज्ञानिक आधार से की है।



**गुणवत्ता मानक तय करने में मिलेगी मदद**

राष्ट्रीय संदर्भ प्रयोगशाला के इर्द-गिर्द संगठन को स्थापित करने से हमें उद्योग में सबसे व्यापक परीक्षण सूची प्रदान करने के साथ सुदृढ़ कामकाजी ढांचा, सत्यापन प्रणाली और गुणवत्ता मानक तय करने में मदद मिलेगी।

# चीन ने जापानी कंपनियों को निर्यात नियंत्रण सूची में डाला

एजेंसी ▸▸| बीजिंग

चीन ने मंगलवार को 20 जापानी कंपनियों को निर्यात नियंत्रण सूची में और 20 अन्य को निगरानी सूची में डाल दिया। ताइवान को लेकर जापान की प्रधानमंत्री साने ताकाइची की कुछ पुरानी टिप्पणियों को लेकर उत्पन्न विवाद के बाद यह कदम उठाया गया है। ताइवान एक स्व-शासित द्वीप है जिस पर चीन अपना दावा करता है। चीन के वाणिज्य मंत्रालय के बयान के अनुसार, चीनी निर्यातकों को 20 जापानी कंपनियों को द्वि-उपयोग (डुअल-यूज) वस्तुएं बेचने पर प्रतिबंध रहेगा, जिनका उपयोग नागरिक एवं सैन्य दोनों उद्देश्यों के लिए किया जा सकता है।

- चीन ने जापान की 20 कंपनी को नियंत्रण व 20 को निगरानी सूची में डाला



### गतिविधियां तुरंत बंद करने कहा गया

मंत्रालय ने कहा कि विदेशी संगठन या व्यक्ति भी चीन में उत्पन्न द्वि-उपयोग वस्तुएं इन 20 संस्थाओं को उपलब्ध नहीं करा सकेंगे। बयान में कहा गया, '' संबंधित सभी जारी गतिविधियां तुरंत बंद की जानी चाहिए।''निशाने पर आई कंपनियों में मित्सुबिशी हैवी इंडस्ट्रीज की कई अनुषंगी इकाइयां शामिल हैं जो जहाज निर्माण एवं विमान इंजनों तथा समुद्री मशीनरी के उत्पादन से जुड़ी हैं। साथ ही कावासाकी हैवी इंडस्ट्रीज और फुजित्सु के कुछ प्रभाग भी इसमें शामिल हैं।

### दूसरी सूची में सुबारू व मित्सुबिशी कंपनी शामिल

दूसरी सूची में सुबारू कॉरपोरेशन, मित्सुबिशी मैटेरियल्स कॉरपोरेशन और इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस टोक्यो सहित अन्य कंपनियां शामिल हैं। चीनी वाणिज्य मंत्रालय ने कहा कि इन कदम का उद्देश्य जापान के पुनः सैन्यीकरण एवं परमाणु महत्वाकांक्षाओं पर अंकुश लगाना है और ये ''पूरी तरह वैध, उचित एवं कानूनी'' हैं।

### दोनों देशों में आदान-प्रदान प्रभावित नहीं होगा

मंत्रालय ने कहा, '' ये कदम केवल कुछ चुनिंदा जापानी संस्थाओं पर लक्षित हैं और संबंधित उपाय केवल द्वि-उपयोग वस्तुओं तक सीमित हैं। इससे चीन और जापान के बीच सामान्य आर्थिक एवं व्यापारिक आदान-प्रदान प्रभावित नहीं होगा। ईमानदार तथा कानून का पालन करने वाली जापानी संस्थाओं को चिंता करने की आवश्यकता नहीं है।''

## बिजनेस साइट

# जेईई-मेन 2026 जनवरी सेशन छत्तीसगढ़ की टॉप-3 रैंक एलन से

रायपुर। देश की सबसे बड़ी इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई-मेन 2026 के जनवरी सेशन के परिणामों में एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट छत्तीसगढ़ ने एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। संस्थान के अनुसार प्रदेश की टॉप-3 रैंक एलन के विद्यार्थियों ने हासिल की हैं। एलन रायपुर के एकेडमिक हेड कुणाल सिंह ने बताया कि एलन कोटा के युग माहेश्वरी ने 99.993 परसेंटाइल के साथ पहला स्थान प्राप्त किया। बिलासपुर के आदित्य अग्निहोत्री ने 99.991 परसेंटाइल के साथ दूसरा स्थान और रायपुर के अथर्व ठाकुर ने 99.976 परसेंटाइल के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। उन्होंने बताया कि अब तक प्राप्त जानकारी के अनुसार एलन छत्तीसगढ़ से 4 विद्यार्थियों ने 99.9 परसेंटाइल से अधिक, 17 विद्यार्थियों ने 99.5 परसेंटाइल से अधिक और 37 विद्यार्थियों ने 99 परसेंटाइल से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। इनमें से 6 विद्यार्थी एलन बिलासपुर और 31 विद्यार्थी एलन रायपुर से हैं। टॉप-3 के अलावा एलन बिलासपुर के गौरव ने 99.960 परसेंटाइल प्राप्त किए। वहीं एलन रायपुर के सार्थक मोहरिल (99.922), अथर्व शर्मा (99.884), दिव्यांश यादव (99.852), रोहित सिंह परमार (99.791) और सानवी मित्तल (99.776) ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के सीईओ नितिन कुकरेजा ने बताया कि देशभर में 12 विद्यार्थियों को ओवरऑल 100 पर्सेन्टाइलर घोषित किया गया है, जिनमें से 8 विद्यार्थी एलन से हैं। एलन कोटा के क्लासरूम छात्र कबीर छिल्लर ने 300 में से 300 अंक प्राप्त कर पूर्णांक हासिल किया है। क्लासरूम कोर्स से अर्णव गौतम, शुभम कुमार, भावेश पात्रा, अनय जैन, निमय पुरोहित और चिरंजीब कर ने 100 पर्सेन्टाइल स्कोर किया है। वहीं एलन ऑनलाइन रिकॉर्डेड एवं टेस्ट सीरीज कोर्स के छात्र श्रेयस मिश्रा ने भी 100 पर्सेन्टाइल प्राप्त किया।



- 99 .9 परसेंटाइल से ऊपर 4 छात्र

# इट्सा हॉस्पिटल्स में स्ट्रोक मरीज का सफल इलाज

रायपुर। सड्डू स्थित इट्सा हॉस्पिटल्स में एक मध्यम आयु के सरकारी कर्मचारी को समय रहते उपचार मिलने से नई ज़िंदगी मिली। यह पूरा उपचार वरिष्ठ न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. अभिजीत कुमार कोहाट की देखरेख में संपन्न हुआ। सुबह करीब 6 बजे मरीज अचानक घर पर गिर पड़े। शरीर के एक हिस्से में लकवे जैसे लक्षण और बोलने में कठिनाई स्पष्ट रूप से एक्यूट स्ट्रोक की ओर संकेत कर रहे थे। परिजन उन्हें सुबह अस्पताल लेकर पहुंचे। जांच के बाद तुरंत थ्रोम्बोलाइसिस शुरू किया गया, जो इस्कीमिक स्ट्रोक में थक्के को घोलने की प्रभावी प्रक्रिया है। डॉक्टरों के अनुसार मरीज 'क्रिटिकल विंडो' के भीतर अस्पताल पहुंच गया था, जिससे उपचार का असर तेजी से दिखा। कुछ ही दिनों में हालत में उल्लेखनीय सुधार हुआ और जो मरीज स्ट्रेचर पर आया था, वह अपने पैरों पर चलकर घर लौटा। दो महीने बाद वह पुनः अपने कार्यस्थल पर सक्रिय है। डॉ. कोहाट ने बताया कि अनियंत्रित उच्च रक्तचाप और धूम्रपान जैसे जोखिम कारक स्ट्रोक की आशंका बढ़ाते हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि शरीर के एक हिस्से में अचानक कमजोरी, बोलने में लड़खड़ाहट या मुँह का टेढ़ा होना दिखे तो तत्काल अस्पताल पहुंचना चाहिए।



# भीलवाड़ा में संभव स्टील की फैब्रिकेटर मीट



- 100 से अधिक व्यापारिक सहयोगी हुए शामिल

रायपुर। संभव स्टील ट्यूब्स लिमिटेड के स्टेनलेस स्टील डिवीजन द्वारा भीलवाड़ा के होटल डीलाइस में अधिकृत एसोसिएट पाइप निर्माता चिरायु स्टील के सहयोग से 'फैब्रिकेटर मीट' का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भीलवाड़ा व आसपास के क्षेत्रों से 100 से अधिक फैब्रिकेटर और रिटेलर शामिल हुए। कंपनी देश के अग्रणी स्टील उत्पादकों में अपनी पहचान बना चुकी है और स्टेनलेस स्टील कॉइल, गैल्वनाइज्ड कॉइल तथा ईआरडब्ल्यू पाइप एवं ट्यूब्स के निर्माण के लिए जानी जाती है। आधुनिक उत्पादन तकनीक, सख्त गुणवत्ता मानक और मजबूत वितरण नेटवर्क इसकी विशेषताएं हैं। चिरायु स्टील, संभव स्टील के अधिकृत स्टेनलेस स्टील पाइप निर्माता के रूप में इसी गुणवत्ता और भरोसे को क्षेत्रीय बाजार तक सशक्त रूप से पहुंचा रहा है। कार्यक्रम के दौरान कंपनी की प्रोफाइल, उत्पादन प्रक्रिया, गुणवत्ता नियंत्रण प्रणाली एवं व्यापक उत्पाद श्रृंखला पर विस्तृत प्रस्तुति दी गई। उपस्थित प्रतिभागियों ने संभव स्टील के उत्पादों की मजबूती, बेहतर फिनिशिंग और निरंतर गुणवत्ता की सराहना की तथा इसे दीर्घकालिक व्यावसायिक सहयोग की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया। इस अवसर पर कंपनी के नेशनल सेल्स हेड बृजेश त्रिपाठी, जीएम सेल्स शिरीष राठी एवं देशदीपक पांडे सहित मार्केटिंग टीम के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# रायपुर में स्पर्श फैब का एक्सक्लूसिव फैब्रिक डिस्प्ले

रायपुर। यूनिफॉर्म फैब्रिक सेगमेंट को नए सिरे से परिभाषित करने के विजन के साथ आगे बढ़ रही स्पर्श फैब टेक्सटाइल्स प्राइवेट लिमिटेड ने रायपुर में एक एक्सक्लूसिव फैब्रिक डिस्प्ले का आयोजन किया। यह आयोजन अकाटैक्स के सहयोग से संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में छत्तीसगढ़ के व्यापारी-बंधु उपस्थित रहे। फैब्रिक डिस्प्ले में स्पर्श फैब टेक्सटाइल्स प्राइवेट लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर गिरीश टोडी, विकास टोडी एवं अकाटैक्स से सरल मोदी, क्षितिज मोदी, धैर्य मोदी विशेष रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम को केवल उत्पाद प्रदर्शन नहीं, बल्कि एक ग्रोथ प्लेटफॉर्म के रूप में डिजाइन किया गया था। कंपनी के पास 170+ इन-हाउस लूम, प्रत्येक बैच पर 18 लैब क्वालिटी टेस्ट, 350+ प्रोफेशनल टीम और देशभर में 5000+ चैनल पार्टनर्स का मजबूत नेटवर्क है। 24×7 सीआरएम सपोर्ट सिस्टम पूछताछ से डिलीवरी तक बेहतर समन्वय सुनिश्चित करता है। स्पर्श फैब स्कूल, कॉर्पोरेट, हॉस्पिटैलिटी, हेल्थकेयर, सिक्योरिटी और ऑटोमोटिव सेक्टर के लिए यूनिफॉर्म फैब्रिक उपलब्ध कराता है। 30+ स्पेशल कैटेगरी कैटलॉग और 5000+ रेडी डिज़ाइन के साथ कंपनी तेज डिलीवरी का भरोसा देती है।




- यूनिफॉर्म फैब्रिक सेगमेंट को नई दिशा

## पाकिस्तान टूर्नामेंट से बाहर होने की कगार पर, इंग्लैंड 2 विकेट से जीता

# पाक को हराकर इंग्लैंड सेमीफाइनल में, वर्ल्ड कप में शतक जड़ने वाले पहले कप्तान बने ब्रुक

एजेंसी ▶▶| पाल्लेकल

कप्तान हैरी ब्रुक की टी20 अंतरराष्ट्रीय में करियर की सर्वश्रेष्ठ 100 रन की पारी से इंग्लैंड ने आईसीसी टी20 विश्व कप के सुपर आठ चरण के रोमांचक मैच में पाकिस्तान को पांच गेंद शेष रहते 2 विकेट से हराकर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। साहिबजादा फरहान की 45 गेंद में 63 रन की पारी से पाकिस्तान ने 9 विकेट पर 164 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा किया था। 'प्लेयर ऑफ द मैच' हैरी ब्रुक ने 51 गेंद में 10 चौके और 4 छक्के जडे. और शतक पूरा किया, टी20 वर्ल्ड कप में शतक जड़ने वाले पहले कप्तान बन गए। टी20 अंतरराष्ट्रीय में उनके पहले शतक से इंग्लैंड ने 5 गेंद शेष रहते 8 विकेट पर 166 रन बनाकर रोमांचक जीत दर्ज की।

### इंग्लैंड लगातार पांचवीं बार खेलेगा सेमीफाइनल

ब्रुक ने पावरप्ले में 3 और 58 रन तक चार विकेट गंवाने के बावजूद पांचवें विकेट के लिए सैम कुरेन (15 गेंद में 16 रन) के साथ 28 गेंद में 45 और विल जैक्स (23 गेंद में 28 रन) के साथ छठे विकेट के लिए 31 गेंद में 52 रन की साझेदारी कर टीम को जीत दिलाई। यह टी20 विश्व कप के इतिहास में इंग्लैंड के किसी कप्तान की ओर से बनाया गया सर्वोच्च स्कोर भी है। इंग्लैंड लगातार पांचवीं बार टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचा है। वह मौजूदा सत्र में ऐसा करने वाला देश है। पाकिस्तान के लिए शाहीन शाह अफरीदी ने चार जबकि उस्मान तारिक और मोहम्मद नवाज ने दो-दो विकेट लिए।




### ब्रुक ने रचा इतिहास

टी20 वर्ल्ड कप के सुपर-8 में पाकिस्तान के खिलाफ इंग्लैंड के कप्तान हैरी ब्रुक ने शतक जड़कर इतिहास रचा। ब्रुक ने 51 गेंद पर 100 रनों की पारी खेली और इतिहास रच दिया। वह टी20 वर्ल्ड कप में शतक जड़ने वाले पहले कप्तान बन गए। वह 2026 टी20 वर्ल्ड कप में शतक जड़ने वाले चौथे खिलाड़ी बने। यह उनके टी20 इंटरनेशनल करियर का पहला शतक है। वह पहली बार अपने करियर में तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे।

### हैरी ने की गेल की बराबरी

टी20 वर्ल्ड कप में यह संयुक्त रूप से दूसरा सबसे तेज शतक है। इस मामले में उन्होंने उन्होंने क्रिस गेल की बराबरी की है। ब्रुक ने इस मैच में 50 बॉल में शतक लगाया, वहीं क्रिस गेल ने 2007 टी20 वर्ल्ड कप में साउथ अफ्रीका के खिलाफ मैच में 50 गेंदों में सेंचुरी लगाई थी। टी20 वर्ल्ड कप में सबसे तेज शतक लगाने का रिकॉर्ड क्रिस गेल के नाम ही है। गेल ने 2016 टी20 वर्ल्ड कप में इंग्लैंड के खिलाफ सिर्फ 47 गेंदों में सेंचुरी ठोकी थी।

### फरहान ने खेली 63 रनों की पारी

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की टीम ने 20 ओवर में 9 विकेट खोकर स्कोर बोर्ड पर 164 रन लगाए। टीम की तरफ से साहिबजादा फरहान ने 63 रनों की पारी खेली। फखर जमान ने 25 रनों का योगदान दिया। बाबर आजम ने 25 रन बनाए। शादाब खान ने 23 रन बनाए। गेंदबाजी में इंग्लैंड की ओर से लियाम डॉसन ने 4 ओवर में 24 रन खर्च करते हुए 3 विकेट अपने नाम किए। आर्चर ने 32 रन देकर 2 विकेट चटकाए, जबकि जेमी ओवरटन ने 2 विकेट निकाले।

## वूमेन्स टी20 वर्ल्ड कप के शेड्यूल का ऐलान

# 12 टीमें लेंगी हिस्सा, भारत का पहला मुकाबला पाकिस्तान के खिलाफ


एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

महिला क्रिकेट के सबसे बड़े मंच का काउंटडाउन शुरू हो चुका है। आईसीसी ने वूमेन्स टी20 वर्ल्ड कप के पूरे शेड्यूल का ऐलान कर दिया है। इसके साथ ही भारत बनाम पाकिस्तान मैच की तारीख का भी खुलासा हो गया है। एक बार फिर दो चिर-प्रतिद्वंद्वी टीमें टूर्नामेंट में आमने-सामने होंगी, जहां मुकाबला सिर्फ जीत-हार का नहीं, बल्कि प्रतिष्ठा का भी होगा।

वूमेन्स टी20 वर्ल्ड कप इस साल 12 जून से 5 जुलाई तक इंग्लैंड और वेल्स में खेला जाएगा और इस बार 12 टीमें हिस्सा लेंगी। लीग स्टेज में ही भारत और पाकिस्तान का हाई-वोल्टेज मुकाबला देखने को मिलेगा। भारत और पाकिस्तान 14 जून को एजबेस्टन में आमने-सामने होंगे।

### एक ही ग्रुप में भारत-पाकिस्तान

ग्रुप 1 में ऑस्ट्रेलिया, भारत, पाकिस्तान, साउथ अफ्रीका, बांग्लादेश और नीदरलैंड्स को जगह मिली है। लीग स्टेज में ही भारत और पाकिस्तान का हाई-वोल्टेज मुकाबला देखने को मिलेगा। भारत और पाकिस्तान 14 जून को एजबेस्टन में आमने-सामने होंगे। महिला क्रिकेट में भी यह प्रतिद्वंद्विता हर बार रोमांच से भर देती है, और इस बार भी स्टेडियम खचाखच भरे रहने की उम्मीद है। भारत हालिया टूर्नामेंटों में शानदार प्रदर्शन कर चुका है, जबकि ऑस्ट्रेलिया 6 बार की चैंपियन टीम है। ऐसे में इस ग्रुप को 'ग्रुप ऑफ डेथ' कहा जा रहा है। पाकिस्तान भी बड़े मंच पर उलटफेर करने की क्षमता रखता है, जिससे भारत-पाक मुकाबला और भी अहम बन गया है।



### वूमेन्स टी20 वर्ल्ड कप के ग्रुप

ग्रुप 1: ऑस्ट्रेलिया, साउथ अफ्रीका, भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश, नीदरलैंड्स

ग्रुप 2: वेस्टइंडीज, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, श्रीलंका, आयरलैंड, स्कॉटलैंड

### इस दिन होंगे टीम इंडिया के मुकाबले

टीम इंडिया अपना पहला मैच 14 जून को एजबेस्टन में पाकिस्तान के खिलाफ खेलेगी, जिसके बाद 17 जून को उसका सामना नीदरलैंड्स से होगा। 21 जून को टीम इंडिया के सामने साउथ अफ्रीकी टीम होगी, जबकि 25 जून को उसका समना बांग्लादेश से होगा। 28 जून को भारत के सामने ऑस्ट्रेलियाई टीम होगी। विमेंस टी20 वर्ल्ड कप में अब तक कुल 9 एडीशन खेले गए हैं, जिसमें भारत के नाम एक भी खिताब नहीं है। टीम इंडिया ने चार बार सेमीफाइनल और एक बार फाइनल में प्रवेश किया है, लेकिन ट्रॉफी अपने नाम नहीं कर सकी। इस बार भारत का मकसद जीत के साथ अपने सफर को पूरा करना होगा।

## खबर संक्षेप



### हमें स्मार्ट क्रिकेट खेलनी होगी: सैमन्स

**मुंबई।** जिम्बाब्वे के मुख्य कोच जस्टिन सैमन्स जानते हैं कि भारत उनके खिलाफ गुरुवार को टी20 विश्व कप के सुपर आठ मुकाबले में आक्रामक रुख अपनाएगा, लेकिन उनका मानना है कि वेस्टइंडीज से मिली करारी हार से मिले सबक के बाद उनकी कमजोर मानी जाने वाली टीम इस महत्वपूर्ण मैच के लिए पूरी तरह से तैयार रहेगी। सैमन्स ने कहा, 'हम जानते हैं कि भारत किस तरह से खेलेगा और उनका तरीका भी वैसा ही होगा जैसा कि वेस्टइंडीज ने अपनाया। वे (भारत) कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।' उन्होंने कहा, ' इससे हमें अच्छी सीख मिलेगी। हम दबाव से कैसे निपटते हैं, हम कैसे शांत रहते हैं और कैसे तुरंत सोच-समझकर काम करते हैं। हम कैसे बदलाव करने की कोशिश करते हैं और कैसे बल्लेबाजों की लय को बिगाड़ते हैं।'

## मैक्सिकन ओपन

# किप्सन ने किया बड़ा उलटफेर, दो बार के चैंपियन मिनौर को हराया

एजेंसी ▶▶| अकापुल्को

अमेरिका के पैट्रिक किप्सन ने मैक्सिकन ओपन के पहले राउंड में बड़ा उलटफेर किया है। उन्होंने छठी सीड और दो बार के चैंपियन एलेक्स डी मिनौर के खिलाफ 6-1, (4)6-7, 7-6(4) से जीत दर्ज की। यह साल 2024 में इंडियन वेल्स के बाद उनकी पहली टूर-लेवल जीत थी। यह मैक्सिकन टूर्नामेंट में किप्सन का पहला मैच था, इत्तेफाक से उसी हफ्ते उन्होंने अपने करियर की सबसे ऊंची रैंकिंग हासिल की थी। दूसरी ओर, डी मिनौर दो हफ्ते पहले रॉटरडैम में खिताब जीतने के बाद अपना पहला इवेंट खेल रहे थे। किप्सन ने एलेक्स डी मिनौर की सर्विस तोड़कर मैच का पासा पलट दिया। ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी ने आखिरी सेट में 5-4 से जीत हासिल की, और फिर दो घंटे 39 मिनट में एक मुश्किल मुकाबला खत्म किया।



### पैट्रिक ने तीन ब्रेक चांस को पाइंट में बदला

*एटीपी स्टैट्स के मुताबिक, अमेरिकन खिलाड़ी ने अपनी पहली सर्व के बाद शानदार प्रदर्शन किया, जिसमें से 71 प्रतिशत प्वाइंट्स (68 में से 48) हासिल किए, और अपने मौकों का पूरा फायदा उठाते हुए पांच में से तीन ब्रेक चांस को गोल में बदला। मैच के बाद किप्सन ने कहा, मुकाबला जीतकर बहुत अच्छा लग रहा है। सब कुछ जरूरी था। मुझे अच्छी सर्व करनी थी। मुझे अच्छा रिटर्न करना था। मैंने अपना फोरहैंड बहुत जोरदार मारा। किस्मत से, मैं ये चीजें काफी लंबे समय तक कर पाया। किप्सन इस हफ्ते अपने करियर में वर्ल्ड नंबर 103 हैं। वह एटीपी लाइव रैंकिंग में सात पायदान चढ़कर 93वें नंबर पर आ गए हैं। 26 वर्षीय किप्सन 2025 में सर्वाधिक 4 एटीपी चैलेंजर टाइटल जीतने वाले छह खिलाड़ियों में शामिल थे।*



# जम्मू कश्मीर की मजबूत पकड़, पुंडीर का शतक

## रणजी ट्रॉफी फाइनल : पहले दिन जम्मू कश्मीर ने बनाए 2 विकेट पर 284 रन

एजेंसी ▶▶| हुबली

जम्मू-कश्मीर ने केएससीए हुबली क्रिकेट ग्राउंड पर जारी रणजी ट्रॉफी एलीट के फाइनल मुकाबले में पहले दिन के खेल तक अपनी मजबूत पकड़ बना रखी है। मंगलवार को दिन की समाप्ति तक इस टीम ने 2 विकेट खोकर 284 रन बना लिए हैं। टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी जम्मू-कश्मीर की शुरुआत निराशाजनक रही। टीम ने 18 के स्कोर पर कामरान इकबाल का विकेट खो दिया था। इकबाल टीम के खाते में सिर्फ 6 रन ही जुटा सके। इसके बाद यावर हसन ने शुभम पुंडीर के साथ दूसरे विकेट के लिए 139 रन जुटाकर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया।

### प्रसिद्ध एकमात्र सफल गेंदबाज

हसन ने 150 गेंदों का सामना करते हुए 13 चौकों की मदद से 88 रन बनाए। यहां से शुभम पुंडीर ने कप्तान पारस डोगरा के साथ 22 रन की साझेदारी की। कप्तान पुंडीर 9 के स्कोर पर रिटायर्ड हर्ट होकर पवेलियन लौटे, जहां से पुंडीर ने अब्दुल समद के साथ मोर्चा संभाला। दिन की समाप्ति तक दोनों बल्लेबाजों ने 144 गेंदों में 105 रन की साझेदारी कर ली है। पहले दिन के खेल तक शुभम पुंडीर 221 गेंदों में 2 छक्कों और 12 चौकों के साथ नाबाद 117 रन बना चुके थे, जबकि अब्दुल समद ने 67 गेंदों में 1 छक्के और 5 चौकों के साथ 52 रन अपने खाते में जोड़ लिए हैं। कर्नाटक की तरफ से प्रसिद्ध कृष्णा एकमात्र सफल गेंदबाज रहे हैं, जिन्होंने 16 ओवरों में 36 रन देकर 2 विकेट अपने नाम किए।

### ये हैं प्लेइंग इलेवन

**जम्मू-कश्मीर**: कामरन इकबाल, यावर हसन, शुभम पुंडीर, पारस डोगरा (कप्तान), अब्दुल समद, कन्हैया वधावन (विकेटकीपर), आबिद मुश्ताक, औकिब नबी डार, युद्धवीर सिंह चरक, साहिल लोत्रा और सुनील कुमार।

**कर्नाटक** : केएल राहुल, मयंक अग्रवाल, देवदत्त पडिक्कल (कप्तान), करुण नायर, स्मरण रविचंद्रन, श्रेयस गोपाल, कृतिक कृष्णा (विकेटकीपर), विद्याधर पाटिल, विजयकुमार वैशाक, शिखर शेट्टी और प्रसिद्ध कृष्णा।

# प्राग शतरंज महोत्सव : साल की पहली सफलता पर डी. गुकेश की निगाह

एजेंसी ▶▶| प्राग



विश्व चैंपियन गुकेश विश्व कप से जल्दी बाहर होने और टाटा स्टील मास्टर्स में निराशाजनक प्रदर्शन को भुलाकर बुधवार से शुरू होने वाले प्राग अंतरराष्ट्रीय शतरंज महोत्सव में साल का अपना पहला खिताब जीतने की कोशिश करेंगे। दूसरी वरीयता प्राप्त गुकेश को शीर्ष वरीयता प्राप्त जर्मन खिलाड़ी विंसेंट कीमर और उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा, जिनका हाल का प्रदर्शन अच्छा रहा है। कीमर लाइव रेटिंग में चौथे स्थान जबकि अब्दुसत्तोरोव पांचवें स्थान पर हैं। गुकेश 10वें स्थान पर हैं और इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले भारतीय खिलाड़ियों में रेटिंग के मामले में सबसे आगे हैं।

## कराटे के प्रबंधन के लिए गठित हो समिति : खेल मंत्रालय

**नई दिल्ली।** खेल मंत्रालय ने भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) से देश में कराटे के संचालन के लिए एक तदर्थ (एड-हॉक) समिति गठित करने को कहा है क्योंकि कई संगठन इस खेल का राष्ट्रीय महासंघ होने का दावा कर रहे हैं, जिससे /"व्यवस्थित प्रशासन/" प्रभावित हो रहा है और खिलाड़ियों के बीच भ्रम की स्थिति पैदा हो रही है। आईओए अध्यक्ष पीटी उषा को लिखे पत्र में मंत्रालय ने कहा कि कराटे इस वर्ष एशियाई खेलों की सूची में शामिल है, इसलिए इसके सुशासन की संरचना सुनिश्चित करना आवश्यक है। इस स्पर्धा में कुल 56 पदक दांव पर हैं।

# ऑस्ट्रेलिया ने 70 गेंद पहले हासिल किया 214 का लक्ष्य, भारतीय टीम को 6 विकेट से हराया

ब्रिस्बेन। ऑस्ट्रेलिया ने वर्ल्ड चैंपियन भारत को पहले वनडे मुकाबले में छह विकेट से पीट दिया। ब्रिस्बेन में खेले गए मुकाबले में उसे जीत के लिए 215 रन का लक्ष्य मिला था। बेथ मूनी (76) और एलिसा हीली (50) के अर्धशतकों से 70 गेंद पहले ही जीत हासिल कर ली। भारत ने पहले बैटिंग करते हुए 214 रन का स्कोर बनाया था। भारत की तरफ <aसे हरमनप्रीत कौर (53) और स्मृति मांधना (58) ने फिफ्टी बनाई थी। लेकिन ऑस्ट्रेलिया को जीत हासिल करने में कोई दिक्कत नहीं हुई। महिला वर्ल्ड कप 2025 के सेमीफाइनल के बाद यह भारत और ऑस्ट्रेलिया की महिला टीमों के बीच पहला वनडे मुकाबला था। साथ ही यह एलिसा हीली की आखिरी इंटरनेशनल सीरीज भी है। इसमें ऑस्ट्रेलिया ने जबरदस्त अंदाज में खेल दिखाया।

बेथ और एनाबेल ने की शानदार बैटिंग



### हरमनप्रीत-काश्वी ने कराया 200 पार

मांधना ने 68 गेंद का सामना किया और सात चौकों से 58 रन की पारी खेली। उन्हें ताहलिया मैक्ग्रा ने रवाना किया। दीप्ति शर्मा (2) और ऋचा घोष (23) भी लंबी पारी नहीं खेल पाई। छह विकेट पर 140 रन के स्कोर से हरमनप्रीत और काश्वी गौतम (43) ने टीम को उबारा। दोनों के बीच 53 रन की साझेदारी हुई। काश्वी ने तीन चौकों व इतने ही छक्कों से 44 गेंद में 43 रन बनाए और भारत को 200 के पार पहुंचाया। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से सात बॉलर्स ने बॉलिंग की और छह को विकेट मिले। गार्डनर 33 पर तीन विकेट के साथ सबसे सफल रही। मेगन शूट को दो सफलता मिली।

### ऑस्ट्रेलिया के ओपनर्स का आतिशी खेल

लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया को कप्तान हीली और फीबी लिचफील्ड ने शानदार शुरुआत दी। दोनों के बीच 55 रन की साझेदारी हुई। श्री चरणी ने लिचफील्ड को आउट कर भारत को पहली सफलता दिलाई। बाएं हाथ की यह बल्लेबाज छह चौकों से 32 रन बनाकर आउट हुई। अगली गेंद पर जॉर्जिया वॉल भी आउट हो गई, जिससे श्रीचरणी हैट्रिक पर आ गई। लेकिन बेथ मूनी ने कप्तान के साथ मिलकर ऑस्ट्रेलिया को फिर से जीत की पटरी पर डाल दिया।

आम सूचना

ICICI Bank
पंजीकृत कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर, चकली सर्किल के पास, ओल्ड पादरा रोड, वडोदरा- 390 007
कारपोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स मुंबई 400051

स्वर्ण ई-नीलामी सह आमंत्रण सूचना

नीचे उल्लिखित ऋणधारकों को स्वर्ण आभूषण के एवज में आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (आईसीआईसीआई बैंक) से उन्हें उपलब्ध कराई गई ("सुविधा") में बकाया धनराशि को चुकता करने हेतु सूचना जारी की जा चुकी है। चूंकि ऋणधारक सुविधा अन्तर्गत बकाया भुगतान करने में असफल हो चुके हैं, हम 07 मार्च, 2026 को बंधक स्वर्ण आभूषणों की ई-नीलामी व्यवहृत करने को बाध्य हैं। आईसीआईसीआई बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के किसी खाता को हटाने का/ई-नीलामी की तारीख में परिवर्तन करने का अधिकार रखता है। नीलामी ऑनलाईन https://gold.samil.in पर 12:30 बजे अपराह्न से 3:30 बजे अपराह्न के बीच आयोजित की जायेगी। विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए कृपया दी गई वेबसाईट का अवलोकन करें। ऋणधारक की मृत्यु की स्थिति में उसके वैध उत्तराधिकारी पर सभी नियम एवं शर्तें लागू होंगी।

| ऋण खाता संख्या | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| शाखा का नाम: नागरनार | |
| 263962003043 | सुकांति नाथ |
| शाखा का नाम: नारायणपुर | |

| ऋण खाता संख्या | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| 783562000175 | संतोष जायसवाल |
| शाखा का नाम: राजनांदगांव | |
| 062405003088 | भावदीप सिंह भाटिया |

दिनांक: 25.02.2026
स्थान: बस्तर, राजनांदगांव, नारायणपुर
सही – प्राधिकृत अधिकारी
कृते, आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

SBI
स्टेट बैंक ऑफ इंडिया
होम लोन सेंटर, अंबेडकर चौक, बलौदाबाजार (छ.ग.)
(नियम-8 (1) कब्जा सूचना (अचल संपत्तियो के लिये)

अधोहस्ताक्षरकर्ता जो वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनगठित तथा प्रतिभूतिहित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 ( एक्ट 2002 का 54) के अधीन भारतीय स्टेट बैंक होमलोन सेंटर बलौदाबाजार का प्राधिकृत अधिकारी है, प्रतिभूतिहित प्रवर्तन नियम 2002 के नियम 9 के साथ पठित धारा 13 (12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए ऋण लेने वाले निम्नलिखित बकायेदार को निम्नलिखित तारीख को मांग सूचना तथा उसमे उल्लेखित निम्न रकम उक्त सूचना की प्राप्ति की तारीख से 60 दिन के भीतर प्रतिदाय करने की मांग करने के लिए जारी की थी। ऋण लेने वाले के द्वारा रकम का प्रतिदाय करने में असफल रहने पर, ऋणी/ बंधनकर्ता और जन साधारण को यह सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमो के नियम 9 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के अधीन उसे प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा ले लिया है। ऋणी/जमानतकर्ता बंधनकर्ता को विशेष रूप से सर्वसाधारण को समान्यतया एतद् द्वारा चेतावनी दी जाती है कि निम्नलिखित संपत्ति से कोई लेनदेन न करे और उसमे किसी प्रकार का लेनदेन भारतीय स्टेट बैंक होमलोन सेंटर बलौदाबाजार को देय बकाया राशि एवं उस पर ब्याज आदि के प्रभार के अधीन होगा। उधारकर्ता / गारंटर / बंधनकर्ताओ का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्तियो को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों के लिए आमंत्रित किया गया है।

| ऋणी का नाम | संपत्ति का विवरण | मांग सूचना तिथि | बकाया राशि |
|---|---|---|---|
| श्री अतुल कुंडले SHREE ATUL KUNDLEY | संपत्ति के स्वामी- श्री अतुल कुंडले मकान / फ्लेट न.- HIG NO. 14, 4TH फ्लोर, ब्लॉक न. 01, खसरा न.- 73/1 का हिस्सा, प.ह.न.-111, पिरदा, रायपुर साइट- सी चौहद्दी - पूर्व 9 मीटर चौड़ी सड़क पश्चिम- पी. डब्लू. डी. बाइपास रोड उत्तर- 9 मीटर चौड़ी सड़क दक्षिण- खुला मार्ग | मांग सूचना तिथि 16-12-2025; कब्जा की तिथि 19-02-2026 | 23,12,654=00 +ब्याज व अन्य खर्च |

दिनाँक 19-02-2026
स्थान- बलौदाबाजार (छ.ग.)
प्राधिकृत अधिकारी,
स्टेट बैंक ऑफ इंडिया होम लोन सेंटर बलौदा बाजार

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया — Union Bank of India
भारत सरकार का उपक्रम — A Government of India Undertaking
क्षेत्रीय कार्यालय- रायपुर, प्लॉट नं. 71, सेक्टर- 24 अटल नगर, नया रायपुर, रायपुर, छत्तीसगढ़-492018
परिशिष्ट-IV ए [नियम 6(8) के परंतुक को देखें]
अचल संपत्ति की विक्रय हेतु बिक्री सूचना

ई-नीलामी बिक्री सूचना: बैंक में बंधक रखे अचल संपत्तियों का, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति-हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत, प्रतिभूति-हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के सहपठित धारा 8 (6) के तहत विक्रय किया जाना है।

सर्वसाधारण, विशेष रुप से ऋणी एवं जमानतदारों को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जिनका **यूनियन बैंक ऑफ इंडिया** के प्राधिकृत अधिकारी ने **सांकेतिक/भौतिक कब्जा** लिया है, **"जैसा है, जहां है और जैसा है, जो है"** के आधार पर दिनांक **13/03/2026** समय (**प्रातः 11.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक**) पर नीलाम किया जावेगा, जिसका विवरण नीचे दिए अनुसार है। आरक्षित मूल्य एवं बयाना राशि संपत्ति के विरुद्ध नीचे दर्शाये गये तालिका में उल्लेख किया गया है।

| क्र. | उधारकर्ता एवं जमानतदार/शाखा का नाम | सपत्तियों का विवरण | बकाया राशि (रू.) | आरक्षित मूल्य अमानत राशि बोली वृद्धि राशि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | श्री हनुमान पल्सेस पार्टनर रमेश झावर एवं रतन झावर, रमेश झावर, रतन झावर, रितेश झावर, सुनीता झावर, सरस्वती देवी झावर, राधेश्याम गुप्ता/ समता कालोनी शाखा. | **श्रीमती सुनीता देवी झावर** के नाम पर खसरा नं. 884/1, प.ह.नं. 106-बी, वार्ड नं. 17, समता कालोनी, राधा किशन मंदिर के पास, क्षेत्रफल- 1500 वर्गफीट में स्थित प्लॉट नं. 533. | ₹ 12,09,00,000.00 + 01.04.2024 से ब्याज + कानूनी और अन्य शुल्क | ₹ 73.00 लाख<br>₹ 7.30 लाख<br>₹ 0.80 लाख |
| 02 | महेंद्र सिंह चौहान. शाखाः महाराजा चौक, दुर्ग. | **स्वामित्व- महेंद्र सिंह चौहान**, मौजा- कुरुद, वार्ड नं. 16, सुंदर विहार, प्लॉट नं. 7बी, पीसी नं. 14/19, आरआईसी- दुर्ग, तहसील- दुर्ग । क्षेत्रफल 770 वर्ग फीट । | ₹ 22,59,095.91 + 01.01.2025 से ब्याज + कानूनी और अन्य शुल्क | ₹ 23.00 lacs<br>₹ 2.30 lacs<br>₹ 0.20 lacs |
| 03 | मेसर्स पंजाब ऑटो, श्री हरजीत सिंह दुआ, श्री जसप्रीत कौर दुआ शाखा- पण्डरी यूएमएफबी | **श्रीमती जसप्रीत कौर दुआ** के नाम पर ऑर्चिड ब्लॉक नं. 1, भूतल, ग्रीन अर्थ सिटी, ग्राम- अमलेश्वर, पाटन, दुर्ग, छत्तीसगढ़, क्षेत्रफल- 584.22 वर्गफीट में स्थित आवासीय संपत्ति फ्लैट नं. 106. | ₹ 25,82,000.00 + 31.08.2024 से ब्याज + कानूनी और अन्य शुल्क | ₹ 13.20 लाख<br>₹ 1.32 लाख<br>₹ 0.15 लाख |
| 04 | ऋणी- बाबा महंत दास मिताली दास पति बाबा महंत दास शाखाः घड़ी चौक, सुपेला (छ.ग.) | प्लॉट नं. ईडब्ल्यूएस- 115ए, वार्ड नं. 7, फरीद नगर, छ.ग. हाऊसिंग बोर्ड कालोनी, कोहका, भिलाई (छ.ग.) | ₹ 12,88,844.34 + 22.09.2024 से ब्याज + कानूनी और अन्य शुल्क | ₹ 15.00 लाख<br>₹ 1.50 लाख<br>₹ 0.15 लाख |
| 05 | श्री जीतन कुमार एवं लालिमा वर्मा शाखा- दुर्ग | ख.नं. 299/368, 252/151, प.ह.नं. 8, सक्ती नगर, वार्ड नं. 18, दुर्ग, 560 वर्ग फीट में शामिल फ्रीहोल्ड डायवर्टेड भूमि, दो मंजिला भवन की संपत्ति । | ₹ 41.75 लाख + 31.03.2025 से ब्याज + कानूनी और अन्य शुल्क | ₹ 12.50 लाख<br>₹ 1.25 लाख<br>₹ 0.15 लाख |
| 06 | राम अवतार शर्मा पुत्र रमन्ना शर्मा एवं श्रीमती प्रभा शर्मा शाखाः समता कालोनी | **प्रभा शर्मा पति- राम अवतार शर्मा** के नाम पर खसरा नं. 363/1, 364/1, 365/1, पीसी नं. 110/40, गोल्डन ग्लोरी अपार्टमेंट की 5वीं मंजिल, शंकर नगर, वार्ड नं. 29, रायपुर, क्षेत्रफल- 1455 वर्गफीट में स्थित आवासीय फ्लैट नं. बी/504 के समस्त भाग व अंश । | ₹ 44,82,000.00 + 01.04.2024 से ब्याज + कानूनी और अन्य शुल्क | ₹ 36.00 लाख<br>₹ 3.60 लाख<br>₹ 0.40 लाख |

उपरोक्त संपत्तियों पर ऋणभार का विवरण, जैसा कि बैंक को ज्ञात है - ज्ञात नहीं है।
ई-नीलामी की तिथि व समयः 13/03/2026, सुबह 11.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक।

पंजीकरण, लॉगिन एवं बोली नियमों के लिए देखें **ऑनलाइन ई-नीलामी वेब पोर्टल/वेबसाइट https://baanknet.in** के माध्यम से आयोजित की जाएगी, किसी भी विस्तृत पूछताछ के लिए कृपया संपर्क करें: **क्र. 01 के लिएः श्री जितेन्द्र नायक/ मोबा. 7250567881, नं. 02: शिल्पा खुराना/ मोबा. 9755554335, नं. 03: श्री प्रदीप थवाइत/ मोब. 9406455999, नं. 04: श्री प्रदीप बारिक/ मोब. 7077103753, 05: श्री शम्भू कश्यप/ मोबा. 9098931547, नं. 6: श्री जितेन्द्र नायक/ मोबा. 7250567881.**

उधारकर्ताओं और गारंटरों को सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) और नियम 9(1) के तहत वैधानिक 15 दिनों की बिक्री नोटिस के रूप में भी माना जा सकता है।

दिनांकः 24.02.2026,
प्राधिकृत अधिकारी, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया

# दुनिया की वो नदी, जो एक साथ बहती है दो दिशाओं में

ओटावा। नदियां हमेशा से प्रकृति के सबसे बड़े चमत्कारों में से एक रही हैं। ये पहाड़ों से निकलकर समुद्र तक बहती हैं, जीवन देती हैं और कभी-कभी ऐसे रहस्य छुपाती हैं जो सदियों से वैज्ञानिकों को हैरान करते रहे हैं। आमतौर पर नदियां एक ही दिशा में बहती हैं– ऊंचाई से नीचे की ओर, गुरुत्वाकर्षण के नियमों का पालन करते हुए। लेकिन क्या आप जानते हैं कि दुनिया में ऐसी एक नदी है जो एक ही समय में दो अलग-अलग दिशाओं में बहती है? जी हां, ये कोई कल्पना नहीं, बल्कि कनाडा की इचिमामिश नदी का वास्तविक रहस्य है।

स्थानीय भाषा में इसका नाम ही 'पानी जो दोनों तरफ बहता है' रखा गया है। यह नदी कनाडा के जंगलों में बहती है और यहां से पानी एक तरफ हडसन बे की ओर जाता है तो दूसरी तरफ अलग दिशा में। वैज्ञानिक इसे 'रिवर बिफुरकेशन' कहते हैं, जहां एक नदी दो या ज्यादा शाखाओं में बंट जाती है। लेकिन, इचिमामिश का मामला अलग है– यहां ढाल इतनी कम है (0.009 प्रतिशत से भी कम) कि पानी दोनों दिशाओं में कैसे बहता है, ये समझना मुश्किल है। नासा ने भी इस नदी की सैटेलाइट तस्वीरें ली हैं, जो इसकी अनोखी प्रकृति को दर्शाती है।

## साइंटिस्ट भी नहीं सुलझा पाए रहस्य




## क्या कहते हैं वैज्ञानिक?

वैज्ञानिकों के मुताबिक, ये घटना तब होती है जब एक नदी दूसरी नदी का पानी आंशिक रूप से कैप्चर कर लेती है, लेकिन पूरी तरह नहीं। इसे 'इनकम्पलीट रिवर कैप्चर' कहा जाता है। लेकिन, इचिमामिश में ये प्रक्रिया इतनी परफेक्ट है कि पानी दोनों ओर बराबर बहता रहता है। हाल के अध्ययनों में अमेरिका और दक्षिण अमेरिका की कई ऐसी नदियों का जिक्र है जो हाइड्रोलॉजी के नियम तोड़ती नजर आती हैं। जैसे वेनेजुएला और सूरीनाम में कुछ नदियां अप्रत्याशित तरीके से बंटती हैं। लेकिन, इचिमामिश सबसे ज्यादा रहस्यमयी है क्योंकि इसका ढाल न्यूनतम है, फिर भी पानी का प्रवाह मजबूत है। कुछ विशेषज्ञ मानते हैं कि ये प्राकृतिक वर्महोल जैसा है– जहां पानी दो अलग वाटरशेड में बंट जाता है।



## हो चुकी है कई स्टडी

इस राज को सुलझाने के लिए कई स्टडी की जा चुकी है। एक अध्ययन में इसे 'हाइड्रोलॉजिक इक्विवेलेंट ऑफ ए वर्महोल बिटवीन टू गैलेक्सीज' तक कहा गया है। वैज्ञानिकों ने 9 ऐसी अनियमित नदियों और झीलों का विश्लेषण किया, जहां पानी अपेक्षित नियमों के विपरीत बहता है। इचिमामिश इसमें सबसे ऊपर है। भारत में भी ऐसी कहानियां हैं। नर्मदा नदी को उल्टी बहने वाली नदी कहा जाता है– ये पूर्व से पश्चिम की ओर बहती है, जबकि ज्यादातर नदियां पश्चिम से पूर्व जाती हैं। लेकिन. ये 'दो दिशाओं में एक साथ' नहीं बहती है। नर्मदा का रहस्य रिफ्ट वैली से जुड़ा है, जो वैज्ञानिक रूप से समझाया जा चुका है। पौराणिक कथाओं में इसे कुंवारी नदी कहा जाता है, जिसने शादी नहीं की, इसलिए उल्टी दिशा में बहती है। लेकिन, इचिमामिश का मामला अलग है।

---

एक ऐसा अनोखा बार

# ड्रिंक ऑर्डर करने से पहले होता है हेल्थ चेकअप

**बीजिंग**। चीन के शंघाई में एक अनोखा बार खुला है, जहां ड्रिंक देने से पहले ग्राहकों का हेल्थ चेकअप किया जाता है और उनकी सेहत के अनुसार कॉकटेल तैयार की जाती है। यह नया 'पंक वेलनेस' ट्रेंड युवाओं को मौज-मस्ती के साथ सेहत के प्रति जागरूक होने का भी मौका दे रहा है। आज के बड़े शहरों में युवाओं की जिंदगी तेज रफ्तार से दौड़ रही है। लंबे काम के घंटे, कॅरियर का दबाव, देर रात तक जागना और फास्ट फूड जैसी आदतें आम हो चुकी हैं। ऐसे माहौल में लोग थोड़ा सुकून और सेहत दोनों साथ में चाहते हैं। इसी जरूरत को समझते हुए चीन के शहर शंघाई में एक अनोखी शुरुआत हुई है यहां एक ऐसा बार खुला है, जहां ड्रिंक ऑर्डर करने से पहले आपकी सेहत की जांच की जाती है।

शंघाई में कुछ बार ऐसे हैं जहां 'हेल्थ कॉकटेल' देने से पहले पारंपरिक चीनी चिकित्सा के आधार पर लोगों की पल्स जांची जाती है। एक पोस्टग्रेजुएट छात्रा, हेलन झाओ, जब इस बार में पहुंचती हैं तो सबसे पहले वह अपने दोनों हाथ आगे बढ़ाती हैं। डॉक्टर उनकी पल्स देखकर उनके शरीर की स्थिति समझते हैं।



## पंक वेलनेस का बढ़ता चलन

आज के युवा पंक वेलनेस नाम की सोच को अपना रहे हैं। इसका मतलब होता है व्यस्त और तनाव भरी जिंदगी के बीच भी सेहत को पूरी तरह नजर अंदाज ना करना। 26 वर्षीय झाओ बताती हैं कि उनकी जिंदगी आम युवाओं जैसी ही है। देर रात तक काम करना और बाहर का खाना खाना। लेकिन, काम के बाद एक ड्रिंक लेते समय अगर उन्हें अपनी सेहत के बारे में थोड़ी जानकारी भी मिल जाए तो उन्हें सुकून और उम्मीद दोनों मिलते हैं। युवाओं के लिए यह जगह सिर्फ मौज-मस्ती का स्थान नहीं, बल्कि अपनी सेहत के प्रति जागरूक होने का एक नया तरीका बनती जा रही है।

## पारंपरिक चिकित्सा और शराब का पुराना रिश्ता

बार के टीसीएम विशेषज्ञ बताते हैं कि जड़ी-बूटियों और शराब का मेल कोई नई बात नहीं है। पारंपरिक चीनी चिकित्सा में मेडिसिनल वाइन यानी औषधीय शराब का जिक्र काफी पुराना है। हालांकि, वह साफ करते हैं कि इस बार का मकसद किसी बीमारी का इलाज करना नहीं है। इसका उद्देश्य सिर्फ लोगों को अपनी सेहत के प्रति जागरूक बनाना है। यहां दी जाने वाली ड्रिंक्स एक तरह से स्वास्थ्य जागरूकता का संदेश देती हैं।

---

स्पेसक्राफ्ट को चांद पर उतरना था

# धरती पर बैठे-बैठे कैसे जिंदा जल गए तीन एस्ट्रोनॉट्स?

**मास्को**। पहली बार चांद पर उतरने की तैयारी थी। एक डेडलाइन थी। साइंटिस्ट दिन रात काम कर रहे थे। यान का टेस्ट हो रहा था। तीन एस्ट्रोनॉट्स अंदर बंद किए गए। ऑक्सीजन फुल थी। पावर अंदर वाली चालू थी। सारा कुछ चांद जैसा। अचानक एक एस्ट्रोनॉट की सीट के नीचे कुछ हुआ... तीनों एस्ट्रोनॉट्स जिंदा जल गए। अब एक बार फिर जब इंसान धरती पर कदम रखने के लिए बेकरार है तो टेस्ट की भेंट चढ़े उन तीन एस्ट्रोनॉट्स को नहीं भूलना चाहिए, जो अपनी जान देकर भविष्य के मून मिशन की नींव तैयार कर गए।

बात उस समय की है जब 1961 में सोवियत संघ (आज के रूस) ने दुनिया का पहला सैटलाइट लॉन्च किया था। यूरी गागरीन स्पेस में जाने वाले पहले इंसान बने। अमेरिका के राष्ट्रपति जॉन केनेडी को यह सब अच्छा नहीं लगा। वह एक्सीलेरेटर तेज कर अमेरिका को आगे ले जाना चाहते थे। उसी साल उन्होंने संसद में घोषणा कर दी कि हम इसी दशक में चांद पर उतरेंगे और वापस धरती पर आएंगे। अपोलो 8 मिशन के बिल एंडर्स एक इंटरव्यू में बताते हैं कि अमेरिकी टेक्नोलॉजी को सुप्रीम कैसे दिखाया जाए, इसको लेकर काफी प्रेशर था। अमेरिकी टैक्सपेयर्स खासतौर से आयोवा के संपन्न किसान चाहते थे कि अमेरिका जीते।






## 7 दिन 12-12 घंटे की शिफ्ट में काम

किसी ने ऐसा कुछ पहले नहीं उड़ाया था। एक ऐसे विशालकाय रॉकेट को तैयार करना था जो एस्ट्रोनॉट्स की स्पेसशिप को धरती की कक्षा से बाहर पहुंचा सके। स्पेसशिप में ही कमांड, सर्विस मॉड्यूल और सबसे मुश्किल लुनार मॉड्यूल को बनाना था। लुनार मॉड्यूल में बैठकर एस्ट्रोनॉट्स चांद की सतह पर उतरने जा रहे थे, जो मदरशिप से निकलकर चांद पर लैंड करता। जैसे-जैसे देरी हो रही थी, साइंटिस्टों पर दबाव बढ़ रहा था। वे सातों दिन 12-12 घंटे की शिफ्ट कर रहे थे। वे बहुत तेज काम करने लगे थे।

## अंदर काफी तारों के बंडल थे

एक दिन लॉन्चपैड पर अपोलो-वन कैप्सूल क्रेन से लाया गया. अपोलो कमांड और सर्विस मॉड्यूल का टेस्ट किया जाना था। मिशन के लीडर गस ग्रीसम थे। स्पेस में उड़ने वाले वह दूसरे अमेरिकी थे। जब उन्होंने अपने स्पेसक्राफ्ट की जांच की तो निराश हो गए। साथी एस्ट्रोनॉट जॉन यंग ने उनसे कहा कि खराब वायरिंग की आप शिकायत कीजिए। उन्होंने कहा कि ये देखिए यहां तारों के बंडल हैं। ये इधर-उधर लपेटे गए हैं, लेकिन गस ने कहा कि अगर मैं कुछ भी शिकायत करूंगा तो वे मुझे निकाल देंगे। गस को तब समझ में नहीं आया कि उनकी जान खतरे में है। तीनों एस्ट्रोनॉट्स का ग्रुप फोटो लिया गया। 27 जनवरी को गस ग्रीस अपोलो 1 के क्रूमेट्स से मिले. उन दोनों का नाम था- एड वाइट, रोजर चैफी।

## तीन बिल्डिंग में बात नहीं कर पा रहे...

गस ग्रीसम ने झल्लाते हुए कहा कि अगर हम तीन बिल्डिंग्स के बीच बात नहीं कर पा रहे हैं तो चांद पर कैसे जा रहे हैं? जीसस क्राइस्ट। वे अंदर इंतजार करते रहे कि वर्कर्स जल्द ही रेडियो ठीक कर देंगे तभी बड़ा हादसा हो गया। ग्रीसम की सीट के नीचे एक तार में स्पार्क हुआ और आग लग गई। ऑक्सीजन से भरा यान अंदर ही अंदर जलने लगा। उस समय शाम के 6.31 बजे थे। शुक्रवार का दिन था। बाकी साइंटिस्ट कैमरा मॉनिटर में आग की लपटें देख रहे थे। कुछ ही देर में धमाका हो गया। तीनों एस्ट्रोनॉट्स की मौत हो गई। इस तरह से अपोलो 1 मिशन भयानक त्रासदी में खत्म हो गया। आगे मॉड्यूल के डिजाइन में भारी बदलाव किए गए। 20 जुलाई 1969 को आखिरकार नील आर्मस्ट्रांग और बज एल्ड्रिन ने चांद पर कदम रखा। वो सफल मिशन अपोलो 11 था।

---

# जकार्ता में सजता है सांप के मीट का सबसे बड़ा बाजार



**जकार्ता**। इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता में एक ऐसा बाजार है जो दुनिया भर में अपनी अनोखी और शॉकिंग वजह से मशहूर है। यहां सांप के मीट का सबसे बड़ा और खुला बाजार लगता है। मंग्गा बेसर इलाके की सड़कों पर शाम ढलते ही स्टॉल्स सज जाते हैं, जहां जिंदा कोबरा और दूसरे सांप बिकते हैं। लोग अपनी मर्जी से सांप को कटवाते हैं।

यह बाजार ना सिर्फ लोकल लोगों के लिए, बल्कि चाइनीज और दूसरे एशियाई पर्यटकों के बीच भी काफी पॉपुलर है, क्योंकि यहां कोबरा, कोबरा ब्लड शॉट्स और कोबरा पकोड़े जैसी चीजें मिलती हैं। यह सब कैसे शुरू हुआ? दक्षिण-पूर्व एशिया में सांप का मीट और खून सदियों से पारंपरिक दवा के रूप में इस्तेमाल होता रहा है। लोग मानते हैं कि कोबरा का खून स्टैमिना बढ़ाता है, पित्त त्वचा रोग ठीक करता है और मीट एनर्जी देता है। जकार्ता में ये कल्चर काफी मजबूत है, खासकर मंग्गा बेसर जैसे इलाकों में जहां स्ट्रीट वेंडर्स शाम 5-6 बजे से रात 2 बजे तक स्टॉल लगाते हैं।

## इतनी है कीमत

एक सेट मेन्यू में कोबरा, ब्लड और बाइल (पित्त) मिलता है, जिसकी कीमत करीब 90,000 से 300,000 इंडोनेशियन रुपिया (लगभग 500-2000 रुपए) होती है। किंग कोबरा पैकेज महंगा पड़ता है, क्योंकि ये जहरीला और दुर्लभ माना जाता है। हाल ही में वीडियो वायरल हुआ, जिसमें जकार्ता के एक रोडसाइड स्टॉल पर कोबरा पकोड़े, स्नेक ब्लड और नूडल जैसी डिशेज दिखाई गई। वीडियो में साफ दिखता है कि क्रेट में जिंदा सांप रखे हैं और कस्टमर की डिमांड पर उन्हें तुरंत काटकर तैयार किया जाता है।

---





# किचन में लटक रही थी दोस्त' की लाश, 10 महीने तक 20 किलो इंसानी मांस डकार गया शैतान

**बर्लिन**। जर्मनी के एक नरभक्षी ने एक शख्स की हत्या करने के बाद 10 महीने तक उसका मांस खाया। उसने लाश के टुकड़ों को फ्रीजर में रखा और उन्हें वाइन के साथ परोसता था। पूछताछ में उसने जो 9 शब्द कहे, उसने पुलिस वालों के भी होश उड़ा दिए। दुनिया में अपराध की कई कहानियां सुनी होंगी, लेकिन जर्मनी के रोटेनबर्ग में रहने वाले आर्मिन मेइवेस की दास्तां सुनकर पत्थर दिल इंसान की भी रूह कांप जाए। कल्पना कीजिए एक ऐसे पड़ोसी की जो अपनी लॉन की घास काटता है, पड़ोसियों की कार ठीक करने में मदद करता है और बेहद शांत स्वभाव का है, लेकिन उसके घर के बंद दरवाजों के पीछे एक ऐसा शैतान छिपा है, जो इंसानी मांस का भूखा है। आर्मिन मेइवेस ने न केवल एक इंसान की हत्या की, बल्कि 10 महीनों तक उसकी लाश के टुकड़ों को बड़े चाव से पकाया और रेड वाइन के साथ परोसा। इस मामले ने पूरे यूरोप को हिलाकर रख दिया था, खासकर तब जब हत्यारे ने पुलिस के सामने वे 9 खौफनाक शब्द कहे, जिसने सबको सन्न कर दिया। यह काली दास्तां साल 2001 में शुरू हुई, जब कंप्यूटर तकनीशियन आर्मिन मेइवेस ने इंटरनेट के एक डार्क फोरम पर एक विज्ञापन दिया।

विज्ञापन में उसने किसी ऐसे शख्स की तलाश के बारे में लिखा, जो खुद को 'खाने की इजाजत दे सके। हैरान करने वाली बात यह है कि बर्लिन के एक इंजीनियर बर्न्ड ब्रैंड्स ने इस खौफनाक सौदे को स्वीकार कर लिया. दोनों के बीच ऑनलाइन लंबी बातचीत हुई और फिर ब्रैंड्स खुद चलकर मौत के उस घर में पहुंच गया, जहां उसका अंत लिखा था। मेइवेस ने इस पूरी वारदात को कैमरे में रिकॉर्ड किया, ताकि वह अपने इस 'सपने' को बार-बार देख सके। वारदात की शुरुआत इतनी घिनौनी थी कि सख्त से सख्त पुलिस अधिकारियों का भी जी मिचल जाए।







हरिभूमि कम्युनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com